राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 288
लखनऊ, शनिवार 20 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं की सुनीं समस्यायें 10

उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में भाजपा की पुनः बनेगी सरकार : केशव 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,46,010/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,33,850/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 10,954/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### शोपियां में तीन लोग हिरासत में, ग्रेनेड व विस्फोटक बरामद

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास विस्फोटक और संदिग्ध सामग्री बरामद की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने शोपियां के पुडसू इलाके में एक अभियान चलाया और बेगम गांव के तीन निवासियों को हिरासत में लिया। इन लोगों के पास से दो ग्रेनेड, हिजबुल मुजाहिदीन के चार पोस्टर, 2.5 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री और चार मोबाइल फ़ोन भी बरामद किए गए।

### टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर राज्यों को सघन स्क्रीनिंग के निर्देश

**नई दिल्ली।** देश को टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय वर्चुअल समीक्षा बैठक की। कर्तव्य भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने राज्यों को स्पष्ट कहा कि टीबी का एक भी मरीज छूटना नहीं चाहिए, हर संभावित मरीज की पहचान सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाना सभी प्रयासों का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने राज्यों से अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने और छूटे हुए मरीजों तक पहुंचने का आह्वान किया। जे पी नड्डा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को जल्द से जल्द टीबी मुक्त भारत बनाना है, जिसके लिए राज्यों, स्वास्थ्यकर्मियों, स्वयंसेवकों और समाज के सभी वर्गों के सहयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### एनसीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा मार्गदर्शन के लिए प्रोजेक्ट सुपर 50 किया शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में सिविल सेवा परीक्षा मार्गदर्शन कार्यक्रम प्रोजेक्ट सुपर 50 का सफलतापूर्वक शुरू किया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य विषय (थीम) मार्गदर्शन, सलाह देना और सशक्तिकरणे रखा गया था। यह परियोजना अनुसूचित जाति (एससी) के युवाओं को शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा और ठोस कदम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेना रेड्डी नल्लू ने देश के संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर के दृष्टिकोण और विजन का आह्वान किया।

### कथित गर्ल फ्रेंड अनुष्का के भाई की शिकायत पर तेज प्रताप के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पटना।** बिहार में उस वक्त राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया, जब कोर्ट के आदेश पर जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव के खिलाफ पाटलिपुत्र पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। तेज प्रताप यादव के खिलाफयह मुकदमा अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव ने दर्ज कराया है। अनुष्का यादव का नाम सार्वजनिक रूप से तेज प्रताप यादव के साथ जोड़ा जाता रहा है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। एएसपी (कानून-व्यवस्था) दिव्यांजलि जायसवाल के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है और उन्होंने सबूत के तौर पर एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी है।

# अमेरिका-ईरान के बीच होने वाली वार्ता टली

▸ समझौते पर छाए आशंका के बादल

**एजेंसी, तेहरान।**



ईरान ने इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच जारी लड़ाई और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की टिप्पणियों का हवाला देते हुए स्विट्जरलैंड में अमेरिकी अधिकारियों के साथ सीधे बातचीत शुरू करने की अपनी योजना को फिलहाल टाल दिया है। ईरान का तर्क है कि ये हमले अमेरिका के साथ हुए उसके अंतरिम समझौते का उल्लंघन करते हैं।

उल्लेखनीय है कि यह बातचीत इस सप्ताह की शुरुआत में दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में तय की गई अगले चरण की वार्ताओं के हिस्से के रूप में शुक्रवार से शुरू होने वाली थी। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को अपनी स्विट्जरलैंड यात्रा टाल दी थी। इस पर व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया कि यह देरी प्रशासनिक कारणों से हुई है और बातचीत अभी भी समझौते के तहत तय की गई 60 दिनों की समय सीमा के भीतर होने की उम्मीद है।

लेबनान के दक्षिणी हिस्से में गुरुवार रात और शुक्रवार को हुए इजरायली हमलों में कम से कम 18 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट है। ईरान समर्थित सशस्त्र समूह और राजनीतिक आंदोलन हिजबुल्ला ने इन झड़पों को हाल के महीनों की सबसे भीषण लड़ाई बताया है।

इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने रात भर दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के 80 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। इजरायली सेना के आधिकारिक बयान के अनुसार, लेबनान में उसकी इस ताजा कार्रवाई ने हिज्बुल्लाह के कमान केंद्रों, लड़ाकू चौकियों, प्रक्षेपण स्थलों और ईरान समर्थित इस सशस्त्र समूह से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया। इजरायली रक्षा बलों के अनुसार, इस अभियान में हिज्बुल्लाह के दर्जनों लड़ाके मारे गए। सेना ने इसे युद्धविराम के बार-बार और लगातार किए जा रहे उल्लंघनों के खिलाफ एक जवाबी कार्रवाई बताया है। इस नए सिरे से भड़की हिंसा ने अमेरिका और ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के आसपास अनिश्चितता को बहुत बढ़ा दिया है। ईरानी अधिकारियों का तर्क है कि लेबनान में इजरायली सेना के लगातार सैन्य अभियान समझौता ज्ञापन में रेखांकित प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन हैं, जिससे बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रयासों में मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

### अमेरिका के साथ भविष्य में होने वाली कोई भी सीधी बातचीत ईरान की शर्तों व राष्ट्रीय हितों के अधीन होगी : गालिबाफ

ईरानी संसद के अध्यक्ष और मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बगेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका के साथ भविष्य में होने वाली कोई भी सीधी बातचीत ईरान की शर्तों और राष्ट्रीय हितों के अधीन होगी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के एक बयान के अनुसार, श्री गालिबाफ ने कहा कि जैसा कि हमने पूरी बातचीत की प्रक्रिया के दौरान दिखाया है, हम अपनी शर्तों, अपनी लक्ष्मण रेखा और ईरानी राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अगर दुश्मन उन सीमाओं को पार करने की कोशिश करता है, तो हमने पहले ही दिखा दिया है कि हमारी उंगली ट्रिगर पर है और हम मुंहतोड़ जवाब देने में बिल्कुल संकोच नहीं करेंगे। यह देरी ऐसे समय में हुई है जब इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लड़ाई तेज हो गई है, जिससे अमेरिका-ईरान समझौते के सामने पहली बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

# मोदी ने भारत रोजगार योजना के तहत 2400 करोड़ रुपये की राशि की वितरित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



▸ सरकार युवाओं को सशक्त बनाने तथा देशभर में रोजगार बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की और युवाओं को सशक्त बनाने तथा देशभर में रोजगार सृजन को गति देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी।

श्री मोदी ने इस रोजगार योजना से जुड़े लाभार्थियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को सशक्त बनाने तथा देशभर में रोजगार बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सरकार की प्रमुख रोजगार-संबद्ध प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करती है। इस प्रोत्साहन ने देशभर में 15 लाख रोजगार अवसरों के सृजन में सहायता की है। फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से सुबह लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कहा कि देश के युवाओं को उनकी प्रतिभा, कौशल और क्षमता के लिए वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि विश्व भारतीय युवाओं की क्षमताओं को लगातार स्वीकार कर रहा है और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक युवा अपनी क्षमता को सफलता में बदल सके।

# अयोध्या में योगी बोले- एसआईटी कर रही जांच, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



▸ एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है

▸ एसआईटी की रिपोर्ट आने तक ऐसी कोई बयानबाजी न हो, जो रामभक्तों की भावनाओं को आहत करती हो

▸ सीएम ने किया 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रकरण पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाले, रामभक्तों पर लाठी-गोली चलाने वाले उपदेश दे रहे हैं। अयोध्या को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से जो जानकारी मिली, उसके बाद ट्रस्ट के अनुरोध पर हमने एसआईटी जांच बैठाई है। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आने तक ऐसी कोई बयानबाजी न हो, जो रामभक्तों की भावनाओं को आहत करती हो। यदि किसी के पास डाक्यूमेंट्री प्रूफ हो तो एसआईटी को उपलब्ध करा दें। योगी ने रामभक्तों से विनम्र अपील की कि प्रभु राम ने हमें मर्यादित रहने का आचरण दिया है, इसलिए मर्यादा का पालन करना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने प्रभु के स्थान के लिए मर्यादित रहते हुए 500 वर्षों तक संघर्ष किया है, 15 दिन और इंतजार कर लें। अगर कोई अपराधी है तो यह सुनिश्चित है कि वह कोई भी हो, बचेगा नहीं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय समेत 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को बदनाम और रामजन्मभूमि मंदिर को अपमानित करने वालों के बहकावे में न आएं। ये लोग कभी नहीं चाहेंगे कि अयोध्या सम्मान पाए, क्योंकि क्षमता विहीन इन लोगों ने तो कुछ किया नहीं। जिन लोगों ने अयोध्या को बिजली नहीं दी और संकरी गलियों में बांधकर रखा, वे लोग आज दुष्प्रचार कर सप्तपुरियों में प्रथम अयोध्या को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने, राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने, न्यायालय में अधिवक्ता खड़ा करके राममंदिर निर्माण में रोड़े अटकाने, रामभक्तों को अपमानित करने और माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले उपदेश देना बंद करें। एसआईटी की रिपोर्ट आने तक कतई बयानबाजी न करें, यह जांच को प्रभावित करती है। जांच के बाद किसी भी पक्ष को बात कहनी है तो एसआईटी तैयार रहेगी, लेकिन चरित्र हनन व अयोध्या को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास न करें।

मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने अब तक राम मंदिर के दर्शन नहीं किए और अपने विधायकों को भी अयोध्या आने से रोका। प्रदेश सरकार के मंत्री मनोज पांडेय ने जब बतौर सपा विधायक प्रस्ताव रखा कि अयोध्या में सभी विधायकों को दर्शन करने जाना चाहिए तो हमने इसे स्वीकार किया, लेकिन अखिलेश यादव ने मना कर दिया। कहा कि कोई दर्शन करने नहीं जाएगा। उनकी भक्ति राम के प्रति नहीं है, वह बाबर की पूजा करने वाले लोग हैं। राम का स्मरण करने पर सपा ने मनोज पांडेय को अपमानित कर बाहर कर दिया। अयोध्या से परहेज करने वाले ये लोग सिर्फ बदनाम करने की नीयत रखते हैं। योगी ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए कहा कि भगवान राम का मंदिर न बनने पाए, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र दिया था कि राम तो हुए ही नहीं। जिसने आपके सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वह कांग्रेस आज अयोध्या पर मचल रही है। कह रही है कि रामभक्तों का अपमान हो रहा है। जब कांग्रेस ने जगत नियंता राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा किया, तब रामभक्तों का अपमान नहीं हुआ? कारसेवकों पर गोली चलाने और जय श्रीराम बोलने पर लाठियां भांजने वाली समाजवादी पार्टी रामभक्तों के अपमान की बात कह रही है, उपदेश दे रही है।

### सीएम ने 4901.65 करोड़ के कार्य प्रस्तावों को दी मंजूर

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महज़ तेरह दिनों बाद फिर गोंडा का दौरा किया। उन्होंने अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 33 विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन भी देखा। इसमें प्रमुख रूप से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ धाम संग अन्य धार्मिक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया। मुख्यमंत्री को देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क, पुल, सेतु और अन्य आधारभूत विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

### अयोध्या के भव्य स्वरूप को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे रामविरोधी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का सोलर सिटी बनना, फोरलेन कनेक्टिविटी, महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट, निषादराज के नाम पर रैन बसेरा, मां शबरी के नाम पर भोजनालय, सरयू के आंचल में बनी राम की पैड़ी, पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा का भव्य स्वरूप सपा व कांग्रेस को अच्छा नहीं लगता। रामविरोधी लोग अयोध्या के भव्य स्वरूप को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं।

# पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े दो संदिग्ध गिरफ्तार

**बुलंदशहर/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुहम्मद उमर  फैजान

▸ संवेदनशील स्थलों की रेकी जैसी गतिविधियों में संलिप्त थे संदिग्ध

उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड (एटीएस) ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल दो संदिग्धों को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार अभियुक्त सोशल मीडिया के माध्यम से स्लीपर सेल तैयार करने, भय एवं आतंक का माहौल उत्पन्न करने का प्रयास करने तथा संवेदनशील स्थलों की रेकी जैसी गतिविधियों में संलिप्त थे।

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि

पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी एवं आबिद जट्ट के आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश एटीएस ने बुलन्दशहर से इस नेटवर्क से जुड़े दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पकड़े गए संदिग्धों की पहचान बुलंदशहर के ग्राम अकबरपुर निवासी मोहम्मद उमर और फैजान के रूप में हुई है। एटीएस की शुरुआती जांच और इनपुट के अनुसार, ये दोनों आरोपित बुलंदशहर में पहचान छुपाकर स्लीपर सेल के रूप में रह रहे थे। सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि ये दोनों सीधे तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादी शहजाद भट्टी और हैंडलर्स आबिद जट के संपर्क में थे। आरोपितों को पाकिस्तानी डॉन आबिद जट्ट के पोस्टर बुलंदशहर के कई इलाकों में लगाने और उनके वीडियो बनाकर भेजने का काम दिया गया था। इसके बदले उन्हें रुपये मिलने थे। इनका मकसद लोगों में डर और दहशत का माहौल बनाना था। दोनों को आर्मी कैंट जैसी संवेदनशील जगहों की रेकी का भी टास्क दिया गया था। आरोपितों के पास से आबिद जट्ट के पोस्टर, पोस्टर लगाते समय बनाए गए वीडियो और अन्य डिजिटल सबूत मिले हैं। एटीएस और सुरक्षा जांच एजेंसी दोनों आरोपितों से आगे की पूछताछ कर रही है। सुरक्षा एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इन दोनों संदिग्धों को पाकिस्तान से क्या निर्देश मिल रहे थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इनके नेटवर्क से और कौन-कौन से लोग जुड़े हुए हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में कई और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

# 50,000 करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य समय से पहले हासिल करेंगे : राजनाथ

▸ देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा : रक्षा मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और तीन लाख करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादन तथा 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात के लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर लिया जायेगा।

श्री सिंह ने शुक्रवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ यंत्र इंडिया लिमिटेड की आयुध निर्माणी अंबाझरी इकाई में अत्याधुनिक 10,000 टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न प्रेस के भूमि पूजन के अवसर पर यह बात कही।

उन्होंने कहा है कि निगमीकरण के बाद आयुध निर्माणी बोर्ड का उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 में 26,282 करोड़ रुपए तक पहुँच गया जो वित्त वर्ष 2019-20 में 12,755 करोड़ रुपए था।

### राहुल के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस के रोजगार मेले में उमड़ी हजारों बेरोजगार युवाओं की भीड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में मेगा रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया, जिसमें हजारों युवाओं ने भाग लिया और बड़ी संख्या में युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने कहा कि रोजगार मेले में टाटा एआईए, फ्लिपकार्ट, जिप्टो, वोल्टास, टेक महिंद्रा, पेटीएम, आदित्य बिरला, हिताची और अर्बन क्लैप समेत करीब 150 निजी कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने दावा किया कि लगभग 30 हजार युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया, जबकि नौ हजार से अधिक युवाओं ने मौके पर पंजीकरण कराया।

# टेलीग्राम पर अस्थायी बैन बरकरार, दिल्ली हाईकोर्ट ने सही ठहराया सरकार का फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नीट री-एग्जाम से पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम ऐप प्लेटफॉर्म पर सरकार के अस्थायी बैन के फैसले को सही ठहराया है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अस्थायी बैन के खिलाफ दायर टेलीग्राम की याचिका को भी खारिज कर दिया।

दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस तेजस कारिया की सिंगल बेंच ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर अपना फैसला दिया। जस्टिस तेजस करिया ने कहा, सरकार का आदेश सही है। आईटी एक्ट के सेक्शन 69ए के तहत किसी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया जा सकता है। सरकार ने परीक्षा में पेपर लीक और संगठित नकल गिरोहों से जुड़े मामलों की आशंका के चलते टेलीग्राम पर 22 जून तक अस्थायी बैन लगाया है। चिंताएं थीं कि नीट-यूजी विवाद में शामिल संगठित नकल करने वाले नेटवर्क इसका इस्तेमाल कर रहे थे। बड़े पैमाने पर पेपर लीक और गड़बड़ियों के आरोपों के बाद मूल नीट परीक्षा रद्द होने के बाद सरकार ने इस पर बैन का फैसला लिया। साथ ही, 30 जून तक पहले से भेजे गए संदेशों को एडिट करने की सुविधा भी बंद करने का आदेश दिया गया। ये पाबंदियां नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की सिफारिशों के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत जारी निर्देशों के आधार पर लगाई गई थीं। हालांकि, टेलीग्राम ने सरकार के फैसले का विरोध किया और इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। टेलीग्राम की ओर से अदालत में कहा गया कि कानून इस तरह के भेद का प्रावधान नहीं करता। टेलीग्राम ने केंद्र सरकार के आदेश को कानूनी खामियों से ग्रस्त बताते हुए कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से अंतरिम निर्देश की पुष्टि करने की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि टेलीग्राम के आर्किटेक्चर और परीक्षा से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों में इसके बार-बार गलत इस्तेमाल के कारण अधिकारियों के पास इमरजेंसी ब्लॉकिंग शक्तियों का इस्तेमाल करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था।

तैयारी | दो बड़ी सरकारी भर्तियों का ऐलान

# शुरू हो गई है लोवर पीसीएस की प्रक्रिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





यूपी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे लाखों अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का मौका है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूपीएसएसएससी ने राज्य में दो बड़ी भर्तियों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन दोनों भर्तियों के माध्यम से राज्य के हजारों योग्य अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में शामिल होने और अपना भविष्य संवारने का बेहतरीन मौका मिलेगा। आयोग की तरफ से जारी की गई इन भर्तियों में पहली बड़ी भर्ती संयुक्त लोअर सबऑर्डिनेट सर्विसेज मुख्य परीक्षा की है। युवाओं को आकर्षित करने वाली दूसरी बड़ी भर्ती ब्लॉक ऑर्गेनाइजर और प्लाटून कमांडर के पदों के लिए निकाली गई है।

आयोग ने साफ किया है कि दोनों भर्तियों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। यूपीएसएसएससी की ओर से निकाली गई लोअर सबऑर्डिनेट सर्विसेज मुख्य परीक्षा 2026 के तहत राज्य सरकार के विभागों में कई रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाने वाली हैं। इस भर्ती के तहत पहले जितने पदों का ऐलान किया गया था, अब उसमें बड़ा संशोधन करते हुए पदों की संख्या को काफी बढ़ा दिया गया है। पहले जहाँ इस भर्ती में 2285 पद तय किए गए थे, वहीं अब इसे संशोधित करके कुल 2587 पद कर दिया गया है। भर्ती अभियान के जरिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में क्लर्क, अकाउंट इंस्पेक्टर और एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ईओ समेत कई अन्य प्रशासनिक पदों पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। लोअर पीसीएस भर्ती के लिए आवेदन के उम्मीदवारों को तारीखों का विशेष ध्यान रखना होगा। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से शुरू हो चुकी है। योग्य उम्मीदवार अपनी पूरी डिटेल के साथ 25 जून तक ऑनलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं। किसी उम्मीदवार के फॉर्म में कोई गलती हो जाती है, तो उसे सुधारने या संशोधन करने की आखिरी तारीख 2 जुलाई है। दूसरा बड़ा नोटिफिकेशन होमगार्ड मुख्यालय अंतर्गत आने वाले पदों के लिए है। इस भर्ती के माध्यम से विभाग में ब्लॉक ऑर्गेनाइजर और प्लाटून कमांडर के महत्वपूर्ण पदों को भरा जाएगा।

इस विशेष भर्ती अभियान के तहत विभाग में 295 रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां होनी हैं। इन सुरक्षा और प्रशासनिक महत्व वाले पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य है। भर्ती में केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि शारीरिक दक्षता मायने रखेगी। योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम चयन मुख्य लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों और उसके बाद शारीरिक परीक्षण के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 जून से शुरू है। अभ्यर्थी भर्ती के लिए 6 जुलाई तक ऑनलाइन मोड में आवेदन दर्ज करा सकते हैं। आवेदन के बाद फीस या फॉर्म में आवश्यक सुधार के लिए आखिरी तारीख 13 जुलाई है।

# आयुक्त सभागार के बाहर धरने पर बैठे अधिवक्ता

- मुकदमे वापस लेने की मांग
- वकीलों ने लगाया योगी-मोदी मुर्दाबाद के नारे, कहा-डीएम गोंडा वापस जाओ

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक के बीच शुक्रवार को गोंडा में वकीलों ने जमकर हंगामा किया। आयुक्त सभागार में सीएम अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, वहीं बाहर भारी संख्या में अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर डट गए। महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी के कर कमलों से कराया गया ।

बार एसोसिएशन के बैनर तले जुटे वकीलों की मुख्य मांग थी कि उन्हें मुख्यमंत्री से मुलाकात का अवसर दिया जाए, ताकि वे अपनी समस्याएं सीधे सीएम के सामने रख सकें। प्रदर्शन के दौरान माहौल तब गर्मा गया जब आक्रोशित वकीलों ने डीएम वापस जाओ के जोरदार नारे लगाने शुरू कर दिए। वकीलों ने साफ तौर पर मांग की कि अधिवक्ताओं पर दर्ज किए गए मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। अपनी मांग को लेकर बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष तपती और चिलचिलाती धूप में सभागार के बाहर जमीन पर ही धरने पर बैठ गए। अन्य वकील भी उनके समर्थन में डटे रहे।



### प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा कड़ी

मुख्यमंत्री की बैठक के चलते प्रशासनिक अमले में हड़कंप की स्थिति रही। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच वकील अपनी बात पर अड़े रहे। पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को सभागार से दूर रखने के लिए बैरिकेडिंग की थी। प्रशासन के आला अधिकारी वकीलों को समझाने-बुझाने में जुटे रहे, लेकिन अधिवक्ता सीएम से मुलाकात की जिद पर अड़े रहे। देर शाम तक धरना जारी था। अंत में जिला प्रशासन ने वकील समाज के दोनों बार के अध्यक्षों व महामंत्रियों के साथ महाराजा सुहेलदेव सभागार में मुलाकात कराई ।

# दो दिवसीय प्रवास पर गोण्डा आएंगे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष

- जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से मिलेंगे राजेश वर्मा
- योग दिवस पर गोण्डा में करेंगे योगाभ्यास

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) एवं पूर्व सांसद राजेश वर्मा शनिवार को जनपद गोण्डा के दौरे पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे तथा जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। अगले दिन वह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजेश वर्मा शनिवार अपराह्न 4 बजे लखनऊ से सड़क मार्ग द्वारा बाराबंकी एवं रामनगर होते हुए गोण्डा के लिए प्रस्थान करेंगे। उनका आगमन सायं 6:30 बजे सर्किट हाउस गोण्डा में प्रस्तावित है। गोण्डा पहुंचने के बाद वह सायं 7 बजे जिलाधिकारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। इसके उपरांत रात्रि 8 बजे वह जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर क्षेत्रीय विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस गोण्डा में होगा। 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

# अवैध कब्जे की शिकार मंडल आयुक्त कार्यालय की जमीन

- नगर पालिका के रजिस्टर नंबर 45 पर आज भी मंडल आयुक्त कार्यालय के नाम पर दर्ज है उक्त जमीन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

सिविल लाइन निकट आरटीओ ऑफिस छावनी सरकार जेल रोड परगना तहसील जिला गोंडा के निवासी नासिर पुत्र स्वर्गीय मुंशी रजा देवीपाटन मंडल की मंडल आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल को एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें उनके द्वारा कहा गया है कि प्रार्थी गाथा संख्या 515 में आवास बनाकर रह रहा था जिसे नगर पालिका परिषद द्वारा नजूल का अंश बात कर प्रशासन के सहयोग से अवैध अतिक्रमण बता कर गिरा दिया गया ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रार्थी गरीब मजदूरी पेशा व्यक्ति था वहीं विपक्षी





दयानंद मिश्रा पुत्र पुरुषोत्तम नाथ मिश्रा जो धनाढ्य राजनीतिक पहुंच वाला व्यक्ति है अपने पहुंच के बल पर गाटा संख्या 514 ,516 पर अवैध तरीके से कब्जा करके पक्का निर्माण करके कब्जा किए हुए हैं वहीं शासनादेश संख्या 18 /8 /9 आ 4-98 -76 एक /98 दिनांक 18/ 01 /1999 के द्वारा गाटा संख्या 514, 515, 516, 517, 518, 519, 520, 521, 522, 523, 524, 525 बंदोबस्त सोयम जिसका बंदोबस्त दोयम का खाता संख्या- 179 पर क्षेत्रफल 3.46 एकड़ आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा कार्यालय निर्माण हेतु नजूल भूमि का आवंटन के आधार पर दर्ज किया गया जो वर्तमान में भी नगर पालिका परिषद गोंडा के फॉर्म नंबर 45 पर दर्ज है विपक्षी अपने रसूख के चलते सरकारी संपत्ति पर कब्जा किए हुए हैं जिसे गिराने की हिम्मत जिला प्रशासन भी नहीं जुटा पा रही है जबकि वहां पर 50 वर्षों से काबिज गरीब मजदूरी पेशा व्यक्तियों के मकान प्रशासन के इशारे पर गिरवा दिया गया अतः मंडल आयुक्त महोदया से अनुरोध है इस दबंग अवैध कब्जेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की कृपा करें और अपने कार्यालय की जमीन को मुक्त करायें।

## खबरें एक नजर में

### इटियाथोक में खंभे से टकराई बाइक, लोकवाणी केंद्र कर्मी की मौत, दोस्त गंभीर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** इटियाथोक-बाबागंज मार्ग पर शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बिरमापुर निवासी मिथुन वर्मा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिथुन वर्मा अपने दोस्त वीरू (30) के साथ मोटरसाइकिल से अयाह गांव में एक निमंत्रण से लौट रहे थे। रात करीब 12 बजे अयाह चौराहे के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में हेलमेट न पहनने के कारण मिथुन वर्मा के सिर में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठे वीरू भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे उनके दोस्त अजय सोनी ने दोनों को सड़क पर पड़ा देख एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से वीरू को गोंडा के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिथुन वर्मा इटियाथोक स्थित एक लोकवाणी केंद्र पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वह अपने पिता सम्मयदीन वर्मा के इकलौते पुत्र थे। सम्मयदीन मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मिथुन की दो बहनों में एक का विवाह हो चुका है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने घटना की पुष्टि की है। मिथुन की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मां तारा देवी और पिता सम्मयदीन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कतर्नियाघाट में ग्रामीण को हाथी ने दौड़ाया, लकड़ी बीनने खेत गया था, भागते समय गिरने से हुआ घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के अयोध्या के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में शुक्रवार की सुबह एक ग्रामीण को जंगली हाथी ने दौड़ा लिया। भरथापुर गांव निवासी 55 वर्षीय श्रीराम (पुत्र अशर्फी) जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। हाथी को अचानक सामने देख वह घबरा गए और जान बचाने के लिए भागे। इसी दौरान वे गिरकर घायल हो गए। किसी तरह श्रीराम ने हाथी से अपनी जान बचाई और घायल अवस्था में गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजोली ले गए। डॉक्टरों की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। कतर्नियाघाट वनक्षेत्राधिकारी आशीष गौड़ ने बताया कि भरथापुर जंगल हाथियों का कॉरिडोर है। यहां हाथियों का झुंड अक्सर देखा जाता है। उन्होंने कहा कि कतर्नियाघाट क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही बनी रहती है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल में अकेले न जाएं और हाथी दिखने पर शोर न करें। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के प्रति जागरूक करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। हाथी विशेषज्ञ अभिषेक ने बताया कि कतर्नियाघाट-भरथापुर मार्ग पर हाथी अक्सर देखे जाते हैं। उन्होंने लोगों से सलाह दी कि वे इस मार्ग पर अकेले यात्रा न करें और हमेशा सतर्क रहें।

### मां और 3 बेटियों की हत्या का मामला : आरोपी की जमानत याचिका खारिज

*भाई की हत्या का केस वापस न लेने पर की थी वारदात*



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में मां और उसकी तीन मासूम बेटियों की हत्या के आरोपी बालकराम को अदालत से राहत नहीं मिली है। न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता गिरीशचंद्र शुक्ल ने बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के पकड़िया दीवान ग्राम निवासी आरोपी बालकराम ने वर्ष 2018 में अपने भाई संतोष की हत्या कर दी थी, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया था। जेल से रिहा होने के बाद बालकराम अपने मृत भाई की पत्नी सुमन के साथ शादी का झांसा देकर रहने लगा। उसका मुख्य उद्देश्य सुमन पर संतोष की हत्या का मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाना था। इस दौरान सुमन की दो और बेटियां हुईं, लेकिन उसने पति की हत्या का मुकदमा वापस लेने से इनकार कर दिया। सुमन के इनकार करने पर आरोपी बालकराम ने अपने साथी अनिरुद्ध की मदद से उसे फोन कर गांव के बाहर बुलाया। सुमन अपनी तीन बेटियों, 11 वर्षीय नंदिनी, छह वर्षीय अंशिका और तीन वर्षीय लाडो के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची। वहां से आरोपी बालकराम उन्हें घुमाने के बहाने लखीमपुर खीरी जनपद ले गया और सिसैया चौराहे के पास उनकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने शवों को शारदा नदी में फेंक दिया था। इस मामले में मृतका की मां ने मोतीपुर थाने में बेटी सुमन और बच्चियों के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान, लखीमपुर के थाना खमरिया इलाके की एक दुकान के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बालकराम को महिला और उसकी बेटियों के साथ देखा गया।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरुवार को आरोपी के अधिवक्ता की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने उसे खारिज कर दिया।

### टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विवेक श्रीवास्तव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव आज संपन्न हुए। इसमें अधिवक्ता विवेक कुमार श्रीवास्तव को नया अध्यक्ष चुना गया है। एक कड़े मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता अनिल गुप्ता को 7 मतों के अंतर से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एसोसिएशन में अपनी जगह बनाई। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने विवेक कुमार श्रीवास्तव को आधिकारिक विजेता प्रमाण-पत्र सौंपा। इसी के साथ अम्बुज त्रिपाठी महामंत्री पद के लिए निर्वाचित हुए। अध्यक्ष विवेक कुमार श्रीवास्तव ने अपनी जीत को टैक्स बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि वे बार की गरिमा और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। अपनी सफलता के लिए सभी मित्रों, शुभचिंतकों और सहयोगी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम पंचायत करौंदी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की बैठक आयोजित

**मनकापुर-गोंडा, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत करौंदी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन एवं योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खुली बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों तथा ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं योजना के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष संभावित लाभार्थियों की सूची प्रस्तुत की गई तथा आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र जरूरतमंद परिवारों को ही दिया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की गई कि वे योजना से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराएं तथा चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में



सहयोग करें। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने भी योजना के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए पात्र परिवारों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने की मांग की। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवार सम्मानजनक जीवन जी सकें। बैठक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस मौके पर सचिव गौरव सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जगदम्बा, सेक्टर संयोजक भाजपा के अजय कुमार जब्बार,रामबसंत, रामबचन, हरीराम, चांद अली, और ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद रहे।

# गोण्डा- कर्नलगंज बस स्टॉप पर मरणासन्न मिला अधेड़, डाक्टरों ने किया मृत घोषित, शिनाख्त नहीं, पुलिस जांच में जुटी

- गुरुवार रात से भटक रहा था लावारिस, शुक्रवार सुबह 9:30 बजे मिली सूचना, 108 एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़

कर्नलगंज कस्बे के बस स्टॉप चौराहे पर शुक्रवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति अचेत अवस्था में लावारिस हालत में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल 108 एंबुलेंस से सीएचसी कर्नलगंज भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। कर्नलगंज कस्बा चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार 19 जून 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे सूचना मिली कि बस स्टॉप चौराहा स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची।



पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलवाई और अधेड़ को सीएचसी कर्नलगंज पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक अधेड़ गुरुवार रात से ही अस्पताल तिराहे से बस स्टॉप कर्नलगंज के आसपास भटकता हुआ देखा जा रहा था। शुक्रवार सुबह जब वह मरणासन्न अवस्था में बस स्टॉप के पास पड़ा मिला तो लोगों में हड़कंप मच गया और तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40-45 वर्ष प्रतीत हो रही है। फिलहाल मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कर्नलगंज पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस मृतक अधेड़ के बारे में कोई जानकारी हो या कोई उसे पहचानता हो तो तत्काल कस्बा चौकी कर्नलगंज या डायल 112 पर सूचना देकर शिनाख्त में सहयोग करें, ताकि शव परिजनों को सौंपा जा सके।

# पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

पयागपुर-बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- जागरूकता रैली आयोजित कर सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा पल्स पोलियो से वंचित न रह सके : एसडीएम



आगामी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील मुख्यालय पर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पाण्डेय ने की। बैठक का संचालन बीपीएम अनुपम शुक्ल ने किया।

बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों राष्ट्रीय पोलियो अभियान, बाल स्वास्थ पोषण माह, नियमित टीकाकरण एवं किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण हीट वेव एवं संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान माह जुलाई के सुचारू संचालन के लिए दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि रविवार 28 जून से 03 जुलाई तक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा स्वास्थ्य कर्मी घर- घर जाकर पिलाएंगे। उन्होंने बताया कि 06 जुलाई को अवशेष चिन्हित बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। बैठक में एसडीएम पयागपुर ने स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सहित शिक्षा, बाल विकास और नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी से अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर से जन जागरूकता रैली आयोजित कर सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा पल्स पोलियो से वंचित न रह सके संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की गतिविधियां कार्य योजना अनुसार समय से पूर्ण कर ली जाए कार्ययोजना की प्रति स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई जाए।बैठक में निशांत राणा नायब तहसीलदार अधीक्षक हुजूरपुर डॉ आभास अंकुर श्रीवास्तव डॉ अरुण मौर्य एडीओ पंचायत तेज नारायण राव एमपी सिंह धर्मेंद्र मिश्रा, डब्ल्यूएचओ से अविनाश अवस्थी एवं वैभव शुक्ला, आईसीडीएस से शशिबाला सिंह,सपना मौर्य, साधना द्विवेदी सत्यपाल यादव नगर पंचायत से शिक्षा विभाग से सुनील त्रिपाठी कमलेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# शासन के निर्देश पर राज्य स्तरीय परिवार नियोजन टीम ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

- एमसीएच विंग के लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शासन के आदेश पर राज्य स्तरीय परिवार नियोजन टीम ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज बहराइच का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी ली। दोपहर 2:30 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंची टीम ने सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री से मुलाकात की। इसके बाद टीम के सदस्य ओम प्रकाश एवं अन्य सदस्य ने एमसीएच विंग के लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान विगत वर्ष में हुए कुल प्रसवों, उपलब्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों (गायनोकोलॉजिस्ट) तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं स्त्री-प्रसूति संबंधी सुविधाओं का मूल्यांकन कर उनमें सुधार की संभावनाओं को चिन्हित करना तथा आवश्यक बिंदुओं को शासन स्तर पर प्रेषित करना था। टीम ने विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सभी चिकित्सीय सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. के. वर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इंचार्ज डॉ. शिवांगी, डॉ. रश्मि वर्मा,डॉ मेघा,अन्य संकाय सदस्य, चिकित्सालय प्रबंधक, नर्सिंग अधीक्षिका तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। टीम ने संस्थान में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और आवश्यक सुझाव भी दिए।

# विवादों में घिरा आशीर्वाद मैरिज लॉन, प्रशासन ने संचालन व बुकिंग पर लगाई तत्काल रोक

- नियमों की अनदेखी पर पर्यटन विभाग ने अपनाया कड़ा रुख

पयागपुर-बहराइच, समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र पयागपुर के शिवदहा मोड़ पर निर्मित आशीर्वाद मैरिज लॉन पर प्रशासन का बड़ा डंडा चला है। संयुक्त खाते की विवादित भूमि पर बिना कानूनी बंटवारे के व्यावसायिक संचालन करने और नियमों की अनदेखी पर पर्यटन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासन ने मैरिज लॉन के संचालन और किसी भी प्रकार की अग्रिम बुकिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। आदेश का उल्लंघन करने पर कठोर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूपगंज बाजार निवासी रितेश अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद अग्रवाल ने बीते 11 मई को प्रशासन को शिकायती पत्र देकर मैरिज लॉन के निर्माण और संचालन पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी। जाँच में सामने आया कि गाटा संख्या 20ख, 1079 मि0 सहित कुल 5 गाटों की 5451.88 वर्ग मीटर भूमि, जिस पर मैरिज हॉल और रेस्टोरेंट तना है, वह राहुल अग्रवाल और रितेश अग्रवाल की संयुक्त जोत (साझा जमीन) है। राजस्व न्यायालय से अभी तक इस जमीन का कोई विधिक बंटवारा नहीं हुआ है मामले में एक और बड़ा खुलासा यह हुआ है कि अतिरिक्त जिला पंचायत बहराइच द्वारा इस मैरिज लॉन के लिए पूर्व में स्वीकृत किए गए मानचित्र (नक्शे) को तकनीकी और कानूनी कमियों के चलते बीते 15 अप्रैल को ही निरस्त किया जा चुका है। इसके बावजूद वहाँ व्यावसायिक गतिविधियां जारी थीं इस संबंध में स्थगन आदेश जारी करते हुए पत्र में पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने लिखा है कि मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। कानून व्यवस्था और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए विपक्षी राहुल अग्रवाल को नोटिस तामील करा दिया गया है। पत्र में साफ बताया गया है कि मामला कोर्ट में होने के कारण विधिक कार्रवाई पूरी होने तक मैरिज लॉन का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि आदेश के बाद भी बुकिंग या कार्यक्रम आयोजित होते पाए गए, तो नियमानुसार सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश की प्रतिलिपि एसडीएम पयागपुर और स्थानीय थानाध्यक्ष को भेजकर मौके पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# जागृत अवस्था में ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी

## बिटाना एंड चन्द्रावती हॉस्पिटल ने रचा नया कीर्तिमान



- बहराइच में पहली बार अत्याधुनिक Awake Craniotomy तकनीक से मरीज को मिला नया जीवन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बिटाना एंड चन्द्रावती हॉस्पिटल में अत्याधुनिक Awake Craniotomy (जागृत अवस्था में मस्तिष्क की सर्जरी) सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई। यह जटिल न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया अनुभवी न्यूरो सर्जन डॉ. अनुरोध पटेल एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा की गई।Awake Craniotomy ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीक है जिसमें मरीज सर्जरी के महत्वपूर्ण चरणों के दौरान जागृत रहता है। इससे चिकित्सकों को मस्तिष्क के उन संवेदनशील हिस्सों की लगातार निगरानी करने में मदद मिलती है जो बोलने, समझने, हाथ-पैरों की गतिविधियों तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को नियंत्रित करते हैं। इस तकनीक के माध्यम से ट्यूमर को सुरक्षित तरीके से निकालते हुए मरीज की न्यूरोलॉजिकल क्षमताओं को संरक्षित रखा जा सकता है। डॉ. अनुरोध पटेल ने बताया कि यह तकनीक विशेष रूप से उन मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी है जिनके ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क के स्पीच या मोटर एरिया के निकट स्थित होते हैं। जागृत अवस्था में मरीज से संवाद करते हुए सर्जन यह सुनिश्चित करते हैं कि सर्जरी के दौरान मस्तिष्क के महत्वपूर्ण हिस्सों को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं का जोखिम कम होता है, मरीज की रिकवरी तेज होती है तथा सर्जरी के परिणाम भी बेहतर प्राप्त होते हैं। जिले में इस प्रकार की जटिल सर्जरी का सफल संचालन चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### समय पर जांच और उपचार है जरूरी

विशेषज्ञों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार सिरदर्द, मिर्गी के दौरे, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी, बोलने में कठिनाई, संतुलन बनाने में समस्या या अन्य न्यूरोलॉजिकल लक्षण दिखाई दें तो उन्हें नजरअंदाज न करें। समय रहते जांच और विशेषज्ञ परामर्श गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक साबित हो सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था।

योग शिविर में पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उपस्थित होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का भी सशक्त साधन है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का



- रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में योग शिविर का आयोजन, पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

अभ्यास कराया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग शिविर में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान संबंधी विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस कर्मी दिन-रात समाज की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है।

नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस अवसर पर पुलिस लाइन के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, पुलिस कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदेश स्वस्थ आयु के लिए योग को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन, अनुशासित दिनचर्या एवं नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ किया गया।

योग शिविर के माध्यम से पुलिस विभाग द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जिसकी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहना की।

# उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड में भाजपा की पुनः बनेगी सरकार : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



▸ डिप्टी सीएम ने गिनाई केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी में केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई। मीडिया से मुखातिब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत ने विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री को मिले सम्मानों की तुलना में नरेन्द्र मोदी को अब तक 33 सर्वोच्च विदेशी सम्मान प्राप्त हुए हैं, जो उनकी वैश्विक स्वीकार्यता और भारत की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज का भारत एक 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। श्री मौर्य ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि विगत 12 वर्षों में मोदी सरकार ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। देश के 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अन्न योजना का लाभ निरंतर मिल रहा है। 58 करोड़ से अधिक जन-धन खाते खोलकर सरकार ने न केवल बैंकिंग सेवाओं को हर घर तक पहुंचाया, बल्कि डीबीटी के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम लगाई। इलाज, शौचालय, भोजन और आवास की सुविधाओं ने देश के जन-जन का उत्थान सुनिश्चित किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 के बाद से हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में एनडीए की सरकारें बनी हैं, जो जनता का मोदी के प्रति अटूट विश्वास दर्शाती हैं।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी आगामी चुनावों में भाजपा की सरकार पुनः बनेगी। 'फर्जी पीडीए' पर तंज कसते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग भली-भांति जानते हैं कि 2027 में इनका हाल पश्चिम बंगाल की टीएमसी जैसा होने वाला है। जनता बहकावे में आने वाली नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने दोहराया कि देश के 75 जिलों में आज केवल एक ही आवाज गूंज रही है मोदी है तो भरोसा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के इन 12 वर्षों ने भारत को विश्वगुरु बनाने की राह पर अग्रसर किया है।

### डिप्टी सीएम ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों से किया संवाद

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्रबुद्धजनों एवं आमजन से संवाद स्थापित किया तथा सामाजिक एवं राष्ट्रनिर्माण से जुड़े विविध कार्यक्रमों में भाग लिया लाभार्थियों एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम किया, रानी लक्ष्मीबाई जी एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण किया एवं स्वच्छता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। केशव प्रसाद मौर्य ने स्थानीय विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा क्षेत्रीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया रुद्राभिषेक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



राजधानी लखनऊ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर रुद्राभिषेक करने के बाद यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राममंदिर चढ़ावा मामले में बयान दिया है। उन्होंने कहा राम भक्त हैं, इनकी तरह चंदा चोर और चढ़ावा चोर नहीं हैं। ये पूरी तरीके से चढ़ावा चोर साबित हो गए। योगी से कहना चाहूंगा कि थोड़ा भी गेरुआ वस्त्र का सम्मान हो तो आप तुरंत उच्च न्यायालय से जांच कराइए। जो एसआईटी जांच कर रही है, वह पूरी तरह से बोगस और फ्रॉड है।

अजय राय ने कहा कि आज लखनऊ ही नहीं, पूरे देशभर में जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया जा रहा है। राहुल गांधी शुरू से ही अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने जिस तरीके से संविधान एक हाथ में लेकर, एक हाथ में फरसा लेकर लोगों के लिए लड़ रहे हैं, अन्याय के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। उसके लिए हम सभी लोग उनकी दीर्घायु की कामना करते हैं। अयोध्या में एसआईटी जांच पर अजय राय ने कहा कि पूरी तरीके से एसआईटी बोगस है। उसमें शामिल जो अधिकारी हैं विजय विश्वास पंत, उनके ही अनाउंसमेंट पर प्रयागराज (महाकुंभ) में भगदड़ हुई थी। ऐसे अधिकारी कोई भी जांच नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री जिस तरीके से कांग्रेस को लेकर बयान दे रहे हैं, वह उनकी हताशा और निराशा है। अजय राय तय कार्यक्रम के मुताबिक, हनुमंत धाम सुबह 11.30 बजे पहुंचे। यहां पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ उनसे रुद्राभिषेक कराया। अजय राय ने शिवलिंग पर पंचगव्य चढ़ाया। इसके बाद जल से अभिषेक किया। यहां से अजय राय सीधे पार्टी मुख्यालय निकल गए।

## खबरें एक नजर में

### अधिकारियों की लापरवाही से रतजगा करने को मजबूर बुद्धेश्वर क्षेत्र के हजारों निवासी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक तरफ उ. प्र. विद्युत उत्पादन में नंबर एक पर है। दूसरे राज्यो को बिजली दे रहा है। वही स्मार्ट सिटी लखऊ के बद्धेश्वर क्षेत्र के आदर्श विहार भूहर तथा बद्धेश्वर के आस-पास के इलाको के हजारो निवासी भीषण गर्मी में मार्च के महीने से ही बिजली का संकट झेल रहे है। कई बार हो चुका है कि रात में लाइट चली जाती है और पूरी रात बती जाने के बाद सुबह दस बजे तक नही आ पाती है। जिससे लोग रात भर जाग-जाग कर रात काटते है। बिजली न आने से सुबह पानी का संकट भी झेलने को मजबूर है। समस्या केवल बिजली जाने की नही है समस्या संबंधित एसडीओ व अधिकारियों की लापरवाही की है। सूत्रों के अनुसार आदर्श विहार फीडर में दो केबल है। दोनों ही खराब है। विभाग के ही कर्मचारी के अनुसार एक केबल को कभी रिपेयर नहीं किया गया और दूसरी मार्च के महीने से ही फाल्ट में। यदि बिजली जाती भी है तो दूसरी केबल से बिजली की सप्लाई तुरंत दी जा सकती है। बाकी उप-केन्द्रों पर ऐसा ही किया जाता है। सरकार ने करोड़ों खर्च कर नया पावर हाउस भी बनवा दिया परंतु अधिकारियों की लापरवाही से समस्या जस की तस बनी हुयी है। जिससे सरकार और विभाग की छवि धूमिल हो रही है। भुक्तभोगियों के अनुसार एक एफसीआई विद्युत सूचना ग्रुप बना है एसडीओं साहब उस पर बिजली आने का समय बता कर फोन बंद कर देते है और इंतजार में पूरी रात कट जाती है। बताते चल कि यह वही क्षेत्र है जिसमें कुछ दिन पहले ही खुलेआम घूस मांगते हये का वीडियो जबरदस्त वायरल हुआ था। विभाग के ही सूत्र बताते है अधिकारी संविदाकमियों से पैसों की डिमांड करते है। अधिकारी पैसे कमाने में व्यस्त है तो कर्मचारी दलाली करने में। इससे एक तरफसरकार की छवि खराब हो रही है वही दूसरी तरफजनता परेशान होकर सरकार को कोस रही है।

### तीन साल की बच्ची पर गिरा लोहे का गेट, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** घर का लोहे का गेट गिरने से 3 साल की बच्ची दब गई। उसकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना आज, 19 जून को पीजीआई थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में हुई। गांव निवासी सूरज कुमार के घर का गेट सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक उखड़कर गिर गया। गेट के पास खेल रही उनकी 3 साल की बेटी अन्वी उसके नीचे दब गई। मोहिद्दीनपुर में सूरज कुमार पत्नी सीमा, 2 बेटियों 4 साल की सृष्टि और 3 साल की अन्वी के साथ रहते हैं। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सीमा बड़ी बेटी सृष्टि को पास में ट्यूशन छोड़ने गई थी। सूरज घर में खाना खा रहे थे। छोटी बेटी अन्वी को वह प्यार-दुलार के साथ खाना खिला रहे थे। इस दौरान अन्वी खेलते-खेलते घर के मेन गेट के पास पहुंच गई। अचानक गेट उखड़कर अन्वी के ऊपर गिर गया। वह उसके नीचे दब गई। उसकी चीख सुनकर सूरज और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। गेट हटाकर उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अन्वी के चाचा आशीष ने बताया कि करीब 8 साल पहले सूरज ने नया मकान बनवाया था। उस समय एक कुंतल से अधिक वजन का लोहे का गेट लगवाया था। वही गेट अचानक टूट गया है। उन्होंने बताया कि अन्वी का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### दुबई भेजने के नाम पर की ठगी, चिनहट की कंपनी के एजेंटों पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबई में नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर 1.10 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि एजेंटों ने नौकरी के नाम पर पैसे लेने के बाद फर्जी वीजा और हवाई टिकट थमा दिया। जब युवक एयरपोर्ट पहुंचा तो दस्तावेज फर्जी निकले और उसे वापस लौटा दिया गया। मामले में पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र निवासी नसव्वर पुत्र असगर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पहचान देवा निवासी जुबेर से थी। जुबेर ने उसकी मुलाकात अयोध्या निवासी मैकाइल और उसके साथी अबूबकर से कराई। दोनों ने चिनहट स्थित समीर एडवाइजरी मैनेजमेंट कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए दुबई में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। पीड़ित के मुताबिक, उसने अपने साढ़ू के बेटे मिथुन को दुबई भेजने के लिए 22 फरवरी 2025 को 1.10 लाख रुपए और जरूरी दस्तावेज एजेंटों को सौंप दिए। कुछ समय बाद आरोपियों ने वीजा और टिकट उपलब्ध कराया, लेकिन एयरपोर्ट पर जांच के दौरान दोनों दस्तावेज फर्जी पाए गए। इसके बाद मिथुन को यात्रा की अनुमति नहीं मिली। शिकायत में दावा किया गया है कि उसी कंपनी के माध्यम से कई अन्य युवकों को भी विदेश भेजने का झांसा दिया गया था। उनसे भी लाखों रुपए लिए गए। जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। बाद में कंपनी का कार्यालय बंद मिला और संचालक वहां से फरार हो गए। नसव्वर का कहना है कि उसने पहले कमता चौकी और फिर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने पुलिस कमिश्नर से आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की है।

# किसी की रिकॉर्ड तोड़ 'अयोध्या' यात्राओं की पड़ताल के लिए भी बनानी चाहिए एक एसआईटी : अखिलेश

▸ अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर कसा तंज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनथ का नाम लिये बिना कहा कि अयोध्या की किसी की रिकॉर्ड-तोड़ यात्राओं की पड़ताल के लिए भी एक एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन होना चाहिये।

सपा प्रमुख ने परोक्ष रुप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुये अपने एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा एक एसआईटी, किसी की रिकॉर्ड तोड़ अयोध्या यात्राओं की पड़ताल के लिए भी बनानी चाहिए। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में दान पात्र और वित्तीय प्रबंधन में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद पहली बार अयोध्या के दौरे पर शुक्रवार को पहुंचे योगी ने समाजवादी पार्टी पर रामभक्तों पर गोलियां चलवाने और जय श्रीराम का नारा लगाने पर लाठियां भाजने का आरोप लगाया। सात जून को अखिलेश यादव ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए दावा किया था कि मंदिर को मिले दान के करोड़ों रुपये गायब हैं। उन्होंने अदालतों से मामले का संज्ञान लेने का आग्रह किया था। मंदिर के दानपात्र के गबन और वित्तीय कुप्रबंधन से जुड़े आरोपों की जांच के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत के नेतृत्व में 13 जून को तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था।

### ग्राम्य विकास मंत्री ने अपने ही विभाग के प्रमुख सचिव पर लगाये अनियमितता के आरोप, मांगा स्पष्टीकरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. सरकार की जीरो टालरेंस नीति के तहत कार्य करने की नीति का पालन न होने पर ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास मंत्री अपने ही विभाग के प्रमुख सचिव पर काफी नाराज हो गयी। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने अपने ही विभाग के प्रमुख सचिव पर विभाग में स्थानान्तरण नीति का पालन न करने तथा स्थानान्तरण में मनमानी करने के गंभीर आरोप लगाये तथ तुरंत स्पष्टीकरण मांगा। राज्य मंत्री द्वारा प्रमुख सचिप, ग्राम विकास पर लगाये आरोपों के अनुसार अधिकारी व कर्मचारी के तबादले नियमानुसार नहीं किये गये। तथा इस संबध में जनप्रतिनिधियों की अनेक शिकायते आने के बाद ही स्पष्टीकरण व जबाब मांगा गया। प्रमुख सचिव पर यह भी आरोप है कि उन्होंने किये गये तबादलों में मुख्यमंत्री की स्वीकृति भी नही ली और न ही तबादला नीति की समय सीमा को भी नजरअंदाज किया गया।

# तपती धूप में राहत, बीमारों की मदद

### ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम ने पेश की सेवा की मिसाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम, लखनऊ ने आज एक बार फिर साबित कर दिया कि फोरम का मकसद सिर्फमदद पहुँचाना नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में इंसानियत की भावना जगाना है।

संस्था द्वारा आज राजधानी के दो प्रमुख अस्पतालों में टीबी मरीजों की मदद करने के साथ-साथ भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए बड़े पैमाने पर राहत शिविर चलाया गया। मरीजों की सेवा के संकल्प के तहत फोरम की टीम आज बलरामपुर अस्पताल पहुंची। यहाँ पहले से गोद लिए गए टीबी के 10 मरीजों का हाल-चाल लिया गया और उन्हें मूंगफली, भुना चना, गुड़, सत्तू, तिल, गजक व अन्य जरूरी सामान के 10 पैकेट मुहैया कराए गए। अस्पताल के डायरेक्टर श्री विवेक गुप्ता एवं चेस्ट विभाग के डॉ. ए.के. गुप्ता व उनकी टीम की देखरेख में इन मरीजों का बाकायदा इलाज भी शुरू कराया गया। इसके साथ ही, लोकबंधु अस्पताल में भी फोरम द्वारा टीबी के 10 मरीजों को विशेष पोषण सामग्री के 10 पैकेट वितरित किए गए। इस मौके पर फोरम ने पैगाम दिया कि दुख में साथ निभाना ही असल इंसानियत है। आज के दूसरे अभियान में डालीगंज से लेकर कैसरबाग बस अड्डा तक भीषण गर्मी और तपती धूप में सफर कर रहे मुसाफिरों, मजदूरों और राहगीरों के लिए पेयजल वितरण का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में नदवतुल उलमा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों की प्यास बुझाई। कैसरबाग बस अड्डे पर विशेष रूप से लगभग 500 ठंडे पानी के पाउच, 1000 पानी की बोतलें, 1000 नींबू जूस और लीची शरबत की बोतलें तकसीम (वितरित) की गईं।

# स्टिंग ऑपरेशन पर भड़कीं मायावती, कहा- बसपा को बदनाम करने की साजिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया मायावती ने एक निजी मीडिया हाउस द्वारा किए गए स्टिंग ऑपरेशन को लेकर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने इसे बसपा और उसके नेतृत्व को बदनाम करने की साजिश करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि बसपा देश में बहुजन समाज और अपरकास्ट समाज के गरीब, शोषित-पीड़ित व उपेक्षितों द्वारा उनके संवैधानिक हक व न्याय के लिए परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए रास्तों पर चलने वाली सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की सच्ची और ईमानदार अंबेडकरवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि बसपा दूसरी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के सहारे और उनके इशारे पर नहीं चलती है, बल्कि अपने लोगों के ही तन, मन और धन के बलबूते पर चलती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह बात संकीर्ण, जातिवादी, सांप्रदायिक व पूंजीवादी ताकतों को फूटी कौड़ी नहीं सुहाती है। इसीलिए वे समय-समय पर और खासकर चुनाव के नजदीक आने पर किस्म-किस्म के हथकंडे इस्तेमाल करके बीएसपी पार्टी व मूवमेंट को तथा उसके आयरन लेडी नेतृत्व को भी बदनाम करने में लगे रहते हैं। मायावती ने कहा कि मीडिया का एक वर्ग दूसरी पार्टियों की चुनावी जुगाड़ आदि पर से लोगों का ध्यान बांटने तथा उन पर पर्दा डालने के लिए बसपा पार्टी उम्मीदवार के चयन को लेकर सवालिया निशान खड़े करता रहता है। उन्होंने साफ किया कि बसपा को जो भी आर्थिक सहयोग हासिल होता है, वह पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने पर ही कानूनी तौर से ज्यादातर खर्च कर दिया जाता है, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। फिर भी उसको लेकर षड्यंत्र के तहत गुमराह करने वाली तरह-तरह की गलत बातें व अफवाहें फैलाना मीडिया को शोभा नहीं देता है।

बसपा प्रमुख ने बताया कि केवल बसपा यूपी स्टेट यूनिट के अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ही नहीं बल्कि पार्टी के अन्य सभी छोटे-बड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी इस समय पार्टी संगठन की मजबूती तथा पार्टी के जनाधार को सर्वसमाज में बढ़ाने के साथ-साथ आगामी यूपी विधानसभा आमचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की संभावित सूची बनाने तथा उनकी ठोस स्क्रीनिंग करने में लगे हुए हैं।

# अपर्णा ने नवजात शिशुओं को वितरित की बेबी किट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखनऊ में संचालित लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ व डॉ0 राम प्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव मनाया।

अपर्णा यादव ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम व नवजात बच्चों के साथ केक कटिंग कर बेबी किट वितरण किया गया। महिला कल्याण विभाग की संस्थाएं राजकीय बालिका गृह, सिंधी खेड़ा, पारा, लखनऊ व वन स्टॉप सेंटर, लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ का निरीक्षण किया। डॉ0 राम प्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान भर्ती महिलाओं से बातचीत की गई एवं लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर एवं पैथालॉजी आदि का निरीक्षण किया गया, जिसमें चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएं संतोषजनक पायी गई। इसके बाद महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालिका गृह सिंधी खेड़ा, पारा, लखनऊ तथा वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ का निरीक्षण किया गया जिसके दौरान वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ व विज्ञान फाउंडेशन द्वारा एन0आई0ओ0एस0 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 63 बालिकाओं को अपर्णा यादव ने बैग वितरण किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग शिविर आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** करेगा योग, लखनऊ बनेगा निरोग नर सेवा नारायण सेवा की मुहिम की धार को तेज करते हुए ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास की युक्ति को चरितार्थ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर आज 20 जून दिन शनिवार को बाबू केडी सिंह स्टेडियम लखनऊ में पूर्वाह्न 6 बजे से विशाल योग शिविर का आयोजन कर रही है। योग कार्यक्रम को जनजागृति के ऐसे कार्यक्रम के रूप में संगठित किया गया है जिससे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित, सशक्त, समृद्ध एवं स्वास्थ भारत के सपने को पूरा किया जा सके। योग कार्यक्रम को समृद्ध, आकर्षक एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए सनातन के सबसे बड़े योगी देवाधिदेव महादेव के भजन की प्रस्तुति, योग कथक नृत्य,एवं कवि सम्मेलन का भी आकर्षण रहेगा!

# जिरकोनियम खनिज के भण्डार स्थापित होने के प्रयासों को मिलेगा बल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश के जनपद महोबा के हरपालपुर-महोबकान्त क्षेत्र में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ द्वारा जिरकोनियम खनिज की प्रारम्भिक खोज की गयी थी, जिसके गहन अन्वेषण हेतु खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्रिटिकल व स्ट्रेटिजिक मिनरल के तहत एक्सप्लोरेशन लाइसेंस की एन0आई0टी0 प्रकाशित की गयी थी, जिसमें मे0 माहेश्वरी माइनिंग प्रा0लि0, पश्चिम बंगाल द्वारा उच्चतम् बोली लगाये जाने के फलस्वरूप प्रिफर्ड बिडर घोषित किया गया है। उक्त ब्लाक के आक्शन के उपरान्त उत्तर प्रदेश में जिरकोनियम खनिज के भण्डार स्थापित होने के प्रयासों को बल मिलेगा।

जिरकोनियम खनिज का मुख्य उपयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रो, रासायनिक उद्योगों, आभूषण व रत्न तथा दंत चिकित्सा आदि में किया जाता है। जिरकोनियम खनिज के भण्डार प्राप्त होने से भविष्य में राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में खनन आधारित रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें और निवेश आएगा।

इस प्रकार उत्तर प्रदेश में मुख्य खनिजों के आक्शन हुए कुल 13 ब्लाक, जिसमें से 10 ब्लाक कम्पोजिट लाइसेंस व 03 ब्लाक खनन पट्टे हेतु स्वीकृत है जिनका शीघ्र ही खनन संचालन किया जाना लक्षित है के अतिरिक्त प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्रथम बार जिरकोनियम खनिज का पाया जाना महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### धनराशि की नियमानुसार वसूली किये जाने के निर्देश

विभागीय पोर्टल की समीक्षा एवं जिलाधिकारी, कुशीनगर तथा ज्येष्ठ खान अधिकारी-प्रभारी कमांड सेंटर, मुख्यालय आशीष कुमार के माध्यम से कराई गई गहन जांच में जनपद कुशीनगर में अवैध खनिज परिवहन से संबंधित प्रकरणों में अनियमितताएं प्रकाश में आने, अवैध परिवहन के संबंध में जारी किए गए चालानों, नोटिसों को बिना किसी वैध आधार-साक्ष्य के खान अधिकारी कुशीनगर अभिषेक सिंह द्वारा निरस्त किया जाना पाया गया। प्रारंभिक जांच में यह परिलक्षित हुआ कि संबंधित अधिकारी अभिषेक सिंह, खान अधिकारी द्वारा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया तथा संदिग्ध सत्यनिष्ठा का संकेत मिला। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अभिषेक सिंह, खान अधिकारी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुये उन्हें निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही संस्थित की गयी है। प्रकरण में निहित धनराशि की नियमानुसार वसूली किये जाने के भी निर्देश जिलाधिकारी, कुशीनगर को दिये गये हैं।

**अभियान** | यूपी के 75 जिलों में गूंजे संस्कृति के स्वर, कलाकारों ने दिया जन-जागरूकता का संदेश

# लोकगीत, लोकनृत्य व नुक्कड़ नाटक से जनता तक पहुंचीं विकास योजनाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।**




केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 5 जून से 21 जून 2026 तक समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में विकास प्रदर्शनियों और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्कृति विभाग द्वारा 17, 18 और 19 जून को सभी 75 जनपदों में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर लोकगायन और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। लोकगायिका मंगलम भारद्वाज और नीतू श्रीवास्तव ने अपनी मधुर लोकगायन प्रस्तुतियों से माहौल को लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। वहीं लोकनृत्यांगना स्वाति श्रीवास्तव और उनकी टीम ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से सरकार की योजनाओं को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 450 दलों के हजारों स्थानीय कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने लोकगीत, लोकनृत्य, कठपुतली, नुक्कड़ नाटक और अन्य सांस्कृतिक विधाओं के माध्यम से एक साथ जन-जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, बल्कि आमजन भी प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ सके।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि समाज को जागरूक करने और विकास योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी साधन भी हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने, कलाकारों को प्रोत्साहित करने और आम जनता को सरकार की उपलब्धियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। यही कारण है कि सांस्कृतिक गतिविधियों को जनसंपर्क और जन-जागरूकता अभियानों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जा रहा है।

# सीएमएस छात्रा को 76,100 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा अश्फिया फातिमा को उच्चशिक्षा के लिये दुबई की यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम द्वारा 76,100 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है।

इस प्रकार, सी.एम.एस. की एक और छात्रा ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की बदौलत प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि अश्फिया ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। खास बात यह है कि अश्फिया को दुबई की ही मर्डोक यूनिवर्सिटी, मिडिलसेक्स यूनिवर्सिटी, हेरियट-वाट यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगोंग ने भी स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका

डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 110 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

श्री खन्ना ने आगे बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

# सांसद अरुण सागर ने जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारियां

**भाजपा देश भर में जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का चला रही अभियान**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा देश भर में जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चला रही है। इसी क्रम में शाहजहांपुर में भाजपा सांसद अरुण सागर ने स्थानीय नेताओं और पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क किया। सांसद अरुण सागर ने लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों से इनका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने सड़क किनारे की कई दुकानों पर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के लिए किए गए विकास कार्यों से भी अवगत कराया। इस दौरान सांसद ने आगामी समय में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौंपने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। सांसद ने बताया कि देश भर में राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा रहा है और शहरी सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा है। शाहजहांपुर में भी कई बड़े विकास कार्य कराए गए हैं और कुछ प्रगति पर हैं, जो जल्द ही पूरे हो जाएंगे। सांसद ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था भी की गई है ताकि मरीजों को समुचित इलाज मिल सके। इस दौरान सदर मण्डल अध्यक्ष संजीव सक्सेना, महानगर अध्यक्ष अनु. मोर्चा विनोद कनौजिया, पार्षद अल्पना श्रीवास्तव एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो लोग घायल, एक रेफर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना बंडा क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी अंकुर शर्मा अपनी बाइक से गांव मजीदपुर निवासी प्रियंका शर्मा के साथ मोहम्मदी कोर्ट जा रहे थे तभी रास्ते मे पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस कारण दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुँची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। अंकुर को गम्भीर चोटें होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। जबकि प्रियंका का इलाज सीएचसी पुवायां में चल रहा है।

## नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पीड़ित पिता ने 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को एक युवक द्वारा भगा ले जाकर किसी गुप्त जगह रखने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 17 जून की रात करीब 12 बजे उसकी बेटी को गाँव डडिया निवासी अमित यादव पुत्र बृजपाल सिंह यादव बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# रानी लक्ष्मीबाई को बलिदान दिवस पर किया गया याद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लक्ष्मी बाई महिला विंग ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर मनाया। संस्थापक डॉ नमिता सिंह ने कहा कि 18 जून को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जी का बलिदान दिवस होता है जो की अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक है। आज हमारी पूरी विंग ने उन्हें नमन किया है परंतु पूरे जिले में कहीं पर भी उनकी मूर्ति स्थापित नहीं है हम शासन व प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि पूरे विश्व में अपनी वीरता के लिए प्रसिद्ध रानी लक्ष्मीबाई जी के मूर्ति को स्थापित कराया जाए। पूर्व अध्यक्ष विम्मी सैनी ने कहा कि शहीदों की प्रतिमाओं के पास आज रानी लक्ष्मीबाई जी के बलिदान दिवस को मनाया है। सभी विंग के सदस्यों ने कहा की जिले में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां पर रानी लक्ष्मीबाई जी की मूर्ति स्थापित हो और हम सभी जाकर उन्हें नमन कर सके या उनकी जयंती व बलिदान दिवस को मना सके। रचना अवस्थी ने कहा आज भी जिनकी कहानियां हम अपने बच्चों को यह कहकर सुनाते हैं की बुंदेली हर बोलो के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। उनके लिए बहुत दुख की बात है कि कोई स्थान नहीं है। इस अवसर पर अर्चना अग्रवाल, कुमुद गुप्ता, महिमा शुक्ला, रितु सिंह, गीता सिंह, मीनू गुप्ता आदि ने पुष्प भेंट कर उन्हें नमन किया।

## खबरें एक नजर में

### मोहर्रम के अवसर पर बगीचा कॉम्प्लेक्स में शरबत वितरण



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** मोहर्रम के पावन अवसर पर नगर के मुख्य चैराहे स्थित बगीचा कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा राहगीरों एवं आमजन के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से लोगों को भाईचारे, मानवता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शीतल शरबत ग्रहण कर आयोजकों की सराहना की। राहगीरों ने इस पहल को जनसेवा की उत्कृष्ट मिसाल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। आयोजकों ने बताया कि मोहर्रम त्याग, बलिदान, धैर्य और इंसानियत का प्रतीक है। इस अवसर पर जरूरतमंदों और राहगीरों की सेवा करना एक नेक कार्य है, जिससे समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सैफ शेख, दानिश अली, कामरान, जाने आलम, मोहम्मद अरशद, मुल्तजिम, मोहम्मद अजमल, राजीव कुमार सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन का माहौल सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण रहा।

### विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति कार्यों के सुचारु संचालन हेतु सहायक नोडल अधिकारी नामित



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कुलपति महोदय के आदेशानुसार छात्रवृत्ति कार्यों के सफल निष्पादन एवं समन्वय हेतु वाणिज्य विभाग की डॉ. अपर्णा त्रिपाठी को सहायक नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति) नामित किया गया है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य है कि छात्रवृत्ति से संबंधित प्रक्रियाओं को प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सहायक नोडल अधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन, सत्यापन एवं संबंधित प्रक्रियाओं में विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य विभाग के ही प्रोफेसर कमलेश गौतम को छात्रवृत्ति कार्यों हेतु नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि छात्र हित विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक पहुँचाने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो अनुराग अग्रवाल, प्रो कमलेश गौतम, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ प्रांजल शाही सहित शिक्षकगणों ने डॉ अपर्णा को नवीन दायित्व हेतु बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### मिर्जापुर क्षेत्र का युवक कटरा थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर घायल, इलाज के दौरान मृत्यु



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गाजीपुर चिकटिया के मजरा पहाड़पुर निवासी 25 वर्षीय अनुज सिंह पुत्र सुनील सिंह कटरा थाना क्षेत्र के बंद रेलवे फाटक से निकलते समय ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गए। जिनकी मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान बीती रात मृत्यु हो गई। मृतक के चचेरे भाई अनूप सिंह ने बताया कि बीते दिवस मृतक अनुज सिंह अपनी मां सुनीता सिंह के साथ बाइक से अपनी बुआ के घर ग्राम नवादा (कटरा) से अपने ग्राम गाजीपुर चिकटिया (पहाड़पुर) आ रहे थे। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में बंद रेलवे फाटक पर अपनी मां को बाइक से नीचे उतार कर,वे खुद बाइक लेकर रेलवे ट्रैक को पार कर रहे थे। तभी अचानक ट्रेन आ जाने से अनुज ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस ने घायल अनुज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के चचेरे भाई अनूप सिंह ने बताया कि मृतक अनुज सिंह अपने तीन भाइयों रवि सिंह और अंजुल सिंह में बीच का था। उसकी तीन वर्ष पहले माधवी सिंह के साथ शादी हुई थी। उसके एक डेढ़ वर्ष की बेटी है। अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पत्नी माधवी सिंह, मां सुनीता सिंह, पिता सुनील सिंह,भाई रवि सिंह,अंजुल सिंह का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी का करुण क्रंदन, अब उसकी डेढ़ साल की इस बेटी की कैसे परवरिश होगी ? यह सवाल सुनकर देखने और सुनने वालों का कलेजा कांप रहा था।

### दो तस्करों के कब्जे से 389 ग्राम अफीम बरामद, बिना नम्बर प्लेट की बाइक व दो एंड्रॉयड फोन बरामद



**तिलहर - शाहजहांपुर।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हाइवे स्थित एक ढाबा के समीप से बाइक सवार दो लोगों के कब्जे से अफीम बरामद की है। दोनो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि गुरुवार को अपरान्ह पौने तीन बजे वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरऊ पुलिया के समीप स्थित अग्रवाल ढाबा के पास से बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर जनपद बदायूं के थाना कादर चैक के गांव कुण्डा सहायपुर निवासी चन्द्रभान पुत्र रामभरोसे तथा थाना मूसाझाग के गांव किस्मी मेहरा निवासी सुखवीर पुत्र प्रेमपाल को रोककर तलाशी ली गई। जिनके कब्जे से एक पन्नी में अफीम बरामद हुई। जिसका बजन 389 ग्राम है। पकड़े गए तस्कर चन्द्रभान व सुखवीर ने बताया कि उन्होंने अफीम मुनेन्द्र कश्यप पुत्र रामवीर , तथा मुस्तफा पुत्र आरिफ अली निवासी ग्राम रहिया नगला थाना मीरगंज जनपद बरेली से एक लाख 10 हजार रुपये मे खरीदी थी। जिसे यही हाईवे पर मुनेंद्र बताता की आने वाले किसी व्यक्ति को एक लाख 30 हजार रूपये में देना थी। इसी दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। तस्करों को गिरफ्तार करने बाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई गौरव कुमार, हेड कांस्टेबिल अशोक कुमार, कांस्टेबिल विरेन्द्र कुमार, अमित कुमार शामिल रहे।

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** कांगेस के नेता राहुल गांधी के जन्मोत्सव पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर से राजीव चैक पर का राहगीरों को शरबत पिलाकर, काशीराम कॉलोनी, जिला अस्पताल में फल वितरण कर व गांधी पार्क में केक काटकर बड़े हर्ष उल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। जिसमें महिला जिला अध्यक्ष अर्चना बाल्मिक, अनुसूचित प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कठेरिया, विंदेश्वरी राज ब्लाक अध्यक्ष सत्येन्द्र त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अरुणोदय मिश्रा, सचिव कमलकांत शुक्ला, कुलदीप गुप्ता, राहुल मौर्या, प्रभाकर पाण्डेय, रवी प्रकाश, राममोहन मिश्रा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्र संघर्ष समिति की बैठक में उठा डिजिटल लाइब्रेरी और खेल मैदान का मुद्दा

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



छात्र संघर्ष समिति ने बैठक कर सरकार से डिजिटल लाइब्रेरी की मांग की। कस्बे के एक निजी स्कूल में बैठक का संचालन करते हुए छात्र कृष्ण पाल ने कहा की डिजिटल लाइब्रेरी खेल ग्राउंड हमारी मूलभूत आवश्यकता है साथ ही हमारा अधिकार भी शासन प्रशासन छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए हमारी मांगों को जल्द पूरा करे। छात्र संगठन के सुब्हान खान ने कहा कि हम लोगों को दौड़ने के लिए एक बड़े खेल मैदान की आवश्यकता है हम लोग यदि स्टेट हाईवे पर दौड़ते हैं तो हाई स्पीड से चलने बाहर वाले वाहन हमारी जान के लिए खतरा बने रहते हैं लाइब्रेरी ना होने की वजह से कॉम्पिटेटिव परीक्षाओं की तैयारी करने में असुविधा होती है सरकार हम गरीब छात्रों का ज्यादा इम्तिहान न ले छात्रों का सब्र टूटा तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी हमारी सारी मांगे जनहित में है इसलिए मांगों को पूर्ण किया जाए दीपक गुप्ता ने कंप्यूटर हाल हाई स्पीड इंटरनेट कच्छ की मांग सरकार से की पवन यादव ने ओपन जिम की मांग करते हुए कहा की यदि हम स्वस्थ ही नहीं रहेंगे तो अन्य कार्य कैसे कर सकते हैं सहबाज अंसारी ने आवश्यक पुस्तके एवं पत्रिकाओं की मांग करते हुए कहा की डिजिटल लाइब्रेरी खेल ग्राउंड ओपन जिम यह हमारी आवश्यकता है हम युवाओं को हर स्तर पर सरकार एवं प्रशासन से मदद चाहिए हम अपने करियर को बनाने के लिए किसी भी हद तक गुजर सकते हैं। बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया की यदि शासन प्रशासन हमारी मांगे नहीं मानता तो हमारा छात्र संगठन शाहजहांपुर के लिए पैदल कूच करेगा इस मौके पर जितिन सिंह प्रियांशु यादव वागीश सक्सेना निखिल वर्मा सुरजीत श्याम सुंदर वर्मा आनंद वर्मा रेहान अंसारी अंकुर सक्सेना समर सक्सेना सुब्हान खान तालिब सोहराब अंसारी औरंगजेब अली अफरोज सहित दर्जनों छात्र मौजूद रहे।

# सदर तहसील के अधिवक्ताओं ने ई-रजिस्ट्री के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन तहसील सदर के अध्यक्ष घनश्याम किशोर मिश्रा ने की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने नई ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में एसडीएम संजय पांडेय को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने नई ऑनलाइन ई-रजिस्ट्री प्रणाली और नवीनीकरण व्यवस्था के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि जमीन-जायदाद के पंजीकरण को पूरी तरह डिजिटल और फ्रेंचाइजी मॉडल पर डालना अव्यवहारिक है, क्योंकि इसमें गंभीर कानूनी पेचीदगियां होती हैं जिन्हें केवल विशेषज्ञ अधिवक्ता ही समझ सकते हैं। इस नई व्यवस्था से न केवल आम और ग्रामीण जनता तकनीकी खामियों, सर्वर की दिक्कतों और धोखाधड़ी का शिकार होगी, बल्कि दशकों से इस कार्य से जुड़े लाखों अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, मुंशियों और स्टांप वेंडरों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। कॉरपोरेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने वाली इस जनविरोधी नीति का पुरजोर विरोध करते हुए शाहजहांपुर के अधिवक्ताओं ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि यदि इस त्रुटिपूर्ण ऑनलाइन व्यवस्था को तत्काल वापस लेकर पुरानी पारदर्शी व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो यह शांतिपूर्ण विरोध आने वाले दिनों में एक बड़े और उग्र आंदोलन का रूप लेगा।

## इमरान बने विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष




**पुवायां, शाहजहांपुर।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद में इमरान गाजी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। जिसके बाद इमरान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम संगठन में ईमानदारी से कार्य करते हुए संगठन को ओर मजबूत बनाने का प्रयास करता रहूंगा। गांव घनश्याम पुर खुर्द निवासी इमरान गाजी को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। नियुक्त पत्र मिलने के बाद इमरान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हम संगठन के लिए सदैव तत्पर रहूंगा, संगठन के नियमों के अनुसार कार्य करता रहूंगा इसके अलावा ईमानदारी व पूरी लगन के साथ इसे ओर मजबूत करता रहूंगा।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, बेटा सहित तीन लोग घायल

**खुटार, शाहजहांपुर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव नवदिया सरायं निवासी एक परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में बलराम की पत्नी लीलावती की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा विनोद, बहू प्रीति और पोता अतुल घायल हो गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, लीलावती अपने परिजनों के साथ बाइक से किसी काम से जा रही थीं। जब उनका परिवार लौहगांपुर जंगल स्थित गुरुद्वारा के पास पहुंचा, तभी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में लीलावती गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि बाइक पर सवार अन्य तीन लोग भी चोटिल हो गए। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद लीलावती को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल विनोद की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। बहू प्रीति और पोता अतुल का प्राथमिक उपचार करने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। लीलावती की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

# राम मंदिर के चढ़ावे में हुई करोड़ों की लूट: अर्चना

**केक काटकर व फल वितरण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया की ओर से भारत सरकार के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष में गांधी पार्क में पहुंच कर सभी कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के चित्र के सामने हर्षोल्लास के साथ केक काट कर खुशी मनाई। उसके उपरांत महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने काशीराम कॉलोनी जाकर जरूरतमंद को पेटिस व फल वितरण कर बच्चों को कॉपी पेंसिल उपहार स्वरूप भेंट की और गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पौधारोपण किया। उसके बाद कांग्रेस के एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गंगाराम के द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी कार्यक्रम गांधी पार्क में रखा गया। महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने चंदा चोरी का आरोप लगाया है उन्होंने कहा आज देश में हाहाकार मचा हुआ है क्योंकि जो राम मंदिर बनाया गया है उसमें 200 करोड़ की चंदा चोरी हुई है। उसमें दोषियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। बड़े शर्म की बात है आज हमारे देश में भगवान के मंदिर तक सुरक्षित नहीं है जिनमें लगातार कभी चंदा चोरी हो रहा है कभी मूर्तियां चोरी हो रही हैं और सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है। अरूणोद मिश्रा ने कहा कहा कि सरकार में सबसे ज्यादा ब्राह्मणों का नुकसान हुआ है ब्राह्मणों की हत्याएं हो रही हैं और लगातार ब्राह्मण सताया जा रहा है। आज सब लोग एक होकर भाजपा को हराएंगे। इसके बाद पुवायां नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी ने कहा कि हम सब एक होकर विधानसभा चुनाव को इस बार जीतेंगे जिसे भी टिकट मिलेगा उसको एक होकर चुनाव जिताएंगे।

## उड़ान कोचिंग सेंटर में चोरी, लाखों का सामान ले गए चोर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव महुआ पाठक स्थित उड़ान कंप्यूटर कोचिंग सेंटर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब तीन लाख रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, सकुलिया निवासी अभिषेक कुमार यादव का महुआ पाठक में उड़ान कंप्यूटर कोचिंग सेंटर संचालित है। अभिषेक ने बताया कि वह बुधवार शाम करीब छह बजे कोचिंग सेंटर बंद कर अपने घर चले गए थे। गुरुवार सुबह करीब सात बजे जब वह केंद्र पर पहुंचे तो मुख्य गेट की कुंडी टूटी हुई मिली। अंदर जाकर देखा तो सेंटर का सामान गायब था। पीड़ित के अनुसार चोर दो बैटरियां, एक प्रिंटर, दो कंप्यूटर, एक डिवाइस तथा करीब 10 हजार रुपये की नकदी समेत लगभग तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद तत्काल कोरोकुइयां पुलिस चैकी को सूचना दी गई। गौरतलब है कि घटनास्थल पुलिस चैकी से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद चोरी की इस वारदात ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## ई पंजीकरण मॉड्यूल के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**तिलहर - शाहजहांपुर।** महानिरीक्षक निबंधन द्वारा ई पंजीकरण मॉड्यूल के व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के आदेश के विरोध में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। बता दें कि गुरुवार को वार एसोसियेशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव की अध्यक्षता में व महासचिव राहुल डेव सागर एडवोकेट के सचालन में आम सभा वार एसोसियेशन तिलहर के सभागार में आहुत की गई थी। जिसमें जिसमे चार जून 2026 को महानिरीक्षक निबंधन की ओर से जारी किए गए ई पंजीकरण मॉड्यूल के व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने आदेश की भर्त्सना किए जाने के साथ ही आदेश वापस न होने तक प्रतिदिन निबंधन कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने तथा सभी राजस्व न्यायालय में बिरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। तदोपरांत एसडीएम की गैर मौजूदगी में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

# जिला गंगा समिति एवं महर्षि दयानन्द योग केंद्र ने कराया योग

**स्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योग विषयक योग साधकों ने किया योगाभ्यास**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत जिला गंगा समिति शाहजहाँपुर एवं दयानन्द योग केन्द्र शाहजहाँपुर द्वारा दयानन्द बाल विद्या मन्दिर परिसर में योगाभ्यास किया गया। योग का शुभारम्भ माधुरी मिश्रा, मीना सक्सेना, शिवांशी देवल, कुमकुम गुप्ता, सुमन तिवारी ने सामूहिक वन्दना की। योग सत्र का आरम्भ अध्यक्ष सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी सरोज श्रीवास्तव, सहकारी भारती के प्रदेश संयोजक अभिनव कश्यप व जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने पूजन व वैदिक उच्चारण के साथ किया। केन्द्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा योग साधकों द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार कॉमन योगा प्रोटोकॉल अन्तर्गत विभिन्न योगासन प्राणायाम, मकरासन, वृक्षासन, सेतुबंधासन, मण्डूकआसन, शशांकासन, शीतलासन, कपालभांति सहित अनेक योगासन कराये व उससे होने वाले शारीरिक लाभों से भी अवगत कराया। डा. देशबन्धु ने योग से होने वाले लाभ व दैनिक योग करने से शरीर में आने वाले सकारात्मक परिवर्तन के बारे में बताया। अवनीश कुमार आर्य ने बताया कि वे बचपन से योग कर रहे है और वर्तमान में 80 वर्ष के है तथा प्रत्येक दिन योगासन कर स्वस्थ्य जीवनशैली जी रहे है। जिला परियोजना अधिकारी ने अवगत कराया कि 21 जून को माँ गंगा के ढाई घाट पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा जिसके अधिक से अधिक जनसहभागिता अपेक्षित है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रधान सत्यप्रकाश तिवारी, अरविन्द मिश्र, प्रदीप मिश्रा, माधुरी मिश्रा, हरिबाबू सक्सेना, मीना सक्सेना, अर्चना गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शशी अग्निहोत्री, राजेश शुक्ला, डॉ. विनोद मिश्रा, सुनील, संध्या, रचना, हिमांशु सहित अनेक लोगों ने प्रतिभाग किया। विशेष सहयोग स्वयंसेवी संगठन सहकारी भारती का रहा।

# डीएम-सीडीओ ने विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

- लोकगायन-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर में विकास प्रदर्शनी का दूसरे दिन प्रदर्शनी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनमानस की भीड़ रही और आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। लोगों ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी प्रयासों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग की टीम के साथ लोकगीतों एवं लोकगायन की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी जनमानस तक पहुंचाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी आगामी 20 जून तक आमजन के लिए लगी रहेगी। डीएम ने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी जा रही तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाये है, उन्होंने कहा कि लाभार्थी प्रदर्शनी में आकर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा पात्र व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्राइमरी स्कूल की विद्युत लाइन की गई शिफ्ट

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुदागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मझिला स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य देर रात तक चलाया गया। यह कार्य विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चैधरी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर के पास से गुजर रही विद्युत लाइन को सुरक्षा की दृष्टि से स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया था। कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए विभागीय कर्मचारियों ने देर रात तक मेहनत की। लाइन शिफ्टिंग के दौरान विभाग का समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहा और पूरी सतर्कता के साथ कार्य को अंजाम दिया। कार्य पूर्ण होने के तुरंत बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बहाल कर दी गई, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक समय तक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। ग्रामीणों एवं विद्यालय से जुड़े लोगों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए किए गए इस सराहनीय कार्य तथा विद्युत विभाग की तत्परता की प्रशंसा की। जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चैधरी ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसी उद्देश्य से लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया गया, ताकि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार का खतरा न रहे।

## खबरें एक नजर में

### राजकीय बाल सुधार गृह में गूंजा योग का संदेश



**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बाल सुधार गृह में योग शिविर का आयोजन किया गया। पुराना जिला चिकित्सालय नगर के मुख्य योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बच्चों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का आधार बताया तथा इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान में निवासरत बालिकाओं को भी योग के प्रति जागरूक किया गया। सखी वन स्टाफ द्वारा बालिकाओं को सूक्ष्म व्यायाम एवं योगाभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की जानकारी दी गई। योग शिविर में बच्चों, बालिकाओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. विनय राहुल, योग प्रशिक्षक सुदेश मिश्रा, पुनीत सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। वहीं सखी वन स्टाफ से नमिता यादव, पारुल सिंह, प्रियंका, रंजीत एवं रीना का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ, निरोग एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। योग शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं बालिकाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करना रहा।

### नीट-यूजीः एडमिट कार्ड दिखाने पर किराया होगा आधा

**शाहजहांपुर।** नीट-यूपी 2026 परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सुविधा एवं सुगम आवागमन के दृष्टिगत 20 से 21 जून को नगरीय ई-बसों में यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र तक जाने एवं परीक्षा उपरान्त अपने गंतव्य स्थान वापस आने के लिए निर्धारित किराया में 50 फीसदी की रियायत प्रदान की जाएगी। जानकारी देते हुए प्रबंध निदेशक संचालन एससीटीएसएल ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए ई-बसों में छूट की अवधि की सुविधा 20 तथा 21 जून तक प्रभावी रहेगी, जिससे अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र तक जाने एवं परीक्षा उपरान्त अपने गंतव्य स्थान वापस लौटने हेतु इसका लाभ प्राप्त कर सके। पात्रता किराये में 50 फीसदी की छूट केवल उन अभ्यर्थियों को अनुमन्य होगी, जो यात्रा के समय अपना एडमिट कार्ड प्रस्तुत करेंगे। सभी चालक एवं परिचालकों को दिशा-निर्देश दिए गए करें, ताकि पात्र अभ्यर्थियों को बिना किसी असुविधा के किराया छूट का लाभ प्रदान किया जा सके।

### खेत पर कब्जा करने के विवाद में हत्या, दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज



**पीलीभीत समृद्धि न्यूज़।** जिले के थाना बीसलपुर क्षेत्र में खेत पर जबरन कब्जा करने के प्रयास में हुए विवाद के दौरान एक व्यक्ति की हत्या के मामले में दो आरोपियों की जमानत याचिकाएं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार की अदालत ने खारिज कर दी हैं ।अभियोजन पक्ष के अनुसार, 29 मार्च 2026 को शाम करीब 7:30 बजे गोवल पतिपुरा गांव के अनुराग यादव, नरदेव, मुनेंद्र यादव, अभिषेक यादव और विवेक यादव आरोपी एकत्र होकर ब्रजेश कुमार और उनके भाई रविशंकर (रविप्रकाश) के खेत पर पहुंचे। वे लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस थे। आरोपी पहले दिन भी खेत पर ट्रैक्टर से जबरदस्ती जोताई करने और कब्जा करने की कोशिश कर चुके थे तथा पीड़ितों को धमकियां दी थीं ।शाम को दोबारा हमला बोलते हुए आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पीड़ितों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। रविशंकर पर इतना ज्यादती से हमला किया गया कि वह मरणासन्न हो गए और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई ।ब्रजेश कुमार ने थाना बीसलपुर में तहरीर देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ।इस मामले में आरोपी अभिषेक यादव और विवेक यादव ने जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने दोनों याचिकाएं खारिज कर दीं ।पुलिस के अनुसार, यह हत्या जमीन-जायदाद के विवाद से उपजी है। मामले की जांच जारी है।

### लोकनिर्माण विभाग ने गजरौला में सिर्फ टीशेड हटाएं, लोगों का आरोप कार्रवाई पक्षपात पूर्ण

**पीलीभीत।** लोक निर्माण विभाग के द्वारा आक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया लोगों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग की अधिकारियों ने गरीब दुकानदारों के सिर्फ टीन सेट ही हटाए जिन लोगों के द्वारा पक्का निर्माण कर कब्जा किया गया था उनका कब्जा नहीं हटवाया गया लोक निर्माण विभाग की कार्रवाई पक्षपात पूर्ण रही । लोक निर्माण के एक तरफा कार्रवाई को लेकर लोगों में काफी नाराज़गी हैं। नेशनल हाईवे पर स्थित गजरौला थाना क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (PWD) ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। अभियान में पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे। यह कार्रवाई गजरौला के पेट्रोल पंप से लेकर गजरौला थाने तक चली। दौरान हाईवे और फुटपाथ पर बने ज्यादातर टीन शेड तोड़े गए। स्थानीय ग्रामीणों ने इस अभियान पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि केवल खानापूर्ति की गई है। पक्के निर्माणों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई ।विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने का यह अभियान जारी रहेगा और इसे जल्द ही दोबारा चलाया जाएगा।

# राहुल गांधी हर मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहेः जिलाध्यक्ष

- राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर जिले के विभिन्न हिस्सों में कांग्रेसियो ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर नवीन सदस्यता अभियान के अंतर्गत सेवानिवृत शिक्षक संत कुमार सिंह ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिनको जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिला, किसान, नौजवान की सशक्त आवाज राहुल गांधी हर मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे। प्रधानमंत्री राहुल गांधी को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। मेडिकल कॉलेज में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन द्वारा मोहल्ला ख्वाजा फिरोज स्थित इशाक मियां की मजार पर चादरपोशी कर राहुल गांधी की लंबी उम्र की दुआ की गई। नवादा इन्देपुर स्थित राजकीय बाल सुधार गृह में बच्चों के आवश्यक सामग्री व फल वितरण किया।चारखंबा स्थित अनवार मेडिकल स्टोर पर अल्प संख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव फरीद अली खान द्वारा आयोजित मोहब्बत की दुकान का जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। तिलहर विधानसभा के ब्लॉक सिंधौली के विभिन्न गांवों में बूथ अध्यक्षों के साथ जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने संविधान शपथ कार्यक्रम आयोजित कर हर बूथ पर संगठन की मजबूती का संकल्प दिलाया। अंत में समापन पर बाबा विश्वनाथ मंदिर में कार्यकर्ताओं ने पूजन दर्शन कर राहुल गांधी की दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की। प्रमुख रूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, तनवीर सफदर, अनस इकबाल, अदीब अहमद, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, पूनम पांडेय, तस्दीक अंसारी,सईद अंसारी, परवेज अहमद, फरमान खान, शाहनवाज खान, शोभित मिश्रा, शिवओम मिश्रा, नितिन तिवारी, इरशाद खान, ताहिर खान, बिंदेश्वरी राज, रानी पांडे सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**शाहजहांपुर।** एसएस लॉ कालेज के विधि छात्र-छात्राओं का समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 17 से 30 जून के मध्य किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्थायी लोक अदालतों के कार्यों प्रणाली के विषय पर किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह द्वारा स्थाई लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। चीफ एलएडीसी दिनेश मिश्रा व असिस्टेट विवेक शर्मा, लॉ छात्रा अंशिका यादव, गगन अवस्थी द्वारा भी स्थाई लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। शिविर संचालन डिप्टी जेलर सुभाष यादव द्वारा किया गया। जिला कारागार की बैरक संख्या 3, पाकशाला, महिला बैरक, लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर डाटा इन्टी आपरेटर सलमान हुसैन, ला छात्र व अधिक संख्या में बंदी उपस्थित रहे।जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## बाल सुधार गृह में गूंजा योग का संदेश

**सखी वन स्टाफ ने बालिकाओं को किया जागरूक**



**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बाल सुधार गृह में योग शिविर का आयोजन किया गया। पुराना जिला चिकित्सालय के मुख्य योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बच्चों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का आधार बताया तथा इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। निवासरत बालिकाओं को भी योग के प्रति जागरूक किया गया। सखी वन स्टाफ द्वारा बालिकाओं को सूक्ष्म व्यायाम एवं योगाभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की जानकारी दी गई। बच्चों, बालिकाओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डा. विनय राहुल, योग प्रशिक्षक सुदेश मिश्रा, पुनीत सहित अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा। सखी वन स्टाफ से नमिता यादव, पारुल सिंह, प्रियंका, रंजीत एवं रीना का सहयोग प्राप्त हुआ। प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ, निरोग एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। योग शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं बालिकाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करना रहा।

# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की ली सलामी

- अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं कार्यकुशलता बनाए रखने पर विशेष बल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया तथा अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं कार्यकुशलता बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का गहन एवं सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा परेड में सम्मिलित समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं आरटीसी महिला प्रशिक्षुओं के टर्नआउट, वर्दी की स्वच्छता एवं एकरूपता, अनुशासन, ड्रिल की गुणवत्ता, शारीरिक दक्षता, शस्त्र संचालन, कदमताल, परेड संचालन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों को बेहतर अनुशासन, कार्यकुशलता एवं उच्च स्तरीय व्यावसायिक दक्षता बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि पुलिस बल की पहचान उसके अनुशासन, तत्परता, शारीरिक क्षमता एवं व्यवहारिक दक्षता से होती है। नियमित परेड एवं प्रशिक्षण पुलिस बल को न केवल शारीरिक रूप से सक्षम बनाते हैं, बल्कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख कार्यवाही करने की क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी कार्मिकों को उच्च कार्यसंस्कृति, समयपालन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, साफ-सफाई व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव, डायल-112 वाहनों, आरटीसी प्रशिक्षण व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कानून एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी, जनसुनवाई, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण तथा जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अधिवक्ताओं का कोई अधिकार छीनने वाला नहींः एडीएम वित्त

- डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार पहुंचे अधिवक्ताओं के बीच
- सेन्ट्रल बार एसोसिएशन आफिस में अधिकारियों-अधिवक्ताओं का संवाद



**शाहजहांपुर।** ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं की चल रही, हड़ताल को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं के अंदर चल रही भ्रम की स्थिति दूर करने के लिए एडीएम वित्त अरविंद कुमार को वार्ता को भेजा। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन पहुंचकर एडीएम वित्त ने बार अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव, महासचिव नंदकिशोर उर्फ राजेश अवस्थी के साथ अधिवक्ताओं की मौजूदगी में संवाद किया। एडीएम ने कहा कि आप लोगों के भ्रम की स्थिति दूर करने आया हूं, यह व्यवस्था सिर्फ सरकारी चीजों की ई-रजिस्ट्री को लेकर है। आप लोगों का अधिकार कोई छीनने वाला नहीं है। दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर व अधिवक्ताओं के कामकाज इससे प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि आप लोग काम पर वापस आइए। अधिवक्ता व प्रशासन एक दूसरे की कड़ी है, बिना अधिवक्ता के कुछ भी संभव नहीं है। ई-रजिस्ट्री माड्यूल के क्रियांवयन को लेकर सरकार द्वारा जारी संशोधित पत्र का भी बिंदुवार जिक्र एआईजी स्टांप दिनेश यादव व सब रजिस्ट्रार सदर धर्मेंद्र कुमार ने वकीलों से किया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि हम लोग बैठक कर जल्द निर्णय लेंगे। प्रशासन सहयोग हमेशा बार एसोसिएशन करता आया है। बता दें कि प्रदेश में ई-रजिस्ट्री के विरोध में चल रही हड़ताल को लेकर शाहजहांपुर सेन्ट्रल बार एसोसिएशन भी हड़ताल कर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में पिछले दो तीन दिनों से जिले में रजिस्ट्री दफ्तरों में कामकाज ठप्प पड़ा हुआ। जिससे जहां अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है, वही सरकार का राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। इस दौरान योगेश नाथ पाठक, सुधीर पाण्डेय, अजीत सिंह, मृणाल सिंह, प्रभाकर मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सगे दो भाइयों पर जान लेवा हमले का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** खेत पर जाने के दौरान मेढ़ काटने का विरोध करने पर दो लोगों द्वारा जान लेवा हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लखोहा निवासी अशोक कुमार पुत्र श्रीराम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती छह जून को जब वह अपने खेत पर गया तो गांव के खेत की मेंढ को गांव के ही धर्मपाल व आशीष पुत्र गण सुखलाल द्वारा मेढ़ काटकर अपने खेत में शामिल करने का विरोध करने पर उस पर जान लेवा हमला कर दिया। आरोप है कि धर्मपाल ने पीछे से पकड़ लिया और आशीष ने धारदार हथियार फावड़ा से सिर पर बार कर दिया। इस दौरान उसने बचाव के लिये हाथ बढ़ाने पर उसके हाथ में गम्भीर चोट आयी। जिसका मेडिकल जिला कॉलेज में इलाज हुआ। आरोप है कि उसे व उसके परिवार को गन्दी गन्दी गालियां व जान से मारने की धमकी दी।

# पुवायां विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी जितेंद्र को मिली



**शाहजहांपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की स्वीकृति से जनपद के सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने पुवायां विधानसभा क्षेत्र से पुवायां विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा व सपा जिला उपाध्यक्ष राहुल यादव एवं जिला सचिव सलमान खान को मनोनीत कर मनोनयन पत्र सौपे। नवनियुक्त पदाधिकारीयों को सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने बुके देकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सपा जिलाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा हमें विश्वास है कि आप सभी पार्टी की समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा किसानों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद करने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम, सपा जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद मिश्रा, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शफीकुर रहमान, पुवायां नगर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, छात्र सभा के पुआ विधानसभा अध्यक्ष सामर्थ यादव, पी.एल गौतम, मोहम्मद आजम, मितेंद्र यादव, सौरभ यादव, पीयूष, फराज इदरीसी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम हीरालाल दर्ज है, जबकि अन्य अभिलेखों में नारायण स्वरूप दर्ज है और जन्मतिथि 01.01.1995 सही है, भूलवश 08.07.1992 दर्ज हो गई जोकि गलत है। हीरालाल और नारायण स्वरूप दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।

**हीरा लाल उर्फ नारयण स्वरूप पुत्र अजीत कुमार नि. ग्रा. बाजपुर जठपुरा, तह. पुवायां, शाहजहांपुर**

# प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश नौ वर्षों पूर्ण होने के उपलक्ष में जनपद में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन गन्ना शोध परिषद सभागार में अतिथियों विधायक ददरौल अरविन्द सिंह विधायक कटरा वीर विक्रम (प्रिन्स), जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा,महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश अवस्थी व सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला विकास अधिकारी ऋषिकांत, उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा,डा.पीके कपिल, गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभार केवीके नियामतपुर, डा.महेश गुप्ता, डा. विमल कुमार सिंह वैज्ञानिक, केवीके नियामतपुर उपस्थित रहें। राजीव सिंह प्रगतिशील कृषक लोक भारती संगठन द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती करने ओर इससे क्या-क्या लाभ है, के बारे में बताया गया। ज्ञानेश तिवारी प्रगतिशील कृषक द्वारा वर्मी कम्पोस्ट के बारे में बताया गया। अंशुल मिश्र कृषक द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में बताया गया। रिंकी देवी एवं शशी देवी कृषि सखी द्वारा प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित तरीकों के बारे में अपना अनुभव एवं व्यवहारिक समस्याओं और उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषक भाइयों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया गया। डा.महेश गुप्ता, विमल कुमार सिंह वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों एवं अतिथितों का स्वागत करते हुए गौ-आधारित खेती (प्राकृतिक खेती) को बढावा देने के लिए किसानों को उत्साहित किया गया एवं प्राकृतिक खेती करने के लिए जीवामृत, बीजामृत एवं घनजीवामृत कैसे बनता के बारे में कृषकों विस्तार से बताया गया। दिनेश अवस्थी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा द्वारा कृषके मध्य प्राकृतिक खेती करने हेतु उत्साहित किया एवं शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लेने हेतु उत्साहित किया गया। केसी मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए कहा गया ओर इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया जा रहा है एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। शिल्पी गुप्ता महानगर अध्यक्ष भाजपा द्वारा प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए कृषकों से कहा आर कहा कि की खेती एवं अपने खाने में प्रयोग करें, जिससे आप स्वस्थ रहें। वीर विक्रम प्रिन्स विधायक कटरा द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाये अपनी सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया एवं पशुपालन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया ओर कृषकों लाभान्वित होने के लिए कहा गया। अरविन्द सिंह विधायक ददरौल द्वारा कहा गया कि सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु कृषको को उत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कृषको को तिल एवं बाजरा के मिनीकिट एवं लाइट ट्रैप का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में जिला विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित किसान भाइयों एवं अतिथियों सहित सभी अधिकारीगणों को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया गया। अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

**कार्यालय उपजिलाधिकारी कलान, जिला शाहजहांपुर**

पत्रांक 75/आपूर्ति/सा.नी./2026 — दिनांक 18 जून 2026

**सार्वजनिक नीलामी**

सर्वसाधारण को इस नीलामी विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मा. न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर द्वारा वाद संख्या डी202512610002544 सरकार बनाम शिवपाल आदि के प्रकरण में जब्त 16 कु. गेंहू 16 कु. चावल, 01 कु. चीनी को जहां है जैसा है के आधार पर दिनांक 25.06.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे स्थल उचित दर दुकान ग्राम हथिनी नगरिया ग्राम पंचायत तिहार खेड़ा पर नीलाम किया जाना है। उक्त नीलामी में जो व्यक्ति प्रतिभाग करना चाहते है वह निर्धारित तिथि से एक दिवस पूर्व यानी दिनांक 25.06.2026 की अपरान्ह तक अपना प्रार्थना पत्र समस्त आवश्यक प्रपत्रों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**उपजिलाधिकारी**
**कलान, शाहजहांपुर**

## अस्तित्व के लिए पलायन

हिमाचल कहां-कहां बस रहा है और बसने की तलाश में कहां निकल रहा है, कुछ इसी तरह के सर्वेक्षण की मिट्टी मंडी में तैयार हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी में हिमाचली आंकड़ों में छुपा दर्द, मजबूरियां, प्रगतिशीलता और प्रतिस्पर्धा का हिसाब होगा। गांव से शहर, शहर से दूसरे शहर और हिमाचल से बाहर जाने वाले लोगों की दास्तान और कहानियां समझी जाएंगी, तो इसका सामाजिक ब्यान और आर्थिक समाधान भी सामने आएगा। पलायन की वजह का स्वरूप बदला है। पहले पलायन का अर्थ केवल जिंदगी की तलाश थी, अब बेहतर भविष्य की रफ्तार है। हिमाचल के भीतर शहरीकरण ने भौतिक उपलब्धियां बदली हैं, तो बदलते व्यापार ने नित नए अवसर प्रदान किए। पर्यटन की संभावनाओं ने पलायन को एक अवसर दिया, तो यह जमीन की खरीद-फरोख्त में जुट गया। हिमाचल की तरक्की के आयाम जमीनों की रजिस्ट्री में पढ़े जाएं, तो हर शहर में कई शहर बस रहे हैं। हिमाचल में हुआ विस्थापन, पलायन की अनिवार्यता में नए दरवाजे खड़े करता गया। विडंबना यह रही कि प्रदेश में पलायन के मनोविज्ञान में नई संभावनाएं ढूंढी गईं। उत्तराखंड में टिहरी बांध बना, तो वहां पलायन को पुनर्वास की इकाई बना कर न्यू टिहरी बसा दिया गया। इसी तरह बिलासपुर में हम मान सकते हैं कि कुछ सेक्टर बस गए, लेकिन ऐसे शहर पौंग, कोल व चमेरा के करीब भी बसाए होते तो, पलायन की नौबत नहीं आती। पलायन अगर कहानियों में बसता है, तो पौंग बांध के उजड़े लोग कई उपन्यास अधूरे छोड़ चुके हैं। आज भी रेगिस्तान में अपने अस्तित्व के चिन्ह खोज रहे हजारों विस्थापित, आंसुओं की गवाही में तसदीक होते हैं, तो पलायन के ये मजमून हमारी नीतियों के अंगारे हैं।
अभी हाल के वर्षों में पलायन को पलायन कहने और मानने में बड़ा अंतर आया है। एक दृष्टि से हिमाचल की समृद्धि, तरक्की और प्रति व्यक्ति आय के बढ़ते आंकड़ों ने प्रदेश के दायरे बढ़ाते हुए जो संभावनाएं तराशी हैं, उनसे पलायन की नई भूमिका इंगित हुई है। दूसरा घर यूं तो पलायन का सबब नहीं, लेकिन प्रदेश के बाहर अगर यह तीव्र गति से विकसित हुआ अरमान है, तो इसमें छिपी आशाएं भी पढ़ लेनी चाहिएं। आज अगर चंडीगढ़ और इसके आसपास पंजाब व हरियाणा में विकसित हो रही रीयल एस्टेट की साठ फीसदी प्रॉपटी पर हिमाचली अपना जौहर दिखा रहे हैं, तो यह दूसरे घर की खूबसूरत निशानी है। इस पलायन का आशावादी रुख यह है कि हिमाचल की आमदनी अब चंडीगढ़ में दिखने लगी है। हिमाचली लोगों के लिए शॉपिंग का तजुर्बा अगर चंडीगढ़ के माल हैं या चिकित्सा का विमर्श प्रदेश के बाहर है, तो इसे पलायन कहें या हिमाचल की क्षमता का निखार मानें। क्यों हिमाचली बच्चे प्रदेश के स्कूलों से पलायन करके पड़ोसी राज्यों में निकल गए। क्यों इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई करके प्रदेश के युवाओं का ब्रेन ड्रेन हो रहा है या इस पलायन की बस्तियों में नोएडा, दिल्ली, गुडगांव, हैदराबाद, मुंबई या चेन्नई तक काफिले पहुंच रहे हैं। आज का पलायन महज बस्तियों का नहीं, बल्कि क्षमता, संभावना और आर्थिकी का है। अगर प्रदेश में पांच-छह आई टी पार्क खोल दिए होते, तो स्थिति हिमाचली योगदान में सौ फीसदी अव्वल भी तो हो सकती थी। बहरहाल वर्तमान सरकार गगल एयरपोर्ट के साथ एयरो सिटी तथा चंडीगढ़ के पास हिम चंडीगढ़ जैसे शहर बसाने का मंतव्य रखती है। चंडीगढ़ की समीपता में हिम चंडीगढ़ जैसा शहर अगर प्रदेश के युवाओं व प्रोफेशनल की पहचान बन जाए, तो सारे तमगे, संभावना और क्षमता प्रदेश के हित में सफलता के कई आयाम लिख पाएंगे।

# अयोध्या मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : विरोधियों का नया शोर या चोरी का कुचक्र

रमेश शर्मा

अयोध्या के विश्व प्रसिद्ध श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी के नित नए आरोप सामने आ रहे हैं। चार ट्रस्ट पदाधिकारियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई है। ट्रस्ट की पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि वास्तव में चढ़ावे में चोरी हुई है अथवा यह श्रद्धालुओं की आस्था पर आघात करने का कोई कुचक्र है। इस कथित चढ़ावा चोरी का आरोप लगाने वालों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के वे नेता सबसे अधिक मुखर हैं, जो मंदिर निर्माण अभियान के कभी समर्थक नहीं रहे।

सामान्यतः ग्रहणकाल कुछ घंटों का होता है। शनिदेव की महादशा अधिकतम साढ़े सात वर्ष और राहु की महादशा अठारह वर्ष तक चलती है। लेकिन अयोध्या के श्रीराम जन्मस्थान मंदिर पर जो ग्रहण लगभग नौ सौ वर्ष पहले लगा था, उसकी पूर्ण मुक्ति आज भी नहीं हो पाई है। युग बदले, सत्ताएँ बदलीं, सल्तनत और अंग्रेजी शासन भी समाप्त हो गया लेकिन अयोध्या जन्मस्थान मंदिर को निशाने पर लेने की मानसिकता नहीं बदली। पहले सतत सैन्य आक्रमण हुए, लूटपाट और विध्वंस हुआ, फिर पुनर्निर्माण का संघर्ष चला। पीढ़ियाँ बीत गईं लेकिन रामभक्तों की जिजीविषा बनी रही। समय के साथ संघर्ष की शैली अवश्य बदली, किंतु रामजन्मभूमि मुक्ति का आंदोलन कभी रुका नहीं।

सन् 1949 में इस संघर्ष का एक नया अध्याय जुड़ा। अपने जन्मस्थान पर रामलला स्वयं प्रकट हुए लेकिन तत्कालीन शासन का दृष्टिकोण प्रतिकूल रहा और मंदिर में विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हो सकी। संघर्ष ने नया स्वरूप धारण किया। न्यायालयों में याचिकाएँ दायर हुईं और देशभर से श्रद्धालु कारसेवक के रूप में अयोध्या पहुँचने लगे। गोलियाँ चलीं, रामभक्तों ने बलिदान दिए, विवादित ढाँचा ध्वस्त हुआ। अंततः 9 नवम्बर 2019 को सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय आया। 5 फरवरी 2020 को संसद की अनुमति से भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का गठन किया गया। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में भूमि-पूजन हुआ और 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला अपने जन्मस्थान पर विराजमान हो गए।

जब यह प्रकरण न्यायालय में था, तब सभी पक्षों ने न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करने की घोषणा की थी। रामभक्तों को आशा थी कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद स्थिति सामान्य होगी और पूरा देश अपने आराध्य के निर्विवाद दर्शन कर सकेगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जिस



प्रकार भगवान राम का जीवन वनवास समाप्त होने के बाद भी पूर्णतः निरापद नहीं रहा, कुछ वैसी ही स्थिति इस जन्मस्थान मंदिर की भी रही।

सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान बार-बार नए-नए मुद्दे उठाए गए, जिससे निर्णय तक पहुँचने में वर्षों लग गए। संभवतः भारत के न्यायिक इतिहास में यह पहला ऐसा प्रकरण था, जिसमें निर्णय को विलंबित करने की याचिकाएँ भी दायर की गईं। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आने के बाद भी विवादों का क्रम थमा नहीं। राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया पर प्रश्न उठाए गए। ट्रस्ट के गठन की प्रक्रिया और चयनित नामों पर भी विवाद खड़ा करने का प्रयास हुआ। फिर भूमि-पूजन की विधि और मुख्य यजमान को लेकर प्रश्न उठाए गए। एक ओर भूमि-पूजन चल रहा था और दूसरी ओर मीडिया में मुहूर्त से लेकर मुख्य यजमान तक पर सवाल खड़े किए जा रहे थे।

विवाद का अगला मुद्दा श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कुछ शंकराचार्यों की अनुपस्थिति तथा तिथि-मुहूर्त को लेकर बनाया गया। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा क्रय की गई भूमि के मूल्य को लेकर आरोप लगाए गए। लेकिन इन सब विवादों का रामभक्तों की श्रद्धा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। देश-विदेश से श्रद्धालुओं का ताँता लग गया। प्रतिदिन लाखों लोग अयोध्या पहुँचने लगे। अब तक 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या जाकर श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं।

लेकिन कथित चढ़ावा चोरी का यह आरोप दोहरा प्रहार प्रतीत होता है- एक ओर मंदिर प्रबंधन की साख पर और दूसरी ओर श्रद्धालुओं की भावनाओं पर। आरोप है कि मंदिर में आने वाले चढ़ावे और श्रद्धालुओं की दानराशि में करोड़ों रुपये की चोरी हुई है। चढ़ावे में प्राप्त आभूषणों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। केवल आरोप ही नहीं लगाए गए बल्कि राम मंदिर न्यास के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव तथा चंपत राय के पूर्व चालक रामशंकर दयाल उर्फ टिन्नू यादव के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है।

इन आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी संज्ञान लिया है और मंदिर प्रबंधन ने भी गंभीरता दिखाई है। मंदिर प्रशासन की पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने मंदिर परिसर में दानपेटियों के प्रबंधन, कर्मचारियों की आवाजाही, चढ़ावा प्रक्रिया तथा दान के अभिलेखों की लगातार तीन दिनों तक जांच की। एसआईटी अब उन लगभग पचास कर्मचारियों की संपत्ति की भी जांच कर रही है, जिन पर नोटों की चोरी का आरोप है। एसआईटी को सात दिनों में प्रारंभिक तथा पंद्रह दिनों में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। यदि आरोप सही पाए गए तो चढ़ावे की चोरी के वास्तविक चेहरे सामने आएँगे और एसआईटी का प्रतिवेदन एफआईआर की दिशा में आगे बढ़ सकता है। आरोपों की सच्चाई तो एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगी लेकिन आरोपों की शैली और शिकायत का विवरण स्वयं कई प्रश्न खड़े करता है। सबसे पहले चढ़ावा चोरी शब्द। चोरी शब्द लंबे समय से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का प्रमुख हिस्सा रहा है। पहले चौकीदार चोर का नारा सामने आया, फिर वोट चोरी, सीट चोरी और चुनाव चोरी जैसे शब्द प्रचलन में आए। अब चढ़ावा चोरी शब्द सामने लाया गया है। मंदिर में चढ़ावा चोरी का आरोप भी उसी प्रकार उछाला जा रहा है, जैसे कुछ राजनीतिक दल लगातार वोट चोरी, चुनाव चोरी अथवा सीट चोरी के आरोप लगाते रहे हैं। इन दलों से जुड़े कई लोग इस कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण में भी मुखर दिखाई दे रहे हैं।

आरोपों में दो और बातें आश्चर्यजनक हैं। पहली, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सहित चार पदाधिकारियों को सीधे निशाने पर लिया जाना और दूसरी, कथित चोरी की अनुमानित राशि तथा उसके तरीके का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाना।

महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, गोपाल राव तथा टिन्नू यादव के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज होना कई प्रश्न उत्पन्न करता है। चंपत राय का जीवन संतस्वरूप माना जाता है। उन्होंने स्वयं को रामकार्य के लिए समर्पित कर दिया है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा मंदिर निर्माण के अन्य विरोधी समूहों के निशाने पर वे लंबे समय से रहे हैं लेकिन उनकी संकल्पशीलता कभी विचलित नहीं हुई। वे करोड़ों रामभक्तों के सम्मान और श्रद्धा के केंद्र हैं। ऐसे व्यक्ति का नाम चढ़ावा चोरी के आरोपों में जोड़ना सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। आरोप-पत्र में चोरी के कथित तरीकों का विस्तार से उल्लेख किया जाना भी आश्चर्य का विषय है। आरोपों की सच्चाई शीघ्र ही सामने आ जाएगी, क्योंकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस शिकायत को गंभीरता से ले रहे हैं। यदि चढ़ावे में चोरी हुई है तो यह साधारण चोरी नहीं मानी जा सकती। यह मंदिर के प्रति जनआस्था को आघात पहुँचाने वाला एक सुनियोजित कुचक्र भी हो सकता है। नियमानुसार नोटों की गिनती कैमरों की निगरानी में होती है। नोट गिनने वाले कर्मचारियों के प्रवेश और निकास के समय तलाशी लिए जाने तथा बिना जेब वाले साधारण वस्त्र पहनने का भी नियम है। क्या इन नियमों में कहीं ढिलाई बरती गई? यदि हाँ, तो उसका स्रोत कहाँ है? नोट गिनने वालों में कुछ लोग ट्रस्ट के नियमित कर्मचारी नहीं बताए जाते। उनके जुड़ने का माध्यम क्या था? क्या कुछ बाहरी तत्वों ने योजनाबद्ध तरीके से प्रबंधकों का विश्वास अर्जित कर यह कथित चोरी कर मंदिर प्रबंधन की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है? उत्तर प्रदेश से समय-समय पर वेश बदलकर मंदिरों में प्रवेश करने की घटनाओं के समाचार आते रहे हैं। ऐसे सौ से अधिक नकली पुजारी पकड़े जा चुके हैं, जिनका सनातन धर्म से कोई संबंध नहीं था। इसी माह जून में गले में रुद्राक्ष की माला धारण कर उज्जैन के महाकाल मंदिर की भस्म आरती में प्रवेश करने का प्रयास करने वाला एक कथित साधु भी पकड़ा गया। ये घटनाएँ मंदिर प्रबंधनों और समाज को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का संदेश देती हैं।

सनातन धर्म के आस्था केंद्रों में घुसपैठ कर श्रद्धा को आघात पहुँचाने की घटनाएँ देशभर में सामने आती रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न भी विचारणीय है कि कहीं राम मंदिर का यह कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण भी किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं। यदि चोरी हुई है तो दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए किंतु इन सभी प्रश्नों पर भी गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)**

विचार

# स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती : एक संत की हत्या पर न्याय का इंतजार

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

भारत के लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था के सामने कुछ ऐसे प्रश्न खड़े हैं, जिनका उत्तर सिर्फ शासन की नीयत और प्रशासनिक जवाबदेही में छिपा हुआ है। ओडिशा के प्रसिद्ध संत, जनजातीय समाज के हितैषी और सनातन संस्कृति के प्रखर प्रवक्ता श्रद्धेय स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या ऐसा ही एक प्रश्न बनकर आज भी देश के सामने खड़ी है।

उनकी हत्या को लगभग दो दशक बीतने को हैं, किंतु न्याय की प्रक्रिया आज भी अधूरी दिखाई देती है। अब जब उनकी हत्या और उसके बाद हुई हिंसा की जांच से संबंधित महत्वपूर्ण आयोगों की रिपोर्टों के ही लापता होने की बात सामने आई है, तब यह मामला पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता का विषय बन गया है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारत में किसी न्यायिक अथवा अर्ध-न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट भी गायब हो सकती है? यदि हां, तो फिर देश की संस्थाओं पर जनता भरोसा कैसे करे? जिन रिपोर्टों को वर्षों की जांच, साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर तैयार किया गया, वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के बाद अचानक गायब हो जाती हैं और किसी को उनकी जानकारी नहीं होती। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या इसके पीछे कोई बड़ा सच छिपा हुआ है?

स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती स्मृति न्यास ने जो सवाल उठाए हैं, वे उनके अनुयायियों की भावनाओं से जुड़े होने के साथ आज हर उस नागरिक की चिंता हैं जो कानून के शासन में विश्वास रखता है। यदि किसी सामान्य व्यक्ति की फाइल गायब हो जाए तो उसे अपनी गलती का दंड भुगतना पड़ता है लेकिन जब राज्य के सबसे महत्वपूर्ण कार्यालयों से न्यायिक जांच रिपोर्टें लापता हो जाती हैं, तब सवाल यह है कि आखिर जवाबदेही तय करने में वर्षों क्यों लग रहे हैं? यह भी विचारणीय है कि जिन रिपोर्टों को 2016 और 2018 में मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा गया था, वे 2024 तक सुरक्षित क्यों नहीं रखी जा सकीं? उसी अवधि की अन्य फाइलें वापस मिल जाती हैं, किंतु सबसे संवेदनशील जांच रिपोर्टें गायब रहती हैं। क्या यह मात्र संयोग है? क्या सरकार जनता को यह विश्वास दिला सकती है कि इतने महत्वपूर्ण दस्तावेज बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वयं ही लुप्त हो गए? क्या इससे यह संदेह पैदा नहीं होता कि भले ही सरकार उड़ीसा में बदल गई है, किंतु कथित अपराधियों की पकड़ सचिवालय पर अब भी भारी है! निश्चित ही इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

यह सर्वविदित है कि लोकतंत्र में सरकारें बदलती हैं पर संस्थाएं और अभिलेख जनता की संपत्ति होते हैं। यदि सत्ता परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के गायब होने की आशंका पैदा होती है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। सरकार को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि रिपोर्टें कहां हैं, उन्हें किसने संभाला और आखिर उनकी वर्तमान स्थिति क्या है। एक और बड़ा प्रश्न न्याय प्रक्रिया को लेकर है। यदि हत्या के इतने वर्षों बाद भी आयोगों की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो सकीं, तो आखिर किसकी रक्षा की जा रही है? जनता को सत्य जानने का अधिकार है। लोकतंत्र में गोपनीयता का उपयोग सत्य को दबाने के लिए नहीं किया जा सकता। यदि रिपोर्टों में ऐसे तथ्य हैं जो समाज को वास्तविकता से अवगत करा सकते हैं, तो उन्हें सार्वजनिक करने में संकोच क्यों?

वस्तुतः यह सभी को स्मरण रखना चाहिए कि संत स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए लंबा कार्य करनेवाले महान व्यक्तित्व हैं। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के खिलाफ मुखर आवाज उठाई थी। ऐसे व्यक्ति की हत्या यदि आज भी विवादों और अनुत्तरित प्रश्नों से घिरी हुई है तो यह किसी एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं बल्कि उन हजारों-लाखों लोगों की भावनाओं के साथ भी अन्याय है जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

अतः सरकार का यह दायित्व है कि वह सिर्फ प्राथमिकी दर्ज कर अपने कर्तव्य की इतिश्री न माने। इससे अधिक आवश्यक है कि जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध हो। यदि दस्तावेजों को जानबूझकर हटाया गया, छिपाया गया या नष्ट किया गया है तो यह न्याय प्रक्रिया को बाधित करने का गंभीर कृत्य है। ऐसे लोगों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों द्वारा सीबीआई जांच की मांग भी इसी अविश्वास की पृष्ठभूमि में उठी है। जब राज्य की व्यवस्था स्वयं संदेह के घेरे में हो तब स्वाभाविक रूप से एक स्वतंत्र एजेंसी की मांग उठेगी। सरकार को इस मांग को जनता के विश्वास की कसौटी पर देखना चाहिए और एक स्वतंत्र एजेंसी को इस पूरे मामले में जांच अतिशीघ्र सौंप देना चाहिए।

2026 स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती का जन्म शताब्दी वर्ष है। देशभर में उनके योगदान को स्मरण करने की तैयारी हो रही है, किंतु विडंबना देखिए; जिस संत को श्रद्धांजलि देने की बात हो रही है, उनकी हत्या के पीछे का पूरा सच आज भी धुंध में छिपा हुआ है। क्या यह किसी सभ्य लोकतंत्र के लिए गौरव का विषय हो सकता है? ऐसे में आज आवश्यकता व्यवस्था में जनता का विश्वास पुनर्स्थापित करने की है।

अतः मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार के सामने यह अवसर भी है और चुनौती भी। यदि वह इस मामले में पूर्ण पारदर्शिता दिखाती है, रिपोर्टों को सार्वजनिक करती है, दोषियों की जवाबदेही तय करती है और हत्या की साजिश से जुड़े हर व्यक्ति को कानून के कटघरे तक पहुंचाती है, तभी यह कहा जा सकेगा कि न्याय जीवित है।

अन्यथा देश यह पूछने को मजबूर होगा कि आखिर एक संत की हत्या पर न्याय का इंतजार कब तक? क्या न्याय भी किसी फाइल की तरह सरकारी दफ्तरों में खो गया है? और यदि ऐसा नहीं है तो सत्य को सामने आने से रोका क्यों जा रहा है? अब इन प्रश्नों का उत्तर ओडिशा सरकार के पूरे लोकतांत्रिक तंत्र को देना ही चाहिए ।

साहित्य



## झूठ की डोली...!

**संजय एम तराणेकर**

झूठ की डोली सजाकर सत्य को दूर छिपाया था,
नाम बदलकर रिश्तों का एक नया खेल रचाया था।
रिया बनकर आई घर में, यास्मीन का हुआ है राज,
भोले मन के सपनों पर, चल गया छल का समाज।

यहाँ सात फेरे, सात वचन थे, विश्वासों की थी डोर,
तीन दिनों में टूट गया सभी, बिखरे सपनों के छोर।
वो एक लाख की कीमत लेकर, दलाल बने थे यार,
यूं रिश्तों का सौदा कर डाला शर्मसार हुआ संसार।

जब तक पहचान की परत खुली सच आया सामने,
नकली चेहरे हार गए फिर, न्याय खड़ा हाथ थामने।
धन, गहने और झूठे सपने कब तक साथ निभाते हैं,
सच की किरणें आखिर आकर अंधियारा मिटाते हैं।

सीख यही है जीवन की हर रिश्ता सच्चाई से जोड़ो,
धर्म नहीं, इंसानियत देखें पर विश्वास कभी न तोड़ो।
छल-कपट की राह पकड़कर, कोई जीत न पाता है,
झूठ की डोली आखिर में न्याय द्वार तक जाता है।
(संदर्भ - रामपुर, शादी के तीन दिन बाद रिया गुप्ता निकली यास्मीन)



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। खर्च अधिक होगा।

**मिथुनः-** सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**कर्कः-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य वआध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**धनुः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातःकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# क्या निजीकरण से सुधरेगी स्वास्थ्य व्यवस्था?

*राजु कुमार*

मध्यप्रदेश सरकार ने रीवा, देवास और गुना जिलों में कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन के लिए आउटसोर्स प्रणाली पर आधारित एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी है। मंत्रि-परिषद के अनुसार यह व्यवस्था उन स्वास्थ्य केंद्रों में लागू की जाएगी जहां चिकित्सकों के अधिकांश पद लंबे समय से रिक्त हैं। सरकार का दावा है कि इससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए जिला अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। सरकार ने इस व्यवस्था को पांच वर्ष की पायलट परियोजना के रूप में लागू करने का निर्णय लिया है। इसके परिणामों का मूल्यांकन किया जाएगा और अनुभव सकारात्मक रहने पर इसे प्रदेश के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तारित किया जा सकता है। जन स्वास्थ्य अभियान, मध्यप्रदेश सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे कई संगठनों ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि समस्या की पहचान सही है, लेकिन समाधान पर गंभीर सवाल है। यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है तो प्राथमिकता उन कमियों को दूर करने की होनी चाहिए, न कि संस्थानों के संचालन को आउटसोर्स व्यवस्था के हवाले करने की। यह बहस केवल तीन जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सीमित नहीं है। इसके केंद्र में यह सवाल है कि स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद कमियों का समाधान सरकारी संस्थाओं को मजबूत करके किया जाएगा या उनके संचालन की जिम्मेदारी धीरे-धीरे निजी क्षेत्र को सौंपी जाएगी। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के ताजा आंकड़े बताते हैं कि कुपोषण के साथ-साथ मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी गैर-संचारी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। शिशु और मातृ स्वास्थ्य से जुड़े कई संकेतकों में भी प्रदेश को अभी लंबा रास्ता तय करना है। ऐसे समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की जरूरत और बढ़ जाती है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी के अनुसार प्रदेश में 4134 उप स्वास्थ्य केंद्रों, 1045 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 245 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है। इसके साथ ही चिकित्सकों, विशेषज्ञों, नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारियों के बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के अधिकांश पद खाली होने के कारण बड़ी संख्या में मरीजों को जिला अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में जिला अस्पताल 100 से 200 किलोमीटर दूर हैं, जिससे उपचार में देरी और मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें सरकार का नया निर्णय सामने आया है। लेकिन इसे लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सिस्ट) का कहना है कि यदि समस्या डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है तो उसका समाधान नियमित भर्ती, बेहतर पदस्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा के लिए प्रोत्साहन और स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमता बढ़ाने में खोजा जाना चाहिए। उनका मानना है कि सरकारी व्यवस्था की कमियों को दूर करने के बजाय संचालन की जिम्मेदारी किसी बाहरी एजेंसी को सौंपना स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। मध्यप्रदेश में यह पहला अवसर नहीं है जब स्वास्थ्य संस्थानों को निजी भागीदारी के माध्यम से संचालित करने की कोशिश की गई हो। वर्ष 2015 में अलीराजपुर जिला अस्पताल और जोबट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसा प्रयोग किया गया था। जन स्वास्थ्य अभियान के अनुसार वह मॉडल अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाया और क्षेत्र के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं देखा गया, नतीजतन सरकार को इसे वापस लेना पड़ा था। इसी तरह वर्ष 2024 में जिला अस्पतालों को पीपीपी मॉडल के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों से जोड़ने के प्रस्ताव पर भी व्यापक विरोध हुआ था। तब चिकित्सक संगठनों और नागरिक समाज के विभिन्न वर्गों ने आशंका जताई थी कि इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था कमजोर होगी। इसी कारण वर्तमान निर्णय को भी कई लोग एक अलग प्रशासनिक प्रयोग के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं में निजी भागीदारी बढ़ाने की व्यापक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में देख रहे हैं। उनकी चिंता यह है कि यदि यह मॉडल सफल घोषित किया गया तो भविष्य में इसका दायरा और बढ़ सकता है। स्वास्थ्य सेवा को सामान्य बाजार व्यवस्था की तरह नहीं देखा जा सकता। शिक्षा और स्वास्थ्य ऐसे क्षेत्र हैं जहां राज्य की भूमिका केवल नियामक की नहीं बल्कि सेवा प्रदाता की भी होती है। संविधान के नीति-निदेशक सिद्धांत भी जनस्वास्थ्य के संरक्षण और सुधार की जिम्मेदारी राज्य पर डालते हैं। इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े किसी भी बड़े फैसले का मूल्यांकन केवल प्रशासनिक सुविधा के आधार पर नहीं किया जा सकता। डॉक्टरों की कमी, विशेषज्ञ सेवाओं का अभाव और प्रबंधन की कमजोरियां वास्तविक समस्याएं हैं। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि किसी सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं तो समाधान डॉक्टरों की नियुक्ति है या अस्पताल का संचालन निजी हाथों को सौंप देना। यदि स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो तो उसका समाधान स्कूलों का निजीकरण नहीं माना जाता। यदि पुलिस बल में रिक्तियां हों तो थानों का संचालन निजी एजेंसियों को नहीं सौंपा जाता। उसी प्रकार स्वास्थ्य संस्थानों की समस्याओं का स्थायी समाधान भी उनकी क्षमता बढ़ाने, रिक्त पद भरने और संसाधनों को मजबूत करने में ही निहित है। मध्यप्रदेश जैसे राज्य में, जहां बड़ी आबादी आज भी सरकारी अस्पतालों पर निर्भर है, इस प्रश्न का महत्व और बढ़ जाता है। स्वास्थ्य व्यवस्था की चुनौतियां वास्तविक हैं और उनका समाधान भी आसान नहीं है। फिर भी दीर्घकाल में सबसे भरोसेमंद व्यवस्था वही होगी जिसमें सरकार अपनी संस्थाओं को मजबूत करे, रिक्त पद भरे, विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार करे और लोगों का भरोसा सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र पर कायम रखे। आखिरकार एक कल्याणकारी राज्य की पहचान केवल योजनाएं बनाने से नहीं, बल्कि अपनी सार्वजनिक संस्थाओं को सक्षम और सुलभ बनाए रखने से भी होती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### प्राइवेट बस चालक परिचालक की दबंगई का शिकार हुआ पत्रकार

**पनवाड़ी/महोबा।** राठ से झांसी चलने वाली प्राईवेट बस संचालकों के दबंगई के मामले आये दिन सामने आते रहते। ऐसा ही मामला उस समय सामने आया जब पत्रकार साथी अपना उपचार कराकर बुधवार को वापस पनवाड़ी आ रहे थे, उन्हें बस के चालक व परिचालक द्वारा सीट पर बैठने के दौरान अभद्रता करते हुए उठा दिया गया। इसकी शिकायत सम्बन्धित अधिकारियों से कर कार्यवाही की मांग की है। बताया है कि पनवाड़ी निबासी पत्रकार दिलीप निगम अपना इलाज कराकर बुधवार को अपरान्ह वापस प्राईवेट बस में बैठ कर झांसी से आ रहे थे,उसी समय कंट्रेटर और ड्राइवर ने उस बस में बैठे दिलीप निगम जो झांसी से इलाज करा कर लौट रहे थे अभद्रता करते सीट से उठा दिया गया जब उन्होंने इसका विरोध करते हुए अपने बीमार होने की बात कही तो वह दबंगई करने लगे। उन्होंने कहा कि यूपी के राठ झांसी चलने वाली प्राइवेट बस पनवाड़ी महोबकंठ रुकने का कोई प्रावधान नहीं है इससे परिवहन निगम को लाखों का घाटा हो होता है। कई बार ओवरलोडिंग या यात्रियों से मनमानी किराया वसूलने जैसी दबंगई भी अक्सर सामने आती है। प्राइवेट बस कंडक्टर और ड्राइवर द्वारा गुंडागर्दी करने की शिकायतें आम हो गई है। दिलीप निगम पनवाड़ी से वरिष्ठ पत्रकार के रूप में जाने जाते हैं और उन्होंने अपनी हालत बताते हुए कहा कि मेरी हालात बहुत खराब है इसलिए मुझे सीट पर बैठने दो लेकिन ड्राइवर और कॉन्टैक्टर ने एक नहीं सुनी , और उन्हें दबंगई के बल पर उठा दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से इस ओर कार्यवाही की मांग की है।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित महोबा भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का उच्चस्तरीय निरीक्षण

**21 जून को मुख्यमंत्री का प्रस्तावित है जनपद में दौरा, एडीजी प्रयागराज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**



**महोबा।** जनपद महोबा में आगामी 21 जून को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत एडीजी प्रयागराज ज्योति नारायण द्वारा जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल मोदी ग्राउंड एवं गोरखगिरि पर्वत का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम से संबंधित सभी संभावित मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न बिंदुओं का गहन परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ एवं चाक-चौबंद बनाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता भवनों के पुनर्निर्माण को लेकर बार संघ पदाधिकारियों ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**उरई (जालौन)।** जिला बार संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल व महासचिव डॉ साधना त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं के साथ सदर विधायक के आवास पर पहुंचकर सदर विधायक को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता भवनों के पुनर्निर्माण, मरम्मत एवं रखरखाव के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की। बार संघ की महासचिव डॉ. साधना त्रिपाठी एवं अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल एडवोकेट के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ता भवनों की जर्जर स्थिति का उल्लेख किया गया। बार संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल एडवोकेट ने बताया कि जिला जजी उरई स्थित अधिवक्ता भवन तथा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित बार भवन कई वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। भवनों की लंबे समय से पुताई नहीं कराई गई है, जिससे उनकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। इसके अलावा भवनों में लगी विद्युत केबिल कई स्थानों पर कटी एवं क्षतिग्रस्त हैं, जिससे अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि भवनों की मरम्मत, पुताई, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य जल्द कराए जाने की आवश्यकता है। बार संघ पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि संघ की आर्थिक आय सीमित होने के कारण इतने बड़े स्तर पर निर्माण एवं रखरखाव कार्य कराना संभव नहीं हो पा रहा है। इसी को देखते हुए सदर विधायक से आर्थिक सहयोग प्रदान करने की मांग की गई है, ताकि अधिवक्ता भवनों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाया जा सके। बार संघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विधायक अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएंगे।

### प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति और मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें: गंगवार

**खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेले में किसानों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी**



**उरई (जालौन)।** नवीन तहसील भवन परिसर, उरई में आयोजित जनपद स्तरीय खरीफगोष्ठी एवं किसान मेला-2026 तथा प्राकृतिक खेती कार्यशाला में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति एवं मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। सदस्य गो सेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर ने अपने संबोधन में किसानों से गोपालन एवं गो-आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल उत्पादन लागत में कमी आती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचता है। उन्होंने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया। विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन ने किसानों से चरणबद्ध तरीके से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने उपस्थित किसानों का स्वागत करते हुए खरीफअभियान-2026 की रणनीति, विभागीय योजनाओं तथा फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से समयबद्ध पंजीकरण कराने तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इसीक्रम में सदस्य गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश राजेश सिंह सेंगर, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित बड़ी संख्या में किसान ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, विद्युत, भूमि संरक्षण, कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अखिलेश तिवारी, जिला कृषि अधिकारी गगनदीप, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधि, सिंचाई, विद्युत, नलकूप एवं लघु सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने जन-कल्याणकारी शिविर एवं विकास प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

- विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रशस्ति प्रमाण पत्र/किट

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रभारी मंत्री/खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उप्र शासन अजीत पाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान (दिनांक 05 जून से 21 जून 2026 तक) के क्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह में दूसरे दिन आयोजित विकास प्रदर्शनी एवं जनकल्याण शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया और जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला/प्राकृतिक खेती कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सूचना विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा सेल्फी विद पीएम सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार के 12 वर्षों तथा राज्य सरकार के 09 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही प्रदर्शनी में लगाये गए कृषि, बेसिक शिक्षा, उद्यान, स्वास्थ्य, उद्योग, आयुष, कृषि, बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वयं सहायता समूह, बैंक, पशुपालन, पीएम आवास आदि विभागों के स्टालों का भी अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस विकास प्रदर्शनी उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतिगत निर्णयों एवं उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्ग दर्शन में देश के चौमुखी विकास पर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति कर रही है तथा युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तिकरण हेतु सरकार सतत प्रयासरत है। जिलाधिकारी ने जनपद के प्राकृतिक खेती के उत्पाद/मिलेट्स की टोकरी देकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने जनकल्याण शिविर व विकास प्रदर्शनी में आए हुए अतिथियों का आभार व् धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह, महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं भारी संख्या में कृषक उपस्थित रहें।

## प्रभारी मंत्री ने नवनिर्मित पेंशनर कक्ष का किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** कोषागार में आज पेंशनरों की सुविधा हेतु उप्र शासन एवं कोषागार निदेशालय के निर्देशानुसार नवनिर्मित पेंशनर कक्ष का उद्घाटन प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, अजीत पाल सिंह, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों की गरिमा के अनुरूप उनके कल्याण, सम्मान एवं उनकी सुविधाओं के लिए निरंतर काम कर रही है। नव निर्मित पेंशनर कक्ष के निर्माण से पेंशनरों को बैठने, पेयजल, शौचालय आदि की सुवधिा प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं उनकी सुविधाओं के लिए उप्र शासन प्रतिबद्ध है। पेंशनर कक्ष का निर्माण कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण प्रखण्ड द्वारा रू0 19.83 लाख में कराया गया है। जिलाधिकारी द्वारा किटिकल गैप्स योजना के अन्तर्गत फर्नीचर तथा पेय जल हेतु बैंक आफ बड़ौदा द्वारा अपने सीएसआर फण्ड से वाटर कूलर की व्यवस्था की गयी है। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत मंत्री एवं जिलाधिकारी ने एक पेड़ माँ के नाम की थीम पर एक-एक अशोक का पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश। इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार पाण्डेय, सिविल पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा पेंशनर संघ के अध्यक्ष रसीद अहमद एवं अन्य पदाधिकारी/पेंशनर्स तथा अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## इमाम हुसैन की याद में राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत, कोल्डड्रिंक



**कुलपहाड़/महोबा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सुगिरा में जुमा की नमाज के बाद इमाम ए हसन हुसैन की याद में गौसिया अंजुमन कमेटी सुगिरा द्वारा मस्जिद के बाहर सड़क से गुजर रहे मुसाफिरों व राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरण किया गया। शर्बत पीकर लोगों ने ऐसी भीषण गर्मी में राहत महसूस की है। इस अवसर पर हाफिज शाहिद, हाफिज असलम, शरीफ मोहम्मद, सलीम अध्यापक, अकबर मंसूरी, तख्त सिंह यादव, आदिल मंसूरी, मुबारिक खान, मेंहदी हसन आदि गांव के लोग मौजूद रहे। इसी तरह कुलपहाड़ नगर की जामा मस्जिद में भी जुमा की नमाज के बाद कमेटी द्वारा कोल्डड्रिंक की बोतल वितरण की गई।

## धूमधाम से कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**फ्तेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आज नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसियों ने धूम धाम के साथ मनाते हुए कही केक काटा तो कहीं फ्ल वितरण कर उनकी लंबी आयु कि कामना की। जिले के खागा कस्बे में जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी, प्रकाश पांडेय, सलीम शेख, आरिफखान आदि ने केक काट कर अपने नेता को दीर्घायु होने की कामना की। वहीं जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, शेख एजाज अहमद, प्रवक्ता ई देवी प्रकाश दुबे, सैयद सहाब अली आदि ने वृद्धावस्था आश्रम मवैया पहुंचकर सभी वृद्धों को फ्ल वितरण किया एवं उनके हाल जाना। वृद्धाआश्रम पहुंचे पत्रकारों से जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि बहुत दुःख का विषय है कि जो माँ बाप अपने बच्चों को पाल पोस कर बड़ा करते हैं वहीं आगे चलकर उन्हीं मां बाप को निराश्रित छोड़ देते हैं उन्होंने आगे बताया कि आज हमारे नेता जननायक राहुल जी का जन्म दिन है उनकी दीर्घायु की कामना के लिए वो लोग वृद्ध जनों से मिलने आए हैं वहीं शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि आज पूरा देश एक अच्छी उम्मीद के साथ राहुल जी की ओर देख रहा है आज उनका जन्मदिन है इस अवसर पर वृद्ध जनों का आशीर्वाद ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है इसीलिए हम लोग यहां आकर सभी वृद्ध जनों से राहुल जी की लंबी आयु की कामना कराई।


**सूचना**

मैं SARVENDRA RATHORE पुत्र श्री NARBADESHWAR RATHORE निवासी ग्राम व पोस्ट जैनापुर महेशपुर ब्लॉक राजेपुर जिला फर्रुखाबाद उ0 प्र0 209621 एतद् द्वारा सूचित करता हूं कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सख्या UP7620150007512 में मेरे सरनेम की स्पेलिंग गलती से SARVENDRA RATHAUR छप गयी थी इसे सही करके SARVENDRA RATHORE लिखा व पढ़ा जाए, भविष्य में मुझे इसी सही नाम SARVENDRA RATHORE जन्मतिथि 10/06/1996 पुत्र NARBADESHWAR RATHORE जाना जाए।


## विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रकृति परिवर्तन गोष्ठी आयोजित

- चेयरमैन, ब्रह्मकुमारी सुदा बहन, भाजपा नेताओं ने किया पौधरोपण

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बृह्मकुमारीज द्वारा प्रकृति परिवर्तन पर एक गोष्ठी का आयोजन कर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चैयरमैन वैभव अरजरिया सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र राजपूत, वरिष्ठ नेता डॉ कमलेश सक्सेना, इंजीनियर करन राजपूत, बृह्मकुमारीज की सुदा बहन एवं बीके रागिनी की मौजूदगी में पौधारोपण किया गया। बृह्मकुमारीज के 90 वर्ष पूर्ण होने एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर के चिंतामणि आदर्श विद्यालय परिसर में बृह्मकुमारीज क्षेत्रीय संचालिका सुदा बहिन एवं बीके रागिनी बहिन द्वारा प्रकृति परिवर्तन पर एक कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करने के बाद गायक चरन सिंह द्वारा भजन गीत की प्रस्तुति देकर किया गया। इस अवसर चैयरमैन वैभव अरजरिया ने कहा कि केवल वृक्ष लगाना ही मात्र नहीं है, उसका पालन पोषण करना भी जरूरी है। पेड़ लगाने के बाद प्रतिदिन पानी डालना और उसकी देखभाल करना है। कहा कि अगर पर्यावरण को सुधारना है तो उसकी रक्षा करना पड़ेगी। क्षेत्रीय संचालिका सुदा बहिन ने कहा कि बृह्मकुमारीज के 90 दिन पूर्ण होने पर 90 वृक्ष लगाने का कार्यक्रम रखा गया है। कहा कि 1974 से पर्यावरण दिवस मनाना शुरू हुआ था। इसके अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र राजपूत, डॉ कमलेश सक्सेना, बलवीर सिंह यादव, बाबूलाल चौबे आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान बृह्मकुमारीज की ओर से नगर के लगभग दो दर्जन सफाई कार्मिकों को साल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद विभिन्न किस्म के 90 वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी राकेश अरजरिया, इमाम बख्श, काजू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मनोज चौबे, रिचा बहिन, रागिनी बहिन, खुशी बहिन आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कालेज के चिकित्साधीक्षक के जन्म दिवस युवाओं ने किया रक्तदान



**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन के चिकित्साधीक्षक डॉक्टर प्रशांत निरंजन के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक में किया गया जिसमें कई युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर डॉक्टर प्रशांत निरंजन ने कहा कि रक्तदान शिविर एक सामाजिक और जनहित कार्यक्रम है।जहां स्वस्थ लोग स्वेच्छा से जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करते हैं एक यूनिट दान किया गया। रक्त अलग-अलग मरीजों की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान भी कहते है क्योंकि जिस मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है यदि उसे समय से रक्त मिल जाता है तो ऐसे मरीजों की जान भी बचायी जा सकती हैं। प्रायः दुर्घटना के शिकार लोगों को रक्त की आवश्यता सबसे ज्यादा रहती है। यदि ऐसे मरीजों को समय से रक्त मिल जाता है तो उन्हें जीवनदान मिल जाता है। इस मौके पर डॉक्टर प्रशांत निरंजन, डॉक्टर जीतम सिंह राजपूत, डॉक्टर संतोष लोधी, अरविंद कुमार मिश्रा, लोकेश कुशवाहा, विकास हसनैन, सत्यम आदि ने रक्तदान किया। इसके बाद में राजकीय मेडिकल कालेज परिसर में वृक्षारोपण एवं मरीज को फ्ल वितरण किए गए।


## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 875/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0-न0नि0/ ई0नि0सू0/2026-27 — दिनांक 18/06/ 2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का कार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-

विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0 कम्पिल/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 20.06.2026 10:00 A.M. |
| Start Date And Time For E-Bids | 20.06.2026 10:00 A.M. |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 29.06.2026 03:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 29.06.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0



## कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक-160/न0पं0खिम0/ई-नि0सू0/2026-27 — दिनांकः- 19/06/2026

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में **राज्यवित्त आयोग** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से गौशाला में इंटरलाकिंग कार्य एवं नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मिट्टी भराव कार्य तथा मन्दिर सौन्दर्यीकरण कार्य कराया जाना है,जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 20/06/2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 27/06/2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या-SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खमिसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 27/06/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 27/06/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0 खिम0/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 20.06.2026 02:00 P.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 27.06.2026 02:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 27.06.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

(प्रवीण कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0

(पुष्पराज सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0


# पंचनद संगम पर योग शिविर आयोजित

- सैकड़ों लोगों ने सीखे स्वस्थ जीवन के मंत्र

**माधौगढ़, जालौन, समृद्धि न्यूज।**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून तक आयोजित किए जा रहे योग सप्ताह के अंतर्गत बुंदेलखंड के ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ क्षेत्र पंचनद संगम पर भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार भुवनेश कुमार ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का भी माध्यम है। योग शिविर में योग प्रशिक्षक श्रीमती ममता स्वर्णकार एवं योग गुरु रविंद्र जी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं नियमित योगाभ्यास की विधियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से तनाव, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं अन्य जीवनशैली जनित बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। योग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ मन को एकाग्र और सकारात्मक बनाता है। कार्यक्रम में प्रभारी खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार गौतम, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वरुण कुमार गुप्त, फार्मासिस्ट चंद्रशेखर सोनी तथा महेश सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर की व्यवस्थाओं एवं पार्किंग संचालन की जिम्मेदारी डॉ. संतोष कुमार और उनकी टीम ने संभाली, जबकि कार्यक्रम संचालन की व्यवस्था डॉ. रश्मि तिवारी, चिकित्साधिकारी हदरुख द्वारा की गई।


## आर्मी पलिक स्कूल, फतेहगढ़ को दैनिक मजदूरी पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/सुरक्षा गार्डों की आवश्यकता है।

**दूरभाष संख्याः** 07080667367

1. **आर्मी पब्लिक स्कूल, फतेहगढ़** द्वारा विभिन्न पदों पर **भर्तियां** निकाली जा रही हैं। इन भर्तियों के तहत एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ), माली, हाउस कीपर (पुरुष), हाउस कीपर (महिला), सुरक्षा गार्ड, ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन और आया (महिला) के पदों पर उम्मीदवारों को नियुक्त किया जाएगा। इन सभी पदों के लिए भुगतान **दैनिक मजदूरी (Daily Wages)** के आधार पर किया जाएगा।
2. इच्छुक उम्मीदवार विद्यालय के कार्यालय में उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर, आवेदन कर सकते हैं। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन पत्र को **आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक विवरण, ईपीएफविवरण (यदि ईपीएफ(EPF) सदस्य हैं), ड्राइविंग लाइसेंस (ड्राइवर पद के लिए) और डिप्लोमा (इलेक्ट्रीशियन पद के लिए)** की स्व-सत्यापित (self-attested) फोटोकॉपी के साथ स्कूल कार्यालय में जमा करना होगा।
3. विद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **30 जून 2026 है।**
4. साक्षात्कार की तिथि दूरभाष (टेलीफोन) द्वारा सूचित की जाएगी।
5. स्कूल प्रबंधन के पास उचित कार्यवाही करने के सभी अधिकार सुरक्षित हैं।

**(Offg Principal)**

# महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर हुई साहित्यिक संगोष्ठी

▸ हास्य व्यंग के रचनाकार लल्लू जी को दी गई जन्मदिन की बधाई




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

साहित्य साधना संस्थान, बाराबंकी के तत्वावधान में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर एक भव्य साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन विकास भवन परिसर में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं मंच संचालक पंडित राम किशोर तिवारी 'किशोर' ने की, जबकि संचालन सुप्रसिद्ध ओज कवि डॉ. अंबरीश अंबर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओज कवि दीपक दिवाकर द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ– हे जगत जननी तेरी आराधना करता रहूं, जग के बंधन से निकलकर साधना करता रहूं। इसके उपरांत कवियों ने महारानी लक्ष्मीबाई के अद्वितीय शौर्य, राष्ट्रभक्ति एवं बलिदान को अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। ओज कवि मनोज शुक्ला ने वीरांगना की शौर्यगाथा का वर्णन करते हुए कहा– पीठ पर पुत्र और दोनों हाथ में कृपाण, मुंह से लगाम खींचती हुई चली गई। प्रख्यात ओज कवि डॉ. अंबरीश अंबर ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुति में कहा– वेगवान हो गई थी क्रांति की लपट, अंक में समेट लिया झांसी झटपट। हास्य कवि अजय प्रधान ने समसामयिक विषयों पर व्यंग्यात्मक कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को विचारोत्तेजक संदेश दिया। वहीं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने अपनी रचना में कहा– प्रेम के रस में पगी हो कविता, सद्भावों से सजी हो कविता। कार्यक्रम के अध्यक्ष पंडित राम किशोर तिवारी 'किशोर' ने महारानी लक्ष्मीबाई के रणकौशल का वर्णन करते हुए प्रभावशाली पंक्तियाँ सुनाई- रानी समरांगण में कहर मचाती हुई, सारे शत्रु दल को संहारती चली गई।

संगोष्ठी में हास्य कवि प्रदीप महाजन, संजय शर्मा, युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा, कवयित्री सुधा सिंह, आशा सिंह, हास्य कवि ठहाका श्री, पत्रकार एवं कवि रत्नेश कुमार, कवि जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू', हास्य कवि सनत वर्मा 'अनाड़ी' सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' का जन्मदिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। उन्हें माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में भाजपा नेत्री गुलजार बानो, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार मौर्य, वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार, रेड क्रॉस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, सियाराम रावत 'ठहाका श्री', जे.एल. भास्कर, नंदकिशोर वर्मा, के.पी. सिंह, फूलचंद, वाई.एन. वर्मा, आलोक वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, शशांक श्रीवास्तव, मानसी, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति, साहित्य साधना एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

## कागज में बनी इंटरलॉकिंग का हुआ भुगतान, जांच की मांग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत ठेंगहा में बिना निर्माण कार्य कराए लाखों रुपये के भुगतान का आरोप सामने आया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों को शिकायतती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार वित्तीय वर्ष 24–25 में वर्क आईडी 104054349 के अंतर्गत पारसनाथ सिंह के खेत से नरेंद्र सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग के निर्माण का कार्य सरकारी अभिलेखों में पूर्ण दर्शाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य के नाम पर भुगतान भी कर दिया गया है जबकि मौके पर इंटरलॉकिंग सड़क का कोई निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि फ्रमेरी पंचायत ऐप/पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार श्री साईं कृपा ट्रेडर्स को तीन किश्तों में भुगतान किया गया है। वहीं मजदूरी मद में भी खर्च दिखाए गए हैं।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी घर से सामान लेने के लिए निकली थी। वापस लौटते समय लखनऊ-अयोध्या हाईवे के निकट काशीपुर गांव के पास बाइक सवार एक युवक ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवक ने किशोरी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया। घटना से घबराई किशोरी ने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान महताब आलम निवासी वसौली, थाना पटरंगा, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें गठित : डीएम



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कहा कि मुहर्रम के त्यौहार को सकुशल, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 20 जून से 26 जून 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

# राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच में हुई नियुक्तियां




**लालगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के संगठन विस्तार एवं सामाजिक-राजनीतिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष बैठक ÷सर्व स्वर्णकार सेवा संस्था के मुख्यालय लालगंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के कौशांबी जिला अध्यक्ष अवधेश सोनी ने की, जबकि कार्यक्रम में रायबरेली जिला अध्यक्ष रवि सोनी एवं जिला महामंत्री गोविंद सोनी की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में संगठन की मजबूती एवं स्वर्णकार समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से शिवम, सोनी को राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच का रायबरेली जिलाङ्उपाध्यक्ष तथा शिव प्रकाश सोनी को जिला मंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित लोगों ने ध्वनिमत से नियुक्तियों का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान सोनू सोनी (खागा वाले), संजय सोनी, रामबाबू सोनी (उर्फ दादू), कौशलेंद्र सोनी, कंचन सोनी, महेश सोनी, अनिल सोनी तथा संतोष सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राधेश्याम सोनी, जिला अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा रायबरेली एवं प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच उत्तर प्रदेश ने कहा कि संगठन स्वर्णकार समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त एवं संगठित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान कर संगठन नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है तथा आने वाले समय में स्वर्णकार समाज की भागीदारी प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन समाज एवं संगठन की एकता, जागरूकता तथा राजनीतिक सहभागिता को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## कृषि विज्ञान केंद्र में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया और कृषि भूमि संरक्षण मृदा स्वास्थ्य संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि यह अभियान मृदा परीक्षण, संतुलित पोषक प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, उन्नत बीजों का उपयोग, हरी खाद, आधुनिक बुआई तकनीक और जल–संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। खेत हमारी समृद्धि का आधार है और किसान हमारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है हमें कृषि भूमि को सुरक्षित रखने के साथ–साथ जल संरक्षण एवं टिकाऊ खेती को अपनाना है। इस दौरान खेतों को बचाने एवं कृषि को सशक्त बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा रामबाबू द्विवेदी मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह डॉक्टर अश्वनी कुमार सिंह डॉक्टर रिंकी कुमारी चौहान सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर क्षेत्र में शुक्रवार को रीवा–चपरी मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना हुई ग्राम मुंडेरी के पास दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। जानकारी के अनुसार ग्राम मुंडेरी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र विदुर सिंह और चंद्रकांत सिंह पुत्र स्वर्गीय राजकुमार सिंह एक बाइक पर सवार थे।उनकी टक्कर सामने से आ रही दूसरी बाइक से हुई,जिसे बिलौली निवासी सुमित चला रहा था। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत सहायता प्रदान की।उन्हें एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे चिकित्सको ने तीनो घायलो का उपचार शुरू कर दिया है।उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से झुलसा युवक, इलाज जारी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के रौसी झंडा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब युवक आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था और अचानक लाइट आने से पेड़ में करंट उतर गया जिससे अजय कुमार पुत्र धुन्नी वर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी रौसी झंडा गंभीर रूप से घायल हो गए परिवारजन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया पारिवारिकजनों ने बताया कि खेत में आम तोड़ रहे थे तभी यह घटना हो गई।

### बाइकों भिड़ंत में दो युवक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर गोतौना गांव के निकट दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर किया गया। जानकारी के अनुसार गोतौना गांव निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह 35 वर्ष दोपहर बाद 3:45 अपनी मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ की ओर आ रहे थे कि तभी गांव के निकट पड़ने वाले कट से अपनी पटरी पर आ रहे थे कि तभी लखनऊ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस के अलावा 108 एंबुलेंस को दी गई दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर गंभीर अवस्था के चलते दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद केजीएमयू के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार का नाम सचिन कुमार पुत्र रविंद्र सिंह 36 वर्ष निवासी करकौड़ा थाना सैदपुर जिला बुलंदशहर बताया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के एक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर जलपापुर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे शेखनपुरवा मजरे अलीनगर निवासी सूरज पुत्र रामनरेश गौतम अपनी पल्सर बाइक से मरकामऊ से घर लौट रहे थे।इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता रामनरेश ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सूरज बाइक से गिर गया है। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो सूरज की मौत हो चुकी थी। परिजन शव को अपने घर ले आए थे।घटना रामनगर थाना क्षेत्र के जलपापुर में हुई थी। परिजनों द्वारा शव घर ले आने के बाद रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। चूंकि शेखनपुरवा अलीनगर बदोसराय थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए बदोसराय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गहरे गड्ढे में गिरी कार, महिला का हाथ टूटा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत गौरीगंज जामों मार्ग पर पूरबगांव मोड़ के पास बीती रात 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार एक महिला का हाथ टूट गया और अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। सूचना मिलने पर गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज चल रहा है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने की बात सामने आई है। लोगों ने कार चालक के निद्रा ग्रस्त होने की आशंका जताई है।

# राज्यमंत्री ने किया धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सरकार सनातन संस्कृति और धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंदिरों के सौंदर्यीकरण से न केवल आस्था को बल मिलेगा, बल्कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।÷ यह बात खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने शुक्रवार को तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यो के शिलान्यास के दौरान कही। राज्यमंत्री श्री शर्मा ने खारिका फूल स्थित जलहली माता मंदिर, पूरे गोडियन मजरे सूर्यपुर स्थित प्राचीन जलहली माता मंदिर तथा दादूपुर लकड़िया स्थित राजा रमन धाम में करीब 1 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने मंदिरों में दर्शन-पूजन कर विश्व कल्याण के साथ ही क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तीनों धार्मिक स्थलों पर लगभग 50.56 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। सौंदर्यीकरण योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए हाल, शौचालय, पेयजल व्यवस्था तथा मंदिर परिसर के सुंदरीकरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राज्यमंत्री ने कहा कि इन प्राचीन एवं पौराणिक स्थलों के प्रति लोगों की गहरी आस्था है।

# चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल छन्दवल में योगाभ्यास का आयोजन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में स्वयंसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल, ग्राम छन्दवल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में प्रदेश के ख्यातिप्राप्त योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी एवं योगाचार्य, अमर सिंह वर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, तनावमुक्त एवं अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

डॉ. अवस्थी ने बच्चों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया तथा बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने योगाचार्य का स्वागत किया और छात्र छात्राओं को योग दिवस के बारे में बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार योगाभ्यास की व्यवस्था की। शिक्षकगण शारदा रावत, प्रिया मौर्या, सरिता यादव, सुनील कुमार, इलावती, पलक कनौजिया, अर्चना, छाया देवी, स्टॉफ सरोज, जियालाल, सरस्वती सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया तथा नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी एवं योगाचार्य अमर सिंह वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों एवं ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# सूचना विभाग का यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह लॉन्च

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया है। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने चैनल का लोकार्पण किया।

यह चैनल प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों तथा जनहितकारी कार्यक्रमों से जुड़ी प्रमाणिक और तथ्यपरक जानकारी आमजन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों और महत्वपूर्ण आयोजनों का नियमित प्रसारण भी किया जाएगा। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि डिजिटल मीडिया आज जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में 'सूचना प्रवाह' सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु साबित होगा। वहीं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग आधुनिक तकनीकों को अपनाकर जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है और यह मंच प्रदेश की विकास यात्रा को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यशाला में हुआ किसानों का सम्मान

## एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक निर्मल वर्मा ने किसानों को किया संबोधित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिसवां स्थित केन सभागार में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने किसानों को जागरूक करने तथा इस क्षेत्र में कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि प्राकृतिक खेती आधुनिक भारत की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से किसान रासायनिक खेती से हटकर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के साथ हर स्तर पर खड़ी है। विशिष्ट अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं और केंद्र व प्रदेश सरकार उन्हें आवश्यक संसाधन व तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने किसानों से अन्य कृषकों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का कार्यकाल किसानों के कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को इस खेती के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की आवश्यकता है। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती के लाभ तकनीक और इसके सामाजिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संयोजक जया सिंह, सुधाकर शुक्ला, रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, कामेश शुक्ला, रवि सिंह, लोकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

## खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** कोतवाली क्षेत्र के चौरी अलादासपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक 61 वर्षीय वृद्ध का शव खेत में नीम के पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, चौरी अलादासपुर गांव निवासी बदलू (61) गुरुवार देर रात किसी समय घर से निकल गए थे। शुक्रवार सुबह गांव के पूर्व स्थित उनके खेत में नीम के पेड़ से अंगोछे के सहारे उनका शव लटका मिला। शव देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच–पड़ताल की। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। वृद्ध की मौत को लेकर क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं, हालांकि अभी तक घटना के पीछे की कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# गौशाला कर्मी को इंटरलॉकिंग मजदूर दिखाकर निकाली सरकारी धनराशि

▸ एक ही अवधि में दो अलग-अलग कार्यों में नाम दर्ज होने से भुगतान प्रक्रिया पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज




**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड गोंदलामऊ के संदना क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में सरकारी धन के भुगतान को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक ही व्यक्ति को पहले गौशाला (पशु आश्रय स्थल) के देखरेखकर्ता के रूप में भुगतान किया गया, जबकि उसी अवधि में उसे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में मजदूर दर्शाकर अलग से मजदूरी का भुगतान भी कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ही व्यक्ति को एक साथ दो अलग-अलग कार्यों में दर्शाकर सरकारी धनराशि का भुगतान किया जाना नियमों और वित्तीय पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। मामले को लेकर ग्राम प्रधान मनोज सिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार की कार्यप्रणाली भी चर्चा के केंद्र में है। सूत्रों के अनुसार पंचायत के अभिलेखों में संबंधित व्यक्ति का नाम गौशाला संचालन से जुड़े भुगतान रिकॉर्ड में दर्ज है।

वहीं दूसरी ओर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की मजदूरी सूची में भी उसी व्यक्ति को कार्यरत दिखाकर भुगतान किया गया है। यदि अभिलेखों में दर्ज तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग और भुगतान सत्यापन प्रणाली की बड़ी खामी को उजागर करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि भुगतान से जुड़े सभी अभिलेख, मस्टररोल और कार्यस्थल सत्यापन की जांच कराई जाए ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। मामला सामने आने के बाद अब निगाहें जिला प्रशासन और पंचायतीराज विभाग पर टिकी हैं। यदि समय रहते जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल और गहरे हो सकते हैं। एक व्यक्ति, दो कार्य और दो भुगतान का यह मामला अब अधिकारियों से तत्काल संज्ञान और कठोर जांच की मांग कर रहा है।

## गुमशुदा की तलाश



**नाम- प्रियंका वर्मा**
**पिता का नाम- जय प्रकाश वर्मा**
**ग्राम- मन्यौरा पोस्ट मन्यौरा थाना फरधान जनपद खीरी**
**उम्र-32 वर्ष**
**कद-करीब 5 फीट 2 इंच**
**लिंग-महिला**
**रंग-सांवला**
**गुम होने की तिथि 24.09.2025 को घर से दवा लेने लखीमपुर गई थी घर वापस नहीं आई है।**
**हुलिया- आँख,नाक,कान,औसत**
**पहनावा- सलवार सूट, पैर में चप्पल भूरे रंग की चप्पल**
**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा के सम्बन्ध में जिस व्यक्ति को कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर निम्न नम्बर पर सम्पर्क कर सूचना देने का कष्ट करें।**

| जांचकर्ता उ.नि. | थानाध्यक्ष | वादी का नाम- जयप्रकाश |
|---|---|---|
| महादेवी | | |
| थाना फरधान-खीरी | थाना फरधान-खीरी | पिता का नाम-नरेशचन्द्र |
| मो. 6398806265 | मो. 9454403778 | मो. 7408232763 |

# एक बार फिर रुका पूर्वी बाईपास पर नाला निर्माण

**▸ एनएचएआई की पैमाइश पूरी होने तक इंतजार**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जीटी रोड हाईवे स्थित पूर्वी बाईपास पर नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा रहा नाला निर्माण कार्य एक बार फिर रोक दिया गया। शुक्रवार को जैसे ही पालिका ने निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया, एनएचएआई के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और पुलिस की मौजूदगी में कार्य रुकवा दिया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक (पीडी) से फोन पर वार्ता की। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि एनएचएआई के पीडी ने आश्वासन दिया है कि आगामी दो से तीन दिनों के भीतर प्रस्तावित मेजर जंक्शन की भूमि की पैमाइश पूरी करा दी जाएगी। इसके बाद नाला निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के आश्वासन पर फिलहाल निर्माण कार्य दो-तीन दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि नगर पालिका तालग्राम रोड से जीटी रोड हाईवे किनारे स्थित निरंकारी सत्संग भवन के पास पुलिया तक वर्षा जल निकासी के लिए नाले का निर्माण करा रही है। जैसे ही निर्माण कार्य पूर्वी बाईपास तिराहे तक पहुंचा, एनएचएआई ने प्रस्तावित मेजर जंक्शन का हवाला देते हुए इसे रुकवा दिया। यह मामला पिछले



करीब दो वर्षों से लंबित चला आ रहा है। पालिका प्रशासन का कहना है कि मानसून शुरू होने से पहले नाले का निर्माण पूरा होना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ तो क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि पूर्वी बाईपास तिराहे पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक डीलक्स सुलभ शौचालय का निर्माण भी प्रस्तावित है, लेकिन एनएचएआई द्वारा भूमि की पैमाइश पूरी न होने के कारण यह योजना भी फिलहाल अधर में लटकी हुई है।

मालूम हो कि विगत वर्ष नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में विकास खंड कार्यालय के पास नगर पालिका ने जीटी रोड हाईवे किनारे अतिक्रमण हटवा कर नाले का निर्माण शुरू किया था लेकिन जानकारी होते ही एनएचएआई ने यहां पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन निर्माण का हवाला देते हुए काम रुकवा दिया था। आखिरकार वह जगह छोड़कर आगे से नाला का निर्माण शुरू कर दिया गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की अटकाने लटकाने भटकाने वाली नीति के चलते अब तक मेजर जंक्शन का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। हर बार पैमाइश का हवाला देकर काम को टाल दिया जाता है जबकि अब तक आधा दर्जन बार पैमाइश कराई जा चुकी है।

# रीजेंसी हेल्थ निःशुल्क परामर्श शिविर में 60 मरीजों ने लिया लाभ

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका रोड स्थित एलआईसी ऑफिस के पास संजीवनी हॉस्पिटल में शुक्रवार को रीजेंसी हेल्थ के तत्वावधान में निःशुल्क परामर्श शिविर में 60 मरीजों ने लाभ लिया। प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नीरज मौर्या सिंह (एमडी) ने कैंसर संबंधी जांच एवं परामर्श प्रदान किया। उन्होंने रेडिएशन थेरेपी, बिना कारण वजन कम होना, लंबे समय से रहने वाला दर्द, असामान्य रक्तस्राव, लगातार खांसी, निगलने में परेशानी तथा शरीर में किसी भी स्थान पर गांठ या असामान्य सूजन जैसी समस्याओं से संबंधित मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक सलाह दी। वहीं यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. अविरल श्रीवास्तव (एमएस, एमसीएच) ने पेशाब में जलन या दर्द, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून आना, पुरुष नपुंसकता तथा प्रोस्टेट



संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में कुल 60 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।आयोजकों ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराकर गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान एवं उपचार के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर डॉ. रजनीश द्विवेदी, प्रभात अवस्थी, शिवकुमार मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को शेष जीवनकाल तक आजीवन कारावास

**▸ दोषी पर 2.02 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया**

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म, गाली-गलौज और धमकी देने के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दो लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अभियोजन के अनुसार, बहराइच जनपद के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र स्थित सलारगंज निवासी बुद्धिगिरि पुत्र रविगिरि के खिलाफ 14 दिसंबर



2023 को इंदरगढ़ थाने में मुकदमा संख्या 361/23 दर्ज किया गया था। आरोप था कि उसने वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। मामले में धारा 376, 504, 506 आईपीसी एवं 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## प्राकृतिक खेती से बनेगा स्वस्थ भारत और किसानों की बढ़ेगी आय कैलाश राजपूत

**कन्नौज।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज का आधार है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर स्वस्थ भारत और समृद्ध किसान का सपना साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की उपस्थिति में किया। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।

# धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने राहुल गांधी के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मार्च 2004 में राहुल गांधी ने अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी के अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से राजनीति में कदम रखा और एक लाख से अधिक वोटों से शानदार जीत हासिल की। 2009 और 2014 के आम चुनावों में भी उन्होंने अमेठी से अपनी लोकसभा सीट बरकरार रखी। 24 सितंबर 2007 को उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया। राहुल गांधी ने भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। जनवरी 2013 में वे कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने और दिसंबर 2017 में पार्टी अध्यक्ष का पद संभाला। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। 2011 में किसानों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान उनकी गिरफ्तारी ने उनकी निष्ठा को और उजागर किया।

इस अवसर पर आसाराम यादव, अजय दुबे, देवकीनंदन दुबे (मुन्ना), आशीष सिंह चौहान, सुरेश सिंह तोमर, राजीव अग्निहोत्री, प्रदीप दुबे, भैया लाल दुबे, दिनेश पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राहुल गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

# पंचर के पैसे मांगना दुकानदार को पड़ा भारी, युवकों ने पीटा



**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**▸ गाली-गलौज और हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**
**▸ तिर्वा कस्बे का बताया जा रहा मामला**
**▸ वीडियो में कुछ लोग बीच-बचाव करते भी नजर आ रहे हैं**

पंचर जोड़ने के पैसे मांगना एक दुकानदार को उस समय भारी पड़ गया, जब कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवकों और दुकानदार के बीच गाली-गलौज व हाथापाई होती दिखाई दे रही है।

वायरल वीडियो के संबंध में बताया जा रहा है कि तिर्वा कस्बे में स्थित एक पंचर की दुकान पर कुछ युवक अपनी बाइक का पंचर बनवाने पहुंचे थे।

काम पूरा होने के बाद जब दुकानदार ने मेहनताना मांगा तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी। वीडियो में कुछ लोग बीच-बचाव करते भी नजर आ रहे हैं, लेकिन युवक काफी देर तक हंगामा करते रहे। घटना के दौरान दुकान पर मौजूद अन्य लोगों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि मामला तिर्वा कस्बे का है। पुलिस का कहना है कि यदि तहरीर प्राप्त होती है तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 24 घंटे में नाबालिग बरामद, अपहरण का आरोपी गिरफ्तार



**▸ तिर्वा पुलिस की त्वरित कार्रवाई,कानपुर नगर निवासी युवक को भेजा गया जेल**

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नाबालिग के अपहरण के मामले में तिर्वा कोतवाली पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफलता हासिल करते हुए अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस के अनुसार 18 जून 2026 को तिर्वा क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर कोतवाली तिर्वा में मुकदमा संख्या 212/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत रामू एवं एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर शुक्रवार को पुलिस टीम ने नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया।

साथ ही आरोपी रामू पुत्र रतीराम पासवान (24 वर्ष), निवासी ग्राम लालपुर पड़री, थाना साढ़, जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है तथा बरामद नाबालिग और आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम, मुख्य आरक्षी जयप्रकाश, आरक्षी ओमवीर एवं महिला आरक्षी आरती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# धूमधाम के साथ मना राहुल गांधी का जन्मदिन



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश सचिव एवं कांग्रेस कमेटी कन्नौज के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बहुत धूमधाम के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मनाया और इस मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में बधाई संदेश में विजय मिश्र ने कहा कि ÷लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संघर्ष, सत्य के लिए आवाज उठाना और देश की एकता-अखंडता के प्रति समर्पण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सदैव किसान, मजदूर, युवा और आम जनता की आवाज को संसद से सड़क तक पहुंचाने का काम किया है। मिश्रा ने आगे कहा के समय में जब लोकतंत्र और संविधान पर हमले हो रहे हैं।

# कल तक हटाएं अतिक्रमण, वरना सामान होगा जब्त

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद एवं पुलिस की टीम ने शुक्रवार को नगर के तरह स्थित पार्क से फर्रुखाबाद रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जिसमें अतिक्रमणकारियों में हड़कंभ मच गया नगर पालिका प्रशासन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने शुक्रवार को अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि जो लोग रोड पर, दुकान के आगे अवैध कब्जा कर बैठे हैं या सामान



रखकर मार्ग अवरुद्ध कर रहे हैं, वे कल तक खुद हटा लें। ईओ ने कहा कि निर्धारित समय के बाद पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा।

**ईओ का अल्टीमेटम**

अभियान के दौरान अतिक्रमण मिलने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा और कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तिराहा-चौराहा से 50 मीटर तक जीरो टॉलरेंस अनिल कुमार ने स्पष्ट किया कि तिराहा और चौराहे की 50 मीटर रेंज में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा। यह नियम सभी दुकानदारों पर समान रूप से लागू होगा। चेतावनी के समय कोतवाल अजय कुमार अवस्थी, अतिरिक्त निरीक्षक सीपी तिवारी, आकाश सक्सेना मनोज तिवारी गौरव मिश्रा अशोक कुमार पालिका, पुलिस व पीएसी कर्मी मौजूद रहे।

## पत्नी से विवाद के बाद ऑटो चालक ने खाया जहर ,मौत

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र की मानीमऊ चौकी अंतर्गत सैय्यदपुर सकरी गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक ऑटो चालक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सैय्यदपुर सकरी निवासी 40 वर्षीय सुधीर कुशवाहा पुत्र कुशल मिस्त्री ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार सुबह वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। विवाद के बाद वह घर के पीछे चला गया और कथित रूप से सल्फास की चार पुड़िया खा लीं।कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन घबरा गए। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया।

## गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना, आसरा योजना तथा आईएचएसडीपी आवास योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (1.0) के अंतर्गत स्वीकृत 10,167 आवासों में से 10,069 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 98 आवास निर्माणाधीन हैं। डीएम ने शेष आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं पीएम आवास योजना-शहरी (2.0) के तहत प्रथम किश्त प्राप्त कर चुके लाभार्थियों के आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा लंबित आवेदनों का पारदर्शी सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा।

# नए कोर्ट में बनेगा विश्रामालय और कैंटीन

**अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात,**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण ने बड़ी सौगात दी है। उन्होंने विधायक निधि से कुल 40.05 लाख रुपये की दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इससे नए जिला न्यायालय परिसर और पुरानी कचहरी दोनों स्थानों पर अधिवक्ताओं के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। स्वीकृत परियोजनाओं के तहत नए जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने, विश्राम करने तथा भोजन की व्यवस्था के लिए आधुनिक विश्रामालय और कैंटीन का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य



के लिए 24.99 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। वहीं पुरानी कचहरी स्थित अधिवक्ता भवन की मरम्मत और सुंदरीकरण पर 15.06 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्हें बेहतर कार्य

**▸ पुरानी कचहरी के अधिवक्ता भवन का भी होगा सुंदरीकरण**

वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायालय आने वाले आम लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

दोनों परियोजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन की जिम्मेदारी यूपी सिडको को सौंपी गई है। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्य शीघ्र शुरू कर निर्धारित समय में गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इससे न्यायालय परिसरों की व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

**पत्रांकः-संख्या-227/ न0पा0प0/2025-26** **दिनांक- 19.06.2026**

## ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज में विभिन्न बाजार ठेका/पार्किंग ठेका एवं ई-रिक्शा लाईसेंस शुल्क वसूली हेतु ठेका उठाना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों / फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

Tender Reference Number - 2025-26/17 ET (RE)

| क्र.सं. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 20.06.2026 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 20.06.2026 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 20.06.2026 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 21.06.2026 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 21.06.2026 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 21.06.2026 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 29.06.2026 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 29.06.2026 | 03:00 PM |

| क्र. | नाम ठेका | अनुमानित धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पार्किंग ठेका | 2675000.00 | 268000.00 | 944.00 | 01 जुलाई 2026-31 मार्च 2027 तक |
| 2 | खोया मण्डी | 245000.00 | 24500.00 | 767.00 | |
| 3 | सब्जी मण्डी | 282000.00 | 28200.00 | 767.00 | |
| 4 | गल्ला मण्डी | 402000.00 | 40200.00 | 767.00 | |
| 5 | ई-रिक्शा लाईसेंस शुल्क वसूली | 416000.00 | 41600.00 | 767.00 | |

**नियम एवं शर्तें-**

1. ई-निविदा के साथ जमानत धनराशि पालिका के खाता संख्या 28800100026611 आईएफएससी कोड BARBOGURSBS में जमा करना अनिवार्य होगा जिसकी स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. ठेका के सामने अंकित निविदा मूल्य पालिका में जमा कर रशीद अथवा खाता संख्या 28800100026611 आईएफएससी कोड BARBOGURSBS में जमा कर रशीद टेक्निकल बिड के साथ स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। बिना निविदा मूल्य रशीद के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा मूल्य जमा करना होगा।
3. पालिका के समस्त ठेका वित्तीय वर्ष 01.07.2026 से 31.03.2027 तक के लिए वैध होंगे।
4. ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक ठेकेदारों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र एक चरित्र प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
5. नवीनतम शासनादेशों के आधार पर स्वीकृत टेण्डर धनराशि पर निर्धारित मूल्य के स्टाम्प जमा कर अनुबन्ध करना होगा।
6. समस्त ठेका अथवा किसी विशेष ठेका को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को होगा जिसमें किसी प्रकार का कोई कारण बताया नहीं जायेगा।
7. स्वीकृत ठेका की धनराशि का 50 प्रतिशत तुरन्त जमा करना होगा, ऐसा न करने पर ठेकेदार की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। और पुनः ठेका टेण्डर की कार्यवाही की जायेगी।
8. स्वीकृत ठेका की बकाया धनराशि 30.11.2026 तक जमा करना करना अनिवार्य होगा।
9. ठेकेदार पालिका द्वारा निर्धारित रेट पर ही वसूली करेगा।
10. किसी शर्त को संशोधित करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी को होगा।
11. पालिका के बकायेदार ठेकेदार / फर्म निविदा में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह नहीं होगी।
12. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
13. जमानत धनराशि निविदा प्रकाशन के उपरांत जमा ही मान्य होगी। पूर्व से जमा कोई धनराशि जमानत के रूप में स्वीकार नहीं की जायेगी।
14. शासनादेश 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई.टी./2017 (22) दिनांक 03 जनवरी 2018 के अनुपालन में निविदादाता को समस्त आवश्यक अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि सम्बन्धी अभिलेखों की स्कैन प्रति अपलोड करना आवश्यक होगा। निविदा की तकनीकि एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता को सभी अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि सम्बन्धी अभिलेख मूलरूप में प्रस्तुत करने होंगे। मूल रूप में प्रस्तुत न करने पर निविदादाता के विरूद्ध शासनादेश के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

**(अनिल कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**

**(मुन्नी देवी)**
**अध्यक्ष**

# 24 हजार रिश्वत लेते खनन अधिकारी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन अधिकारी संजय प्रताप को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने शुक्रवार दोपहर उनके सरकारी आवास पर छापा मारकर कार्रवाई की।

गिरफ्तारी की खबर फैलते ही खनन विभाग समेत प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर गोवा निवासी पूर्व जिल पंचायत सदस्य भजन लाल के बेटे आदेश यादव के पास दो ट्रैक्टर-ट्रॉली हैं। उससे बालू ढोने का काम करते हैं। उन्होंने खनन की अनुमति लेने के लिए

- सरकारी आवास से एंटी करप्शन टीम ने दबोचा
- कार्यवाही के बाद एंटी करप्शन टीम ले गयी अपने साथ, मुकदमा दर्ज

खनन अधिकारी/खनन निरीक्षक संजय प्रताप से अनुमति मांगी थी। इसके बदले में उन्होंने रिश्वत की मांग की थी। शुक्रवार दोपहर को खनन निरीक्षक फतेहगढ़ स्थित ऑफीसर्स कालोनी में अपने आवास पर थे। वहीं आदेश उन्हें रिश्वत के रुपये देने पहुंचा। वहां उनका चालक पंकज भी था। खनन निरीक्षक ने खुद 24 हजार रुपये न लेकर चालक पंकज को पकड़ा दिए। चालक ने वह रुपये खनन


अपने साथ खनन अधिकारी को ले जाती टीम

निरीक्षक को दे दिए। तभी एंटी करप्शन टीम ने खनन निरीक्षक संजय प्रताप व उनके चालक पंकज दबोच लिया। रंग लगे रुपये भी कब्जे में ले लिए। दोनों को एंटी करप्शन टीम कोतवाली फतेहगढ़ ले गई है। वहां वह कागजी कार्रवाई करने के बाद अपने साथ लेकर चली गई। सूत्रों के मुताबिक टीम काफी समय से मामले पर नजर बनाए हुए थी। जैसे ही रिश्वत का लेन-देन हुआ, टीम ने मौके पर पहुंचकर अधिकारी को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई के दौरान सरकारी आवास के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि टीम ने मौके से जरूरी दस्तावेज और अन्य साक्ष्य भी जुटाए हैं। मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं एंटी करप्शन विभाग अब यह भी जांच कर रहा है कि इस प्रकरण में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है। घटना के बाद जिले में अवैध खनन और उससे जुड़े भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से खनन कार्यो को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। फिलहाल एंटी करप्शन टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। एंटी करप्शन टीम अपने साथ लेकर चली गयी और वहीं खनन निरीक्षक के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# योग सप्ताह के तहत ब्लाक परिसर में किया गया योगाभ्यास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड सभागार में बीडीओ ने योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह के तहत कर्मचारियों के साथ योग किया। विकासखंड परिसर में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योगाभ्यास के अवसर से पहले योगाभ्यास किया। कर्मचारियों को योग का प्रशिक्षण दिलाया।

कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हुए विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी कर्मचारी आम जनमानस सहित विकासखंड कार्यालय परिसर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योगाभ्यास करें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सभी


योगाभ्यास करते बीडीओ व कर्मचारी

प्रदेशों के मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब सभी लोग योगाभ्यास करेंगे तो आम जनमानस या सरकारी कर्मचारी क्यों नहीं करेंगे, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योगाभ्यास करें। बीडीओ ने कार्यालय परिसर में योगाभ्यास का प्रशिक्षण कर्मचारियों को दिलाया। स्वयं 1 घंटे तक सुबह योगाभ्यास किया। इस मौके पर सभी ग्राम पंचायत के सचिव, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, सचिव सुनील कुमार, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, डाक कर्मचारी मनोज कुमार, लवलेश कुमार, बिंद्रा प्रसाद, जमुना प्रसाद सहित विकासखंड के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# नोएडा में कायमगंज निवासी युवक की गोली मारकर हत्या

- हत्या के विरोध में व्यापार मण्डल ने बाजार बंद रखने का लिया निर्णय

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र की रॉयल सिटी कॉलोनी में गुरुवार को शाम को मामूली कहासुनी के बाद दो पड़ोसियों ने 50 वर्षीय जीवन किशोर यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल जीवन किशोर को अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जीवन किशोर का अपने पड़ोसी विशाल कश्यप और विक्की के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों ने


मृतक का फाइल फोटो

कथित तौर पर जीवन किशोर को गोली मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक जीवन किशोर यादव मूल रूप से फर्रुखाबाद के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर दूंदेमई गांव के निवासी थे। वह भाई मुन्नालाल, देवकी नंदन और रामकिशोर के साथ फर्रुखाबाद बाईपास स्थित आवास पर रहते थे। करीब 10 वर्ष पहले वह परिवार सहित ग्रेटर नोएडा के बादलपुर क्षेत्र में बस गए थे। यहां वह प्रॉपर्टी डीलिंग और ट्रांसपोर्ट के कारोबार से जुड़े थे। बुधवार को ही वह कायमगंज से वापस नोएडा लौटे थे। जीवन किशोर के परिवार ने चार साल पहले भी बड़ा सदमा झेला था। तब उनके 22 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिवार में पत्नी आशा देवी, विवाहित पुत्री अंजली, दूसरी पुत्री कंचन और दो वर्ष पहले गोद लिया गया, एक मासूम बच्चा है। कंचन वर्तमान में एमए की पढ़ाई कर रही है। हत्या की खबर कायमगंज पहुंचते ही व्यापारियों और शुभचिंतकों की भीड़ उनके आवास पर जुट गई। गल्ला व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने शोक जताते हुए बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं की सुनीं समस्यायें


समस्यायें सुनती राज्य महिला आयोग की सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 10 महिलाओं द्वारा अपने-अपने समस्याओं का प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। सदस्या द्वारा वि0 खंड कमालगंज के महरूपुर बीजल में जागरूकता चौपाल की और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया एवं जिला जेल का निरीक्षण किया गया। साफ सफाई के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, महिला थाना अध्यक्ष, परियोजना निदेशक, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेंटर, दत्तक ग्रहण के कार्मिक व अन्य विभागों के अधिकारी गण भी मौजूद रहे।

# 26 घण्टे पहले ताजिया रोड पर रखे जाने का हिन्दू संगठन करेंगे विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में ताजिया उठने से कई घण्टे पहले सड़क पर रखने का हिन्दू संगठनों ने प्रवल विरोध किया है। हिन्दू संगठनों ने शुक्रवार को कचहरी पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कायमगंज में मुख्य चौराहे पर जुलूस से 26 घण्टे पहले ताजिया सड़क पर रखे जाते है।

जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि अगर ताजिया नहीं हटे तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल रोड जाम करेगा। अखिलेश मिश्रा ने कहा कि हिन्दू


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते हिन्दूवादी नेता

संगठन रोड जाम कर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ताजियों को रखने से नहीं रोका तो हिंदू संगठन रोड जाम कर देंगे। ताजिया नहीं निकलने देंगे। हिंदू सगठनों का कहना है कि 26 घण्टे पहले ताजिया रोड पर रखने से 268 गावों का आवागमन बाधित होता है। इस मौके परविभाग संगठन मंत्री रिषभ, विभाग संयोजक अभिषेक, जिला संरक्षक दिनेश मिश्रा, जिला सहसंयोजक बजरंग दल रोहन मिश्रा, जिला गौरक्षा प्रमुख योगेन्द्र प्रताप सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दबंगो ने युवक व उसके साथियों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने युवक व उसके साथियों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। जनपद कन्नौज के थाना छिबरामऊ के गांव सराय डायमगंज निवासी मिलन कुमार गुरुवार रात लगभग साढ़े सात बजे ट्रेक्टर ट्राली में बिजली का सामान भरकर फर्रुखाबाद से घर लौट रहा था। उसी दौरान थाना नवाबगंज के गांव पुठरी मंदिर के निकट खड़े गांव के ही निवासी युवकों से ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवकों ने मिलन कुमार को गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। मिलन कुमार को बचाने आए उनके साथी जनपद एटा के थाना बागवाला के गांव मरजातपुर निवासी प्रमोद कुमार, जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव के गांव अरमसराय निवासी रंजीत को भी मारपीट की। मारपीट में मिलन कुमार, प्रमोद कुमार, रंजीत चोटिल हो गए। थाना पुलिस को मिलन कुमार ने युवकों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पिता के पास भिवाड़ी राजस्थान निकला युवक लापता

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि उनका बीस वर्षीय पुत्र अजय यादव तीन दिन पूर्व अपने पिता के पास भिवाड़ी राजस्थान जाने की बात कहकर घर से निकला था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी वह पिता के पास नहीं पहुंचा। युवक का मोबाइल नंबर भी बंद है। स्वजनों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी।

### दबंगों ने युवक को पीटा, घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी अखिल प्रताप प्रजापति गुरुवार सुबह अपना खेत देखने गया था। बाइक सड़क किनारे खड़ी कर वह खेतों में काम करने लगा। ट्रैक्टर सवार गांव निवासी रास्ते मे बाइक खड़ी करने को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर ट्रैक्टर सवार युवक ने अपने अन्य साथियो को फोन कर बुला लिया। ट्रैक्टर सवार युवक नें अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर युवक को लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी।

### शमसाबाद क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर को मिली रफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील के शमसाबाद क्षेत्र में प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना अब धरातल पर उतरने लगी है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीड़ा के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कायमगंज तहसील के 16 गांवों की लगभग 1100 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, चिन्हित 16 गांवों की भूमि और उस पर स्थित परिसंपत्तियों के विक्रय पत्रों के निष्पादन के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है। शासनादेश के प्रावधानों के तहत, संबंधित किसानों की आपसी सहमति के आधार पर भूमि खरीदी जाएगी और विक्रय पत्र सीधे यूपीड़ा के पक्ष में निष्पादित कराए जाएंगे। प्रशासन ने परियोजना के लिए तहसीलदार कायमगंज हर्षित सिंह और नायब तहसीलदार अनवर हुसैन को अधिकृत किया है। दोनों अधिकारी किसानों से समन्वय कर सहमति के आधार पर भूमि क्रय की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। औद्योगिक गलियारा परियोजना के लिए जिन गांवों की भूमि चिन्हित की गई है, उनमें असगरपुर, शाहपुर दासू, बछलईया, कैयरखेड़ा, नगला नान, बैरमपुर, इस्माईलपुर, चिलसरा, सादिकपुर, रोशनाबाद, भटपुरा, कासिमपुर सानी, अमल्लैया सहित अन्य गांव शामिल हैं। यूपीड़ा की इस परियोजना से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# गुणवत्ता सुधरने पर फर्रुखाबाद में लगेंगी चिप्स फैक्ट्रियां: प्रभारी मंत्री

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्राकृतिक खेती कार्यशाला और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया और स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान विधायक सुशील शाक्य मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। तुरन्त उन्हें उपचार दिया गया। प्रभारी मंत्री ने आम उत्पादकों सहित कुल 21 स्टॉलों का अवलोकन किया। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला-मेला का आयोजन मधुवन रिसोर्ट कमालगंज रोड में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने की। उप कृषि निदेशक ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कुसुम, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी भूमि के एक हिस्से पर प्राकृतिक खेती प्रारम्भ कर रसायनमुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।मुख्य अतिथि मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया, किन्तु रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने किसानों से गोबर, गौमूत्र, हरी खाद एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर



कृषक को सम्मानित करते प्रभारी मंत्री

आधारित खेती अपनाकर स्वस्थ समाज और समृद्ध कृषि व्यवस्था के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती से किसानों को बेहतर बाजार, भूमि की उर्वरता में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने किसानों से भविष्य की पीढ़ियों के हित में प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। मंत्री जयवीर सिंह ने जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं अन्य अधिकारियों के साथ सूचना विभाग द्वारा लगाई गई केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए। प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनपद में आलू का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। हालांकि, गुणवत्ता की कमी के कारण यहां चिप्स निर्माण की बड़ी फैक्ट्रियां स्थापित नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने किसानों से गुणवत्तापूर्ण आलू उत्पादन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार किसानों को तकनीकी सहायता और अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा 8 कृषकों को बीज मिनीकिट, 5 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु 5 कृषकों को नैपसेक स्प्रेयर वितरित किए गए। समापन अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित कृषकों को विभागीय स्टालों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि एवं किसान कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान अमृतपुर विधायक मंच पर गश खाकर गिरे पड़े, जिससे कार्यक्रम में हड़कंप मच गया। जिसके बाद सीएमओ ने प्राथमिक उपचार किया।

## दबंगों ने युवक व परिजनों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज के गांव बांसमई निवासी संदीप कुमार शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे अपने खेत में खड़ी मक्का की फसल को तोड़ रहा था। उसी दौरान गांव के ही निवासी युवक व उसके परिजनों ने खेत पर आकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर युवक व उसके साथियों ने संदीप कुमार को लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। संदीप कुमार को बचाने आए भाई सचिन कुमार व मां फूलन देवी पत्नी डबलू को भी मारपीट की। मारपीट में संदीप कुमार, सचिन कुमार, फूलन देवी पत्नी डबलू के चोटें आई। पुलिस को संदीप कुमार ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं: ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में एक परिवार की शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब विवाह की तैयारियों के बीच हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार जटपुरा गांव निवासी दिनेश कुशवाहा की पुत्री रुचि की बारात 19 जून को शाहजहांपुर जनपद के पृथ्वीपुर मिर्जापुर थाना क्षेत्र से आनी थी। विवाह को लेकर घर में तैयारियां चल रही थीं। इसी क्रम में 18 जून को अमृतपुर कस्बे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टेंट का सामान भरकर गांव ले जाया जा रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चालक समेत 11 युवक सवार थे। बताया गया कि अमृतपुर कस्बे के निकट करनपुर मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार सभी युवक घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल


मृतक का फाइल फोटो

अंकित पुत्र आदर्श को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई रेफर किया गया था। परिजनों के अनुसार, सैफई में उपचार के दौरान अंकित ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। मृतक अंकित अपने पीछे पत्नी प्रियंका और आठ माह की मासूम पुत्री प्रिसा को छोड़ गया है। अंकित का रुचि से चाचा-भतीजी का संबंध था और वह विवाह की तैयारियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही दुल्हन रुचि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिस मंडप में शादी की रस्मों की तैयारियां चल रही थीं, वहां सन्नाटा पसरा रहा और पूरा मंडप खाली पड़ा दिखाई दिया। एक ओर घर में बारात के स्वागत की तैयारियां थीं, वहीं दूसरी ओर हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई और परिजनों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# हर जगह से निराश नेत्र रोगियों को लौटायी रोशनी : डॉ. महेन्द्र गुप्ता


डॉ. महेन्द्र गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान डॉ. महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि लोगों की निःस्वार्थ सेवा करना मेरा परम उद्देश्य है। निराश नेत्रहीन रोगियों की आंखों में नूर भरने का काम किया। रोशनी पाकर लोगों ने दुआएं दी। डॉ. महेंद्र गुप्ता कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से हैं सम्मानित हो चुके है।

जनपद के एक शख्स जो अपने काम से जाने जाते है। वास्तविक रूप में तन मन धन को समर्पित करते हुए नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ किया है। कस्बा कायमगंज के महिंद्रा आंख व कान के अस्पताल जटवारा रोड के संचालक वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ समाजसेवी डॉ0 महेंद्र गुप्ता ने अभी तक हजारों लोगों की आंखों को देखने लायक बना दिया। उनकी दुनिया में कितनी खुशियों के रंग भर गए होंगे जिनकी आंखें चली गई हो इसकी कल्पना करके ही खुशियों का एहसास होता है। डॉ. महेंद्र गुप्ता ने प्रारंभिक

## धरती के भगवान

शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर कायमगंज से प्रारंभ की। एसएनएम इंटर कॉलेज से इंटर करने के बाद वह आगे की पढ़ाई के लिए आगरा चले गए। आगरा कालेज से उन्होंने उस बीएससी एमएससी करने के बाद केमिस्ट्री से पीएचडी की, डिग्री हासिल की। उनके गुरु सूरदास स्वामी शिवानंद महाराज


बच्चे का नेत्र परीक्षण करते डॉ. महेन्द्र गुप्ता

ने अंधत्व से पीड़ित लोगों की निःस्वार्थ सेवा करने का डॉ. महेंद्र को संकल्प दिलाया। अंधतव से पीड़ित लोगों की सेवा करने के लिए उन्होंने आंखों से संबंधित नेत्र चिकित्सा की पढ़ाई डॉ राजेंद्र प्रसाद रोहतगी आप्थाल्मिक रिसर्च एजुकेशन सेंटर कानपुर से की। कानपुर में नेत्र चिकित्सा की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने आगे की शिक्षा हैदराबाद एलबी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट हैदराबाद में की। जहां उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल करते हुए नेत्र रोगियों की सेवा की। उन्होंने जानकी आई कुंड चित्रकूट में भी अपनी नेत्र सेवाएं दी। कायमगंज में काफी लोग ऐसे है जो रोशनी के लिए परेशान है और दुनियां नहीं देख सकते है। ऐसे नेत्रविहीन लोगों को दुनियां देखने के लायक बनाया।

नेत्रहीन लोगों को कभी बेचारगी का एहसास कराता है। इन सभी के बीच रहकर लोगों की मदद करते हुए रोशनी देने का जिम्मा उठाया। डॉ0 महेंद्र गुप्ता जो हमेशा गरीब बेसहारा की मदद के लिए दिन रात लगे रहते हैं, चाहे वह किसी गरीब कन्या की शादी करना हो, चाहे किसी का टूटा फूटा घर बनवाना हो, बाढ़ पीड़ितों की सहायता करना हो, गौ सेवा हो, घायल गायों का इलाज करना हो, वह कोरोना काल रहा हो, जिसमें उन्होंने अपनी जान पर खेल कर हजारों लोगों की जान बचाई। भीषण गर्मी में भी उनका अमृत रूप शीतल से जल सेवा रथ लोगों की प्यास बुझा रहा है। उनके द्वारा इस सेवा से पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम सहित प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुरस्कार, स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिया गया। साथ ही कई बार सांसद, विधायक व मंत्रियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जब तक जीवन है, आखिरी सांस है तब तक हमारी निःस्वार्थ सेवायें जनता के लिए समर्पित है। गरीबों की सेवा करने से आत्मा की शांति मिलती है।

# बलात्कार के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर छोड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बलात्कार में असफल होने पर आरोपी ने युवती के घर में घुसकर उसके ऊपर तेजाब डाल दिया। विरोध करने पर उसकी मां की पिटाई कर दी। जिससे पीड़िता की मां का हाथ टूट गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था और आरोपी को गिरफ्तार लिया था, लेकिन दो दिन बाद पुलिस ने आरोपी को छोड़ दिया है। जो पीड़िता के पिता को तमंचा लेकर तलाश कर रहा है। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना जहानगंज के एक ग्राम निवासी पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि सरफाबाद गांव के हसीव उर्फ सुल्तान दुरयानी ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की।

विरोध करने से दुर्रानी व अन्य दो व्यक्ति दीवार फांद कर घर के अन्दर घुस आये थे और हाथों में सभी तमन्चा लिये थे। हसीव गाली गलौज करते हुए मुझे पकड़ लिया तथा तमन्चा लगाकर मेरे कपड़े फाड़ दिये व बलात्कार की कोशिश की। सफल न होने पर हसीव ने जेब से एक शीशी निकाली तथा मेरे ऊपर उड़ेल दी थी। जिससे पीड़िता वाये पैर पर अन्दर सूट, कपड़े जल गये थे तथा शरीर पर जलन पड़ने लगी। शोर पर पापा माँ बचाने आयी, तो हसीव ने वही पड़ा हुआ। डण्डा मेरी माँ के सीधे हाथ में मार दिया। जिससे मेरी माँ का हाथ टूट गया था। शिकायत के आधार पर हसीव सुल्तान दुरयानी पर थाना जहानगंज में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। जहानगंज एस.ओ. पूनम अवस्थी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने सांठगांठ करके आरोपी को छोड़ दिया अब वह गांव में पीड़िता के पिता को तमंचा लेकर तलाश कर रहा है और कह रहा है। पीड़िता ने एसपी से प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# एनसीसी कैडेट्सों को शस्त्र चलाने का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लेते कैडेट्स

एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-36 में शुक्रवार को प्रातः योग करने के उपरांत ड्रिल इंस्ट्रक्टर द्वारा ड्रिल परेड करने का प्रशिक्षण दिया गया।।आपदा प्रबंधन से डा0 रनधीर सिंह ने आपदा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपदाएं दो प्रकार की हैं- एक प्राकृतिक तथा एक मानव निर्मित। समय-समय पर इन आपदाओं का हम सभी को सामना करना पड़ता है। प्राकृतिक आपदाओं में भूकंप, वज्रपात, सूखा इत्यादि शामिल है, जबकि मानव निर्मित आपदाओं में बम विस्फोट, अग्नि का लगना, दुर्घटनाओं का होना, यातायात दुर्घटना, रेल दुर्घटना इत्यादि शामिल है। दुर्घटनाओं के समय एनसीसी कैडेट्स का क्या रोल होना चाहिए उन्होंने इसके बारे में जानकारी दी। साथ ही किस तरह से एनसीसी कैडेट्स को सुरक्षित रखते हुए राहत सामग्री पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाए तथा उनकी जान की सुरक्षा की जाए इसके बारे में भी जानकारी दी। डॉग बाइट के बारे में कैप्टन गिरिजा शंकर द्वारा जानकारी दी गई कि हाइड्रोफोबिया एक ऐसी बीमारी है जो कि जंगली जानवरों जैसे कुत्ता, बिल्ली, बंदर इत्यादि जानवरों के काट लेने से होती है। यह एक ऐसी भयंकर बीमारी है कि जब तक इसकी जानकारी या लक्षण आते हैं तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अंततोगत्वा इंसान की मृत्यु निश्चित ही हो जाती है। जो व्यक्ति रैबीज से पीड़ित होता है उसकी मृत्यु 24 घंटे के अंदर होना निश्चित होता है। यदि कोई जानवर पंजा या काटता है तो तत्काल वैक्सीन अवश्य ही लगवाना चाहिए। कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ ने कहा की जंगली जानवरों से हमेशा दूर रहें। पालतू जानवरों का भी समय-समय पर वैक्सीन कराना जरूरी होता है। डॉ0 रनधीर सिंह को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। 12 विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने सोशल मीडिया अभिशाप है या वरदान विषय पर डिबेट में प्रतिभाग किया। निर्णायक कैप्टन गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट राजेश दुबे, तथा सेकंड अफसर संतोष शुक्ला ने निभाई। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर संदीप माधव, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार दिनेश सिंह, जीसीआई अंजलि, हवलदार दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# पांचाल घाट गंगा तट पर युवाओं ने किया योगाभ्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


योगाभ्यास करते युवा

विश्व योग दिवस पर पतित पावनी मां गंगा के घाट पर जिलाधिकारी के निर्देशन में साप्ताहिक योगा अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला गंगा समिति के निर्देशन में विभिन्न गंगा योद्धाओं ने योगाभ्यास में प्रतिभाग किया। निहारिका पटेल ने बताया कि योग करने से न सिर्फ मानसिक शांति मिलती है, बल्कि शारीरिक ऊर्जा भी प्राप्त होती है। इस बार की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है, अर्थात मनुष्य वृद्धावस्था में भी उतना ही स्वस्थ रहे जितना युवावस्था में रहता है। कई रोग ऐसे भी होते हैं जो सिर्फ योगाभ्यास से ही ठीक होते हैं। वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रोग से ग्रस्त होता है, क्योंकि हमारा प्रतिदिन का खान-पान अनियमित होता जा रहा है। प्रतिदिन योग करने से न सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है, बल्कि कई विभिन्न बीमारियां भी दूर रहती हैं। योग हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सर्वप्रथम अपने देश में ही ऋषि मुनियों के द्वारा योग का प्रारंभ हुआ था। वर्तमान समय में देश-विदेश में भी लोग योग को अपना रहे है। योगाचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास जिसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, मकरासन, भ्रामरी, अनुलोम विलोम इत्यादि क्रियाएं कराई गईं। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने के विभिन्न प्रकार के उपाय बताएं। इस अवसर पर रोहित दीक्षित, दीक्षा, सुमित, घनश्याम, शुभम अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मंदिर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की डीएम से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला दरिबा पश्चिम स्थित मंदिर की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर विनीत बाजपेई ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

> सात दिन में न हटा तो जायेंगे उच्च न्यायालयः विनीत बाजपेयी

मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से दुकानें व मकान बनाए गए हैं। नगर पालिका निरीक्षण व जांच रिपोर्ट में अतिक्रमण प्रमाणित हो चुका है और ध्वस्तीकरण का आदेश भी पारित हो चुका है। बावजूद इसके 2 वर्ष से अधिक समय से कोई कार्यवाही नहीं हुई। विनीत बाजपेई ने कहा 7 दिन में कार्यवाही न होने पर उच्च न्यायालय में रिट याचिका व लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# बुराइयों में फंसने का बच्चों को बढ़ावा ना दें, उनका जीवन अमूल्य



समर कैम्प में मौजूद लोग व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेवाकेंद्र पर द्वितीय दिन पर बच्चों के उज्जवल भविष्य शिष्टाचार विद्यार्थी जीवन का मूल्य पर चर्चा हुई। शोभा बहन ने कहा कि समाज परिवर्तन की आवश्यकता तभी पड़ती है, जब दुख बढ़ते हैं, एक समय था, जब यह विश्व संपूर्ण सुखी था। विश्व में रहने वाला हर बच्चा सुखी था। जिसे स्वर्ग कहा जाता था। वर्तमान समय में सामाजिक स्तर में गिरावट का मुख्य कारण चारित्रिक और नैतिक पतन है, परमात्मा की समाज परिवर्तन के लिए यही योजना है कि हर मानव हर बच्चे के अंदर पुनः आध्यात्मिक जागृति के द्वारा नैतिक मूल्यों से सशक्त किया जाए। कर्तव्य निष्ठ, मूल्य निष्ठ, समाज के लिए मानसिक परिवर्तन जरूरी है। पूनम बहन ने राजयोग मेडिटेशन द्वारा बच्चों के मन को एकाग्र करने की कोशिश करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में आज हर छोटे-छोटे बच्चे भी तनाव, चिंता, क्रोध, लड़ाई झगड़ों से ग्रसित होते जा रहे हैं।

बच्चे भी मोबाइल के शिकार बनते जा रहे हैं, मोबाइल से पढ़ाई, मोबाइल से भोजन, मोबाइल से दूध पिएंगे। मोबाइल से सोना आदि बन गया है, तो यह तमोप्रधानता का कारण है। सुधीर ने कहा कि इस संसार के तमोप्रधान वातावरण का प्रभाव भी हमारे जीवन पर पड़ता है तो अपने बच्चों को मैनर्स सीखयें और उनके जीवन की वैल्यू को जानते हुए उन्हें एक नयी दिशा देने की प्रेरणाओं से प्रेरित करते रहे। बुराइयों में फसने का बच्चों को बढ़ावा ना दें क्योंकि उनका जीवन अमूल्य है। 60-70 बच्चों ने भाग लिया। निबंध में प्रतीक्षा पाल प्रथम, दौड़ में रियांश तिवारी प्रथम, नींबू रेस में आकांक्षा प्रथम, सुई धागा रेस खुशी नें बाजी मारी।


मेले का शुभारम्भ करते भाजपा जिलाध्यक्ष

## वृहद रोजगार मेले में 362 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले के मुख्य अथिति भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। मेले में आये अभ्यर्थियों का उद्धबोधन राजवीर सिंह नोडल प्रधानाचार्य के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिदानन्द सागर ने किया। मेले में 509 अभ्यार्थियों एंव लगभग 39 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 86 अप्रेंटिसिप और 276 जॉब के लिए कुल 362 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। मेले की व्यवस्था में प्रमुख रूप से रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस/प्लेसमेन्ट प्रभारी और कार्यदेशक ब्रजेश कुमार, राजकिशोर महतो एवं समस्त स्टॉफ, कायमगंज एंव अमृतपुर उपस्थिति रहे।

# जुलाई से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियानः नगर पालिकाध्यक्ष

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद पालिका अध्यक्ष व अन्य

नगर पालिका परिषद कार्यालय में अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। 1 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने पर मंथन किया गया। बैठक में संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नालियों की तलीझाड़ साफ-सफाई के तुरंत बाद कूड़ा उठान, नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और नियमित फॉगिंग कराने पर जोर दिया गया। साथ ही अभियान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, यानी क्या करें और क्या न करें पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष डॉ0 शरद कुमार गंगवार ने कहा कि बरसात के मौसम में संचारी रोग तेजी से फैलते हैं। इसलिए सभी वार्डो में अभियान को युद्धस्तर पर चलाया जाए। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां विशेष सफाई और दवा का छिड़काव कराया जाए। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। अधिशासी अधिकारी डा0 लव कुमार मिश्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, राजस्व निरीक्षक अंशुमान आनंद शुक्ला, सहायक अभियंता जल, प्रभारी लिपिक नीरज गुप्ता, सभी सभासदगण, समस्त सफाई नायक, निखिल राज व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। 1 जुलाई से शुरू हो रहे इस एक महीने के अभियान में नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग मिलकर घर-घर दस्तक देंगे।

## इग्नू द्वारा स्वस्थ जीवनशैली में योग की भूमिका पर वेबिनार आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इग्नू अध्ययन केंद्र 2729 फतेहगढ़ में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के तत्वावधान में स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग की भूमिका विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने की। योग सप्ताह के चौथे दिन इस विषय पर चर्चा करते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि तेज रफ्तार जीवन, अनियमित दिनचर्या, जंकफूड आदि से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रहीं है जिन्हें दिनचर्या में योग को अपनाकर कम किया जा सकता है। मुख्य वक्ता प्रो0 टी ओनिमा अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय रहीं। प्रो0 ओनिमा ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल तनाव और अवसाद में कमी आती है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। संचालक एवं कन्वेनर डॉ. रीना कुमारी ने कहा कि महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग के महत्व को आज से हजारों साल पहले ही रेखांकित कर दिया था तथा वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। इस अवसर पर निदेशक डॉ0 अनामिका सिन्हा, डॉ0 जय प्रकाश वर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ0 निशीथ नागर आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम को लेकर सीओ ने क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था के दिये निर्देश

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


फ्लैग मार्च करते सीओ मौजूद प्रभारी निरीक्षक

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला के साथ नगर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, उप निरीक्षक राम नरेश माथुर, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, उपनिरीक्षक अयुव, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, हेड कांस्टेबिल धमेन्द्र तिवारी, मुंशी रवेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार ने कोतवाली से फ्लैग मार्च शुरू किया। यह मार्च ट्रान्सपोर्ट चौराहा, पटवन गली, मैन चौराहा, लोहाई बाजार, श्यामा गेट, बजरिया रामलाल, काजम खाँ, जामा मस्जिद तहसील रोड, पुल गालिव पुलिया होते हुए कोतवाली पहुँचकर सम्पन्न हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर भी साइबर सेल नजर रखेगी।

उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने क्षेत्र के धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।सीओ ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं, इन्हें मिलजुल कर मनाएं मोहर्रम को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च साफ संदेश दे रहा है कि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की यह मुस्तैदी नगर में अमन-चैन कायम रखने में मददगार साबित होगी।

# मक्का खरीद पांच लाख मीट्रिक टन किए जाने की सीएम से मांग

> जिले में वास्तविक उत्पादन इससे कई गुना अधिक है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में सरकारी मक्का खरीद तत्काल प्रारंभ कराने एवं खरीद लक्ष्य 33 हजार मीट्रिक टन से बढ़ाकर 5 लाख मीट्रिक टन किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन भेजा गया। भेजे गये ज्ञापन में अशोक कटियार ने मांग की है कि जनपद प्रदेश के प्रमुख मक्का उत्पादक जनपदों में शामिल है। इस वर्ष किसानों ने बड़े क्षेत्रफल में मक्का की खेती की है तथा उत्पादन भी पर्याप्त मात्रा में हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। किन्तु वर्तमान में जनपद में सरकारी मक्का खरीद कार्य समय पर प्रारंभ नहीं हो सका है, जिसके कारण किसान अपनी उपज को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। निजी व्यापारी 1800 से 1950 रुपये प्रति क्विंटल तक की दर पर मक्का खरीद रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जनपद में मक्का उत्पादन को देखते हुए वर्तमान खरीद लक्ष्य 33 हजार मीट्रिक टन अत्यंत कम है। जिले में वास्तविक उत्पादन इससे कई गुना अधिक है। किसानों के हित में खरीद लक्ष्य बढ़ाकर कम से कम 5 लाख मीट्रिक टन किया जाना आवश्यक है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। सभी खरीद केंद्रों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने तथा किसानों के भुगतान की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसानों को एमएसपी से कम मूल्य पर उपज बेचने की मजबूरी से बचाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

## दरवाजे पर बैठी महिला पर बंदरों ने किया हमला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर वरी मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय महारानी पत्नी नानिकराम अपने घर के दरवाजे पर बैठी थीं, तभी वहां मौजूद बंदरों के झुंड ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। बंदरों ने महारानी के हाथ की बाह पर बुरी तरह काट लिया। जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गईं। महिला के चीखने-चिल्लाने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बंदरों को भगाया। घायल अवस्था में परिजन महारानी को तुरंत कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रैबीज इंजेक्शन लगाया। फिलहाल महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में बंदरों के आतंक को लेकर दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में बंदरों का झुंड आए दिन किसी न किसी पर हमला कर देता है। लोगों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की मांग की है। कायमगंज क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

# प्राकृतिक खेती से समृद्धि की राह, भुसेरा कार्यशाला में जुटे सैकड़ों किसान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

> विशेषज्ञों ने बताई आधुनिक तकनीकें
> भाजपा नेता डॉ. युवराज सिंह ने किसानों को किया सम्मानित



कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता

खेती की बढ़ती लागत, घटती भूमि उर्वरता और रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों के बीच किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से ग्राम भुसेरा स्थित एक पैलेस में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा नेता डॉ. युवराज सिंह ने कार्यशाला का शुभारम्भ किया।

क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों किसानों एवं कृषक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, मृदा विशेषज्ञ, मौसम विशेषज्ञ एसएम सुनील पांडे, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, सीनियर रिसर्च फेलो प्रशांत सिंह परिहार तथा चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व शोध निदेशक डॉ. एचजी श्रीवास्तव ने प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि मिट्टी, जल और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम भी है।

डॉ. एचजी श्रीवास्तव ने कहा कि खेतों में आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता को नुकसान पहुंचाता है। इससे भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है और उत्पादन क्षमता भी धीरे-धीरे घटने लगती है। प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान इस समस्या से काफी हद तक निजात पा सकते हैं। कृषक महिलाओं ने भी प्राकृतिक खेती के प्रति विशेष रुचि दिखाई। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। डॉ0 युवराज सिंह ने सभी वैज्ञानिकों, अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को समझने के बाद इस कार्यशाला की योजना बनाई गई थी, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी किसानों को नई कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। डॉ. युवराज सिंह ने कहा कि गंगा और रामगंगा के बीच बसे इस क्षेत्र के किसान हर वर्ष बाढ़ की मार झेलते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उनका प्रयास है कि गंगापार क्षेत्र का किसान समृद्ध और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने किसानों को सम्मानित भी किया।

# गल्ला व्यापारियों की लापरवाही से मोहम्मदाबाद रोड पर लगा लम्बा जाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


जाम में फंसे वाहन

मोहम्मदाबाद रोड पर शुक्रवार दोपहर यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। यहां करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भीषण गर्मी के कारण लोग घंटों गाड़ियों में फंसे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मुख्य मार्ग पर अक्सर जाम लगने का प्रमुख कारण सड़क किनारे संचालित गल्ला दुकानें हैं। इन दिनों क्षेत्र में मक्के की फसल की आवक तेज है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आते हैं, जिन्हें गल्ला व्यापारी सड़क पर ही आड़ा-तिरछा खड़ा करवा देते हैं। इससे सड़क संकरी हो जाती है और यातायात बाधित हो जाता है। इस जाम में सामान्य राहगीरों के साथ-साथ कई आपातकालीन वाहन और मरीज भी फंसे रहे। लोगों को धूप और गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। धनंजय सिंह ने बताया कि वे अपने परिवार के एक गंभीर मरीज को लेकर फर्रुखाबाद जा रहे थे। जाम में फंसे उन्हें करीब डेढ़ घंटा हो चुका था, लेकिन वाहन आगे नहीं बढ़ पा रहा था। मरीज की बिगड़ती हालत को लेकर वे चिंतित थे। इसी तरह, काम के सिलसिले में शमसाबाद जा रहे अंकित कुमार भी पिछले एक घंटे से जाम में फंसे हुए थे। उन्होंने बताया कि धूप और गर्मी के कारण यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही थी। नगर वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गल्ला दुकानों के बाहर सड़क पर अवैध रूप से खड़े होने वाले ट्रैक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने मक्का मंडी या ट्रैक्टरों के खड़े होने के लिए कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित करने की भी अपील की, ताकि इस दैनिक समस्या से निजात मिल सके।

# कांग्रेसियों ने वृद्धाश्रम जाकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन


बुजुर्गों के साथ राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी कमेटी के सदस्य एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे शुभम तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56वाँ जन्मदिवस वृद्धाश्रम कादरीगेट में असहाय एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच सेवा, सम्मान और सद्भावना के साथ मनाया। शुभम् तिवारी ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो कुशलक्षेम जानी, एवं उनके लिए राशन सामग्री उपलब्ध कराई। फल वितरित किए तथा उनके साथ केक काटकर, राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बुजुर्गजनों ने राहुल की लंबी उम्र एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शुभम् तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उनके जन्मदिवस पर सेवा कार्यो के माध्यम से समाज के प्रति हम भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए गरीब जरूरतमंदों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। कार्यक्रम में राजीव सैनी, सत्यप्रकाश तिवारी, मोहित शुक्ला, रिशव अग्निहोत्री, अर्चित कश्यप, विपिन प्रजापति, अंकित दीक्षित, केशव अवस्थी, महेन्द्र दिवाकर, कृतार्थ तिवारी, दिलीप यादव, बिरजू जाटव, शिवकुमार, शिवम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सीएचसी में किशोरियों को लगाया गया एचपीवी टीकाकरण


टीकाकरण कराती किशोरी

> सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चला अभियान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ0 विपिन कुमार के नेतृत्व में एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को इन्फेक्शन व सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान कॉम्स बीएचडब्लू द्वारा टीकाकरण किया गया। वहीं आरके काउंसलर द्वारा किशोरियों और उनके अभिभावकों को वैक्सीन के फायदों के बारे में जागरूक कर सहयोग किया गया चिकित्सा प्रभारी डॉ0 विपिन कुमार ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर और बच्चेदानी के संक्रमण से सुरक्षित रखती है। 14-15 वर्ष की उम्र में यह टीका सबसे ज्यादा प्रभावी होता है। सभी अभिभावकों से अपील है कि वे अपनी बेटियों को यह टीका जरूर लगवाएं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और छूटी हुई पात्र किशोरियों को चिन्हित कर टीका लगाया जाएगा।

# अब फार्मासिस्ट भी कहलाये जायेंगे फार्मेसी अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


जानकारी देते फार्मासिस्ट आशीष कुमार शुक्ला

भारत सरकार ने देश के फार्मासिस्टों के फार्मेसी प्रोमोशन कैडर स्ट्रक्चर को अधिकारिक रुप से भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया। इस फैसले के तहत फार्मासिस्ट संवर्ग के वेतन की संरचना में बड़ा सुधार किया गया है और उनके पदनाम को परिवर्तित कर फार्मेसी अधिकारी कर दिया है।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल ने इसका स्वागत किया है। यह केवल एक कागजी गजट नोटिफिकेशन नहीं है, बल्कि राष्ट्र को गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में फार्मासिस्टों द्वारा निभाई जाने वाली अनिवार्य भूमिका की वह बहु प्रतीक्षित मान्यता है, जिसके हकदार थे। नये कैडर संरचना में फार्मेसी अधिकारी से लेकर संयुक्त निदेशक फार्मेसी तक के उच्च पद शामिल किये गये है। यह नया ढांचा स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के भीतर एक स्पष्ट प्रोन्नति पदानुक्रम स्थापित करता है। बहुप्रतीक्षित सफलता में संगठन के उच्च पदाधिकारियों ने इस सफलता पर व फार्मेसी पेशे को मजबूत बनाने के लिए योगदान रहा।

## अभिव्यंजना संरक्षक स्व. रजनी सरीन की श्रद्धांजलि सभा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना की संरक्षक एवं आकांक्षा समिति की सचिव डॉ. रजनी सरीन ने समाजसेवा करते हुए प्रतिमान स्थापित किया। उनके निधन से बहुत बड़ी क्षति हुई है। उनकी स्मृतियों को सजोते हुए 20 जून शाम 5 बजे गायत्री इंटर नेशनल स्कूल निकट मिशन अस्पताल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। यह जानकारी संस्था समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### युगांतर त्रिपाठी फिर बने गोला के एसडीएम, प्रतीक्षा त्रिपाठी जाएंगी अवकाश पर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत युगांतर त्रिपाठी को एक बार फिर गोला का एसडीएम नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी अवकाश पर जाएंगी। युगांतर त्रिपाठी इससे पूर्व भी गोला में एसडीएम के पद पर तैनात रह चुके हैं। उनके पुनः आगमन को लेकर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हैं। पिछले कार्यकाल के दौरान राजस्व, अतिक्रमण और जनसुनवाई से जुड़े मामलों को लेकर समय समय पर लोगों द्वारा शिकायतें भी उठाई गई थीं। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन भी किया था। वर्तमान एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के अवकाश पर जाने के बाद युगांतर त्रिपाठी जल्द ही कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनके सामने कानून व्यवस्था, राजस्व मामलों के निस्तारण और जन शिकायतों के समाधान जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियां रहेंगी।

### गोला तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा के निष्कासन पर बार में बढ़ा असंतोष, 100 अधिवक्ताओं ने भेजा समर्थन पत्र

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष लाल बिहारी वर्मा एडवोकेट के एक वर्ष के लिए किए गए निष्कासन के विरोध में बार के अधिवक्ताओं का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। लगभग 100 अधिवक्ताओं ने उनके समर्थन में हस्ताक्षरयुक्त समर्थन पत्र अध्यक्ष को डाक के माध्यम से भेजा है, जिसमें निष्कासन के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए उसे निरस्त करने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि लाल बिहारी वर्मा बार एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य और पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। कुछ लोगों के कहने पर उनके विरुद्ध एक वर्ष का निष्कासन आदेश पारित किया गया, जो बार एसोसिएशन के संविधान और निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं है। समर्थन पत्र में इस कार्रवाई को असंवैधानिक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने कहा कि बार एसोसिएशन की गरिमा, एकता और लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए निष्कासन संबंधी प्रस्ताव पर निष्पक्ष समीक्षा आवश्यक है। संगठन हित में न्यायोचित निर्णय लेते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा का निष्कासन निरस्त किया जाना चाहिए। समर्थन पत्र पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के करीब 100 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। इस दौरान अधिवक्ता अनूप कुमार वर्मा, सुरेश चंद्र कनौजिया सहित अनेक अधिवक्ताओं ने निष्कासन के फैसले पर असंतोष व्यक्त करते हुए संगठन की एकता और सम्मान को सर्वोपरि बताया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकुमार गौतम ने बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस संबंध में कोई विशेष जानकारी नहीं मिली है, लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा के समर्थन में अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित समर्थन पत्र डाक के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

### अज्ञात जंगली जानवर के हमले से गोवंश की मौत, तेंदुए की मौजूदगी की आशंका से दहशत



**खमरिया (खीरी)।** खीरी जिले के खमरिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पकरिया के मजरा मुरावनपुरवा में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात जंगली जानवर के हमले से एक गोवंश की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। गांव के बाहर खेतों के किनारे गोवंश का शव पड़ा मिला। उसके शरीर पर गहरे घाव और हमले के निशान पाए गए, जिससे किसी हिंसक वन्यजीव के हमले की संभावना जताई जा रही है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां देखी जा रही थीं। ऐसे में लोगों को आशंका है कि यह हमला किसी तेंदुए या अन्य बड़े मांसाहारी जानवर द्वारा किया गया है। हालांकि, वन विभाग की ओर से अभी तक किसी वन्यजीव की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### खीरी के जलज का बॉलीवुड में नया कदम, 'मैं भारत हूँ' की शूटिंग शुरू



**लखीमपुर खीरी।** फरधान-मन्योरा निवासी फिल्मकार आदित्य वर्मा 'जलज' के निर्देशन में देशभक्ति और गंगा-जमुनी तहज़ीब पर आधारित फिल्म 'मैं भारत हूँ' की शूटिंग शुरू हो गई है। शुभारंभ के दौरान वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद समेत मुंबई से आई कई हस्तियों ने हिस्सा लिया। जलज एंड प्रिया क्रिएशंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक और लेखक आदित्य वर्मा 'जलज' हैं। फिल्म में लखीमपुर के आर्येन्द्र पाल सिंह, रश्मि खान और ध्रुव मिश्रा को भी मौका दिया गया है। आदित्य वर्मा 'जलज' ने बताया कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, भाईचारे और मानवता का संदेश देने वाली भावनात्मक प्रस्तुति है। फिल्म 2027 में रिलीज होगी। इसके बाद उनकी अगली परियोजना 2050 – ए वॉर फॉर वॉटर होगी।

### पिता के पदचिन्हों पर चलकर समाजसेवा करते रहेंगे: विधायक

**महराजगंज।** फरेंदा के विधायक वीरेंद्र चौधरी के पिता स्व. इंद्रासन चौधरी की पुण्यतिथि बीते दिनों उनके गांव सिंहपुर अयोध्या में आयोजित की गई। जहां पिता के समाधि स्थल पर विधायक वीरेंद्र चौधरी व स्वजन, बन्धु-बांधव, इष्टमित्र एवं पार्टी के पदाधिकारियों ने नम आंखो से श्रद्धांजलि अर्पित की। भावुक श्रद्धांजलि पलो के बीच उन्होंने कहा कि पिता के पदचिन्हों पर चलकर समाजसेवा का पाठ पढ़ा, समाज सेवा करने में पीछे नहीं रहूंगा। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुबह नौ बजे से शुरू हुआ जहां स्वजन के साथ ही जिले भर के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता, सगे सम्बन्धी, नात-रिश्तेदार व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि पिता को हमेशा दूसरो की भलाई करते देख समाज के लोगों के लिए कुछ करने की प्रेरणा जागृत हुई। उन्होंने कहा कि पिता की विचारधारा को जनसेवा के माध्यम से आगे बढ़ाते रहेंगे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट, झिनकू चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप चौधरी, पूर्व प्रमुख विनोद चौधरी, डॉ. अजय चौधरी, राजदेव यादव, हनुमान प्रसाद, संदेश जायसवाल, सर्वेश कुमार, विनय तिवारी व योगेशधर दूबें मौजूद रहे।

### नए महाधिवक्ता एस.डी. संजय के चयन पर अधिवक्ताओं में हर्ष

**महराजगंज।** बिहार सरकार द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता एस.डी. संजय को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किए जाने पर महाराजगंज के अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अधिवक्ताओं ने उनकी नियुक्ति को न्यायिक व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक निर्णय बताया है। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि एस.डी. संजय विधि क्षेत्र के अनुभवी, विद्वान एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं। उन्होंने अपने लंबे विधिक अनुभव और कार्यकुशलता से देशभर में अलग पहचान बनाई है। उनके महाधिवक्ता बनने से राज्य की न्यायिक व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी तथा सरकार को कानूनी मामलों में प्रभावी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि एस.डी. संजय की कानूनी विशेषज्ञता और प्रशासनिक अनुभव राज्य के हित में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में न्यायिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उल्लेखनीय है कि एस.डी. संजय इससे पूर्व भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं। विधि एवं संवैधानिक मामलों में उनकी गहरी पकड़ के कारण उन्हें देश के प्रमुख विधि विशेषज्ञों में गिना जाता है। गौरतलब है कि पूर्व महाधिवक्ता पी.के. शाही के इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इसके बाद बिहार सरकार ने एस.डी. संजय को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किया है।

### चुनार पुल पे जाली लगाने के कार्य का क्षेत्रीय विधायक ने पूजन कर शिलान्यास किया



**चुनार, मिर्जापुर।** गंगा पक्का पुल पर जाली लगाने की मांग स्थानीय जनता की थी जो आज क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने बालू घाट पक्के पुल के पास पूजन शीलान्यास किया और कहां की चुनार का फूल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा उद्घाटन किया गया था पूल बनने के बाद लगातार आत्महत्या की शिकायतें सुनने में चली आ रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए अनुराग सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 90 लख रुपए जाली लगाने के लिए स्वीकृति प्रदान की जिसका टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और जाली बनना चालू हो गया है एक हफ्ते में काम पुल पर शुरू कर दिया जाएगा अगले दो महीने के भीतर जाली लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ह,विजय बहादुर सिंह,भाजपा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बचाऊ लाल सेठ, विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मंगरु साहनी, अभिलाष राय, ज्योति प्रकाश सिंह, अहरौरा प्रभारी चंद्रहास गुप्ता, मनीष राय,अखिलेश मिश्रा सभासद विकास कश्यप, जयंत दास एडवोकेट विजय गुप्ता, उपस्थित रहे।

# मंडी की नई ऐप और बढ़ते किराये के खिलाफ व्यापारियों ने खोला मोर्चा

- व्यापार मंडल ने सचिव को सौंपा ज्ञापन, समस्याएं न सुलझीं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी



**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आह्वान पर प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी के नेतृत्व में व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं मंडी व्यापारियों ने कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने नई मंडी ऐप व्यवस्था, दुकानों के किराये में प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत वृद्धि, लाइसेंस नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया और ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामियों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों का कहना था कि नई ऐप व्यवस्था बिना किसी पूर्व विचार-विमर्श के लागू कर दी गई है, जिससे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक एवं तकनीकी बोझ पड़ रहा है। उन्होंने दुकानों के किराये में हर वर्ष होने वाली पांच प्रतिशत वृद्धि को तत्काल समाप्त करने की मांग की। साथ ही वर्ष 2010 में मंडी निदेशालय द्वारा जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने और बी-श्रेणी सहित सभी दुकानों की किराया वृद्धि वापस लेने की मांग उठाई।

**ऑनलाइन भुगतान के बाद भी दिख रहा बकाया, सर्वर डाउन से बढ़ी परेशानी:** व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि मंडी के ऑनलाइन पोर्टल और ऐप में लगातार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। ऑनलाइन भुगतान के बाद भी बकाया राशि प्रदर्शित होती है, सर्वर बार-बार डाउन रहता है और रियल टाइम अपडेट नहीं मिल पाता। इससे व्यापारिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने इन समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग की।

इसके अलावा मंडी लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया को पूर्व की तरह सरल, पारदर्शी और व्यापारी हितैषी बनाने की मांग की गई। गारंटर एवं शपथ-पत्र जैसी नई शर्तों को अनावश्यक बताते हुए इन्हें समाप्त करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और मंडी प्रशासन की होगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, मुनेंद्र पाल सिंह, शिव कुमार सोनी, बलबीर सिंह सचदेवा, विनोद गुप्ता, विश्वनाथ राजपूत, विनोद मिश्रा, शिवम गुप्ता, अब्दुल हई खां, राम किशोर मिश्रा, शादाब मंसूरी, सन्नी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से होमगार्ड की मौत

- ड्यूटी से घर लौट रहे थे रामकुमार, भीखमपुर चौराहे पर हुआ हादसा

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रात्रि ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे एक होमगार्ड को भीखमपुर चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होमगार्ड की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान रामकुमार, उम्र 50 वर्ष, पुत्र विद्याराम, निवासी ग्राम नन्दलालपुर, थाना हैदराबाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामकुमार लखीमपुर में तैनात थे और रात्रि ड्यूटी पूरी कर सुबह करीब पांच बजे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर कस्बा भीखमपुर चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने घायल होमगार्ड को एम्बुलेंस से सीएचसी गोला भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी गुड्डी देवी, और बच्चों बबली देवी, करन, मधु देवी, अभिषेक पाल, नेहा पाल को छोड़ गए हैं।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के कूट रचित पत्र के सहारे आठ बने सिपाही

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे से चयनित आठ सिपाहियों पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर क्राइम ब्रांच जांच पड़ताल कर रही है। आरोप है कि उक्त रिक्रूट आरक्षी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के कूट रचित पत्र के सहारे नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2023 में भर्ती होकर नौकरी कर रहे हैं। एसआई राजेश कुमार यादव पूर्व आरटीसी प्रभारी पुलिस लाइंस की तहरीर पर नगर कोतवाली मे मुकदमा संख्या 320/26 धारा 318(4),319 (2),338,336(3),340(2) बीएनएस बनाम रिक्रूट आरक्षी अभिषेक पांडेय पुत्र मनोज कुमार पांडेय निवासी परमानपुर गौरा जिगना जनपद मिर्जापुर, शुभम दुबे पुत्र संजय दुबे निवासी जासा बधौरा विंध्याचल मिर्जापुर,रवि शंकर पुत्र प्रभु नाथ निवासी रामपुर हंशवार श्रीनिवास धाम जिगना जनपद मिर्जापुर,प्रदीप कुमार पुत्र इंद्रमणी निवासी धानी पट्टी सुपंथा मिर्जापुर, अजय कुमार पुत्र जीत नारायन निवासी जासा बधौरा पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर, खुशबू गुप्ता पुत्री राजेश गुप्ता निवासी भोसिंह का पुरा पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर, आकाश मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा निवासी सरोई तिवारी पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर, दिव्यांशु यादव पुत्र परमेश्वर यादव निवासी बथुआ महुआरिया कोतवाली कटरा मिर्जापुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।उक्त मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। साजिश की आड़ में नौकरी हासिल करने के खुलासे का पुलिस विभाग में सरगर्मी से चर्चा चल रही है।

# न्यायालय के आदेश पर 9 महीने बाद दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

- पंजाब से थाना हैदराबाद पहुंची पीड़िता ने की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग,
- बहन-बहनोई की मौत को बता रही हत्या, कई महीनों तक कार्रवाई न होने का आरोप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

संपत्ति विवाद से जुड़े बहुचर्चित दोहरे मौत प्रकरण में कई महीनों तक मुकदमा दर्ज न होने के बाद आखिरकार न्यायालय के हस्तक्षेप पर थाना हैदराबाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की शिकायतकर्ता ईशू मिश्रा उर्फ ईश्वरवती मिश्रा सोमवार को पंजाब से लखीमपुर खीरी पहुंचीं और पुलिस अधिकारियों से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा निष्पक्ष जांच की मांग की।

पीड़िता का आरोप है कि उनकी बहन सुनीला देवी उर्फ नीलम देवी और बहनोई राजबहादुर मिश्रा की सितंबर 2025 में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी, जिसे वह हत्या मानती हैं। उनका कहना है कि

> मामले से संबंधित थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील मलिक ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के पीछे संपत्ति विवाद प्रमुख कारण था। तहरीर के अनुसार, संतान न होने के कारण उनकी बहन ने अपनी कृषि भूमि का दानपत्र जनवरी 2025 में उनके पक्ष में कराया था। इसके बाद परिवार के कुछ लोगों ने कथित रूप से इसका विरोध शुरू कर दिया और जमीन अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाने लगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनकी बहन और बहनोई को लगातार प्रताड़ित किया गया तथा उन्हें जान का खतरा भी था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बहन-बहनोई की मौत के बाद उन्होंने कई बार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजे गए, लेकिन महीनों तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद थाना हैदराबाद पुलिस ने ईशू मिश्रा और भोलू मिश्रा के विरुद्ध हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुनील मलिक को सौंपी गई है। सोमवार को पंजाब से लखीमपुर खीरी पहुंची शिकायतकर्ता ने कहा कि मुकदमा दर्ज होना उनकी लड़ाई का पहला चरण है, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि कथित घटना के कई महीनों बाद न्यायालय के हस्तक्षेप पर एफआईआर दर्ज हुई है।

## भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह अपने पैतृक गांव पहुंचे, कार्यकर्ताओं से की संगठन और विकास पर चर्चा

**हलिया मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह गुरुवार की शाम अपने पैतृक गांव पहुंचे। आयोजित बैठक में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर संगठनात्मक मजबूती और स्थानीय विकास के मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सांसद का पारंपरिक स्वागत किया। चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और कृषि से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी सुझाव दिए।अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का मूल मंत्र सेवा, समर्पण और संगठन है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर सरकार के कार्यों को रखें और लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल कराएं।बैठक में क्षेत्रीय नेताओं, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने सांसद को आश्वस्त किया कि आगामी चुनावी और संगठनात्मक कार्यक्रमों में वे पूरी सक्रियता से जुटेंगे। इस दौरान राजयसभा सांसद प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय, श्याम बहादुर सिंह, विपुल सिंह, राकेश सिंह, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुआल में लगी आग, फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग पर पाया काबू



**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव में मवेशी के लिए खेत में किसान द्वारा रखे गए पुआल में शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिससे पुआल धू धू कर जलने लगा पुआल की तरफ से आग की लपटे देखकर किसान ने शो मचाया जब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाए जाने का प्रयास किया जाता तब तक आग बिकराल रूप धारण कर चुकी थी सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया है थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी किसान सीताराम यादव द्वारा मवेशियों को खिलाने के लिए घर के बगल में खेत में पुआल को रखा था की दोपहर में पुआल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई आग धीरे धीरे बिकराल रूप धारण कर बस्ती की तरफ बढ़ने लगी आग पर ग्रामीणों द्वारा काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना फायर बिग्रेड को दिया मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड छोटा वाहन के कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पाया है तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया है आगजनी की घटना से पुआल जलकर राख हो गया है।

## कांग्रेस कैंप कार्यालय पर धूमधाम से मना राहुल गांधी का जन्मदिन



**महराजगंज।** कांग्रेस कैंप कार्यालय आनंद नगर में धूमधाम से मनाया गया विपक्ष के नेता राहुल गांधी का जन्म दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के फरेन्दा विधायक वीरेंद्र चौधरी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि आज देश संक्रमण काल से गुजर रहा है संविधान और लोकतंत्र पर हमला हो रहा है जिसके खिलाफ राहुल गांधी पूरे देश में संघर्षरत हैं पेपर लीक और परीक्षाओ में पारदर्शिता की कमी से व्याप्त युवाओं के आक्रोश का जिक्र करते हुए उन्होंने युवाओ से आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल, डॉ. रामनारायण चौरसिया, राजेश मौर्य, हनुमान कनौजिया, रमेश श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, अमरमणि पासवान, संदेश जायसवाल, अरविंद यादव, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद विधायक ने सी एच सी बनकटी पहुंचकर मरीजों में फल वितरित किए और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.पी. सोनकर से अस्पताल अपग्रेड पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर इस मांग को रखा जाएगा।

## नई परंपराओं व गैर-परंपरागत जुलूसों को नहीं मिलेगी अनुमतिः डीएम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



मोहर्रम समेत आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराया जाएगा तथा किसी भी नई परंपरा और गैर-परंपरागत जुलूस को अनुमति नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आयोजक प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट एवं समय-सारिणी का अनिवार्य रूप से पालन करें। जुलूसों में डीजे की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए तथा ताजियों की ऊंचाई भी तय मानकों के अनुसार हो। उन्होंने झंडे लगाने में धातु अथवा विद्युत चालक सामग्री का प्रयोग न करने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की विशेष निगरानी है। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुलूसों के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सभी एसडीएम और सीओ को संवेदनशील क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण करने तथा सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों से अनावश्यक झंडे, पोस्टर और बैनर हटाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को जुलूस मार्गों पर लटकते और जर्जर तारों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि आयोजनों में अनुशासन बनाए रखें और किसी नई परंपरा की शुरुआत न करें। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. प्रशांत कुमार, एएसपी सिद्धार्थ, सभी एसडीएम, सीओ, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा धर्मगुरु उपस्थित रहे।

### बी-पैक्स केंद्र में लाखों की चोरी का मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बघमरा स्थित बी-पैक्स केंद्र जड़ौरा में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार शाम करीब चार बजे सचिव और कर्मचारी खाद वितरण एवं लेखा जोखा का कार्य पूरा कर कार्यालय बंद करके चले गए थे। मंगलवार सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला था। अंदर जाकर देखा तो कार्यालय में रखा इन्वर्टर, बैटरी, सीलिंग पंखा, एलसीडी, डेस्कटॉप कंप्यूटर, प्रिंटर, ई-पॉस मशीन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण गायब थे। थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया कि समिति सचिव की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम साक्ष्य जुटाने और आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु मां बेल्हा देवी धाम में योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**



आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के उद्देश्य से मां बेल्हा देवी मंदिर धाम परिसर में योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष, गौरव, शक्ति एवं अवध द्वारा किया गया।कार्यक्रम में आयुष विभाग के प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी दी। आयोजन में तरुण चेतना संस्थान के अध्यक्ष मो. नसीम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लायंस क्लब के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में भी सहयोग की अपेक्षा जताई।कार्यक्रम में लायंस क्लब गौरव के डॉ. पीयूष कांत शर्मा एवं शिशिर खरे तथा लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के प्रशासक संतोष भगवन ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला।योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. जय प्रकाश, डॉ. सिमी गुप्ता, डॉ. आकांक्षा पाण्डेय, डॉ. ब्रह्मानंद, अशोक पाण्डेय, राजेश मिश्रा, राकेश कुशवाहा, सचिन श्रीवास्तव, पंकज सिंह, देवाशीष, रमेश पटेल, पूनम तिवारी, वंदिता सिंह, सुनीता सिंह एवं चेतना मिश्रा सहित आयुष विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आरबी सिंह, अशोक प्रताप सिंह, डॉ. श्याम शंकर शुक्ल, राजेश बहादुर पाल, दिनेश प्रताप सिंह, हरिशंकर सिंह 'हैप्पी', संतोष पाण्डेय, पिंकी दयाल, अनीता पाण्डेय, सोनी पाण्डेय, अंजू तिवारी, कृष्णानन्द त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, रणविजय सिंह, राजेश पाण्डेय, राम लखन सिंह, सरिता पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बेल्हा देवी मंदिर के सहयोगी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत मिर्जापुर में उद्योगपतियों से मिले राष्ट्रीय महासचिव

**मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा**



**हलिया मिर्जापुर।** विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने शुक्रवार को मिर्जापुर में उद्योगपति देवेश गिरी , अशोक केसरवानी एवं विक्रम जैन से भेंट कर संवाद किया। बैठक में मोदी सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्षों में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। टैक्स सुधार, विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और नवीन पोर्ट निर्माण जैसी परिवर्तनकारी उपलब्धियों को लेकर उद्योगपतियों ने संतोष व्यक्त किया। सभी ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उद्योगपतियों ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से व्यापार और उद्योग को नई गति मिली है, जिससे स्थानीय स्तर पर भी निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी साहित्य सामग्री भी उद्योगपतियों को सौंपी। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।